सूर्योदय 7:13 सूर्यास्त 5:52

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 6.2 न्यू | 18.0 अधि |
| धर्मशाला | 5.0 न्यू | 18.2 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76404.99 |
| निफ्टी | 23155.35 |
| सोना 82,090 | चांदी 93,758 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




सहकारी क्षेत्र के लिए प्रदेश को उदारतापूर्ण धनराशि प्रदान कर केंद्र : मुकेश अग्निहोत्री

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 23 जनवरी 2025 | 10 माघ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 26, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### मथुरा शाही ईदगाह के सर्वेक्षण पर रोक बढ़ी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक बढ़ा दी, जिसमें मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद परिसर का अदालत की निगरानी में सर्वेक्षण करने की अनुमति दी गई थी। यह परिसर कृष्ण जन्मभूमि मंदिर के बगल में स्थित है। भारत के प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की पीठ ने कहा कि वह मस्जिद परिसर के अदालत की निगरानी में सर्वेक्षण के खिलाफ 'ट्रस्ट शाही मस्जिद ईदगाह प्रबंधन समिति' की याचिका पर सुनवाई एक अप्रैल से शुरू होने वाले सप्ताह के लिए स्थगित करेगी। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि शीर्ष अदालत में अभी तीन मुद्दे लंबित हैं। एक अप्रैल से शुरू होने वाले सप्ताह के लिए सूचीबद्ध करें।

### माइकल मार्टिन दूसरी बार बनेंगे आयरलैंड के पीएम



**डबलिन।** माइकल मार्टिन दूसरी बार आयरलैंड के प्रधानमंत्री बनेंगे। सांसदों ने गठबंधन सरकार के प्रमुख के रूप में उन्हें मंजूरी दी। चुनाव में मार्टिन की 'फियाना फेल' पार्टी ने सबसे अधिक सीटें जीती थीं, लेकिन उसे इतनी सीट नहीं मिली थी कि वह अपने बलबूते सरकार बना सकें। लंबी बातचीत के बाद दक्षिणपंथी पार्टियां 'फियाना फेल' और 'फाइन गाएल' कई निर्दलीय सांसदों के समर्थन से गठबंधन बनाने पर सहमत हो गईं।

### कोलकाता रेप-मर्डर केस की सुनवाई 29 को

**नई दिल्ली।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप-मर्डर मामले की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 29 जनवरी तक के लिए टाल दी गई है। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच इस मामले को सुनेगी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को लेकर खुद संज्ञान लिया था। सुप्रीम कोर्ट ट्रेनी डॉक्टर के माता-पिता की याचिका पर भी सुनवाई करेगा, जिसमें उन्होंने कहा था कि सीबीआई की जांच से सहमत नहीं है। 2 दिन पहले पहले सेशंस कोर्ट ने संजय रॉय को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

### चंडीगढ़ ग्रेनेड विस्फोट मामले में 16 स्थानों पर रेड




**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ ब्लास्ट केस को लेकर एनआईए ने बुधवार सुबह पंजाब, यूपी और उत्तराखंड में 16 जगहों पर छापे मारे। इनमें पंजाब के 14 और उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड में 1-1 लोकेशन पर एनआईए की टीम पहुंची। सितंबर 2024 में चंडीगढ़ में हुए ब्लास्ट में पाकिस्तानी आतंकी हरविंदर सिंह और अमेरिका में रह रहे आतंकी हरप्रीत सिंह का नाम आया था।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- 105.43 ग्राम हेरोइन सहित पठानकोट निवासी गिरफ्तार -पेज 3
- आईटीबीपी जवान को नम आंखों से दी अंतिम विदाई -पेज 4
- कुटलैहड़ के दूरदराज क्षेत्रों में बस सेवा बंद होने से रोष -पेज 10
- मध्यम वर्ग 'कर आतंकवाद' का शिकार : केजरीवाल -पेज 13
- गेंदबाजों की आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार बुमराह -पेज 14


# महाकुंभ: सीएम योगी ने त्रिवेणी संगम में कैबिनेट संग किया स्नान

**महाकुंभ** नगर में बुधवार को मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ कैबिनेट मंत्रियों के साथ त्रिवेणी संगम पहुंचे और डुबकी लगाई। सीएम योगी ने स्नान के बाद आरती-पूजा भी की। वहीं, योगी को देखने के लिए संगम पर भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान जय गंगा मइया के उद्घोष लगे। योगी ने 'एक्स' पर लिखा कि महाकुंभ 2025 के महासमागम में त्रिवेणी संगम पर स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मां गंगा, यमुना और सरस्वती सभी का कल्याण करें। स्नान के बाद मुख्यमंत्री ने मंत्रियों के साथ प्रवासी पक्षियों को दाना खिलाया।




दिल्ली-एनसीआर की तरह होगा प्रयागराज-वाराणसी और चित्रकूट का समग्र विकास

### 7 जिलों का नया धार्मिक सर्किट बनाने का ऐलान

यूपी में 7 जिलों को मिलाकर नया धार्मिक सर्किट बनेगा। योगी ने बैठक के बाद यह ऐलान किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक सर्किट में प्रयागराज, काशी, चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर, मिर्जापुर और भदोही जिले शामिल होंगे।

### 10वां दिन : 30.47 लाख लोगों ने किया स्नान

महाकुंभ के 10वें दिन बुधवार को 30.47 लाख लोगों ने स्नान किया। अब तक 9.5 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं।

### ड्रोन से बनेगा 'शिव का डमरू' 24 और 26 जनवरी को होगा शो



**महाकुंभ** में श्रद्धालुओं के लिए हरसंभव इतंजाम किए जा रहे हैं। प्रशासन की कोशिश है कि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा न हो, उसके लिए हरसंभव कोशिश की जा रही है। इसके अलावा, यूपी प्रशासन की कोशिश है कि मेले में आने वाले श्रद्धालु यहां से सुखद याद लेकर लौटें। श्रद्धालुओं की सुखद याद के लिए प्रशासन की कोशिश है कि उन्हें सनातन की समृद्ध विरासत से परिचित कराया जाए। ऐसे में महाकुंभ प्रयागराज में आने वाले देश-विदेश के श्रद्धालुओं के लिए प्रशासन की ओर से 24 से 26 जनवरी तक ड्रोन शो का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भगवान शिव का डमरू नजर आएगा।

# मामलों को लंबित रखने की प्रथा विलंबित भ्रष्टाचार : सुक्खू

## कहा- सरकार के लिए 2025 प्रदर्शन वर्ष सभी अधिकारी-कर्मचारी करें सहयोग

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को धर्मशाला में अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सरकार की प्रमुख परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने और उन्हें समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

योजनाओं को समय पर पूरा करने के दिए निर्देश

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वर्ष 2025 राज्य सरकार के लिए 'प्रदर्शन वर्ष' है और सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को राज्य के विकास के लिए अपना पूरा सहयोग देना चाहिए। अधिकारियों से मामलों में देरी करने की प्रथा को समाप्त करने को कहा और इसे 'विलंबित भ्रष्टाचार' बताया। उन्होंने कहा कि सरकार सभी योजनाओं के लिए बजट उपलब्ध करवा रही है, ताकि विकास के लिए संसाधनों की कोई कमी न रहे। हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार के लक्ष्य को दोहराया और सभी विभागों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि कल्याणकारी योजनाएं पात्र लाभार्थियों तक पहुंचे। विभागों को वित्तीय वर्ष के भीतर आवंटित धन का पूरा उपयोग करने के निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित कर रही है और लोगों को उनके घर-द्वार के निकट बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य संस्थानों के लिए आधुनिक उपकरण खरीदने के लिए आने वाले महीनों में 1500 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों की ओर से बनाए उत्पादों के बेहतर विपणन के निर्देश दिए और जिले के शहरी क्षेत्रों में शॉपिंग कांप्लेक्स में कुछ दुकानें महिला स्वयं सहायता समूहों को आवंटित करने को कहा, ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके। बीपीएल परिवारों के लिए चयन मानदंड बदला जा रहा है, आय सीमा बढ़ाकर 1-50 लाख रुपए सालाना की जाएगी और इस साल अप्रैल में सर्वेक्षण शुरू होगा। (अनंत ज्ञान)



धर्मशाला में बुधवार को अधिकारियों के साथ विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा करते मुख्यमंत्री सुक्खू।

# 5 साल और जारी रहेगा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

## केंद्र ने कच्चे जूट का एमएसपी 6 फीसदी बढ़ाया, 5650 रुपए प्रति क्विंटल तय

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने बुधवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को अगले पांच साल तक जारी रखने की मंजूरी दे दी। वहीं, विपणन सत्र 2025-26 के लिए कच्चे जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को छह फीसदी बढ़ाकर 5,650 रुपए प्रति क्विंटल तय किया। यह कच्चे जूट के पिछले एमएसपी से 315 रुपए प्रति क्विंटल यानी छह प्रतिशत अधिक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला किया गया। बैठक के बाद वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह जानकारी दी। गोयल ने कहा कि नया एमएसपी अखिल भारतीय भारांश औसत उत्पादन लागत पर 66.8 प्रतिशत 'रिटर्न' को सुनिश्चित करता है जिससे जूट उत्पादकों को लाभ होगा। सरकार ने कच्चे जूट पर एमएसपी को 2014-15 के 2,400 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 2025-26 विपणन सत्र के लिए 5,650 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया है, जो 2.35 गुना वृद्धि है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी



गोयल ने बताया कि 2021 से 2022 के बीच लगभग 12 लाख स्वास्थ्य कर्मी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से जुड़े और भारत ने एनएचएम के तहत कोविड-19 महामारी के खिलाफ डटकर लड़ाई लड़ी।

### कर्नाटक में सड़क हादसे में 10 लोगों की जान गई

उत्तर कन्नड़। कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के येल्लापुरा में बुधवार सुबह एक ट्रक 50 मीटर गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 15 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि सावनूर से फल और सब्जियां ले जा रहे ट्रक में 25 से ज्यादा लोग सवार थे। येल्लापुर में लगे मेले में इन फल-सब्जियों को पहुंचाया जा रहा था। वहीं, पीएम नरेंद्र मोदी ने उत्तर कन्नड़ जिले में सड़क हादसे में 10 लोगों की मौत पर दुख जताया और पीड़ित परिवारों के लिए अनुग्रह राशि की घोषणा की। प्रत्येक मृतक के परिवार को दो लाख रुपए व घायलों को 50-50 हजार रुपए देने की घोषणा की।

## आग की अफवाह पर ट्रेन से उतरे यात्री; दूसरी ने रौंदा, 12 की मौत



**एजेंसी, मुंबई**

**महाराष्ट्र** के जलगांव में बुधवार शाम को बड़ा ट्रेन हादसा पेश आया। परधाड़े रेलवे स्टेशन पर पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैल गई।

घबराए यात्री ट्रेन से कूद गए। इसी दौरान दूसरे ट्रैक पर आ रही कर्नाटक संपर्क क्रांति एक्सप्रेस ने कई यात्रियों को कुचल दिया। इस हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई घायल हुए हैं। सीएम फडणवीस ने इस हादसे पर दुख जताया। केंद्रीय मंत्री रक्षा खड़से ने कहा कि जानकारी के अनुसार, मरने वाले लोगों की संख्या 40 तक पहुंच सकती है।

इसरो ने पहले प्रयास में हासिल की बड़ी उपलब्धि

## मानवरहित मिशन के लिए अंतरिक्ष में भेजा क्रू मॉड्यूल

**एजेंसी, बेंगलुरु**

**इसरो** के द्रव प्रणोदन प्रणाली केंद्र (एलपीएससी) ने द्रव प्रणोदन प्रणाली के एकीकरण को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद गगनयान के पहले मानवरहित मिशन के लिए क्रू मॉड्यूल को अंतरिक्ष की कक्षा के लिए रवाना किया है।

गगनयान अंतरिक्ष में मानव मिशन भेजने की क्षमता हासिल करने की दिशा में इसरो का पहला प्रयास है। इसरो गगनयान परियोजना के तहत मानवयुक्त चालक दल को रवाना करने से



पहले अंतरिक्ष में एक मानवरहित मिशन भेजने की योजना बना रहा है। इसरो ने कहा कि 21 जनवरी को एलपीएससी ने द्रव प्रणोदन प्रणाली के एकीकरण को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद मानवरहित मिशन के लिए क्रू मॉड्यूल को अंतरिक्ष रवाना किया।

## सैफ की 15,000 करोड़ की संपत्ति पर सरकार का दावा

**एजेंसी, मुंबई**

**बॉलीवुड** अभिनेता सैफ अली खान का परिवार एक बड़े विवाद में फंसा है। मध्य प्रदेश में उनकी पैतृक संपत्तियों, जिनकी कीमत करीब 15,000 करोड़ रुपए है, उस पर सरकार ने नजरें गड़ा दी हैं।



गौरतलब है कि भोपाल के आखिरी नवाब हमीदुल्ला खान की सबसे बड़ी बेटी अबीदा सुल्तान 1950 में पाकिस्तान चली गईं। उनकी दूसरी बेटी साजिदा सुल्तान भारत में रहीं और नवाब इफ्तिखार अली खान पटौदी से शादी की। साजिदा को इन शाही संपत्तियों की कानूनी वारिस माना गया। बाद में ये संपत्तियां उनके पोते सैफ अली खान तक पहुंचीं। अब सरकार का दावा है कि ये संपत्तियां 'दुश्मन संपत्ति के दायरे में आती हैं, क्योंकि अबीदा पाकिस्तान चली गई थीं। हाल ही में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने इन संपत्तियों पर 2015 से लगी रोक हटा दी। अदालत ने कहा कि इस मामले का हल 'दुश्मन संपत्ति अधिनियम 1968' के तहत हो सकता है। कोर्ट ने सभी पक्षों को 30 दिन के अंदर अपनी अपील दाखिल करने का मौका दिया है।

पहरा | पैराग्लाडिंग हादसों से सबक लेकर प्रशासन ने एसोसिएशन के साथ हुई बैठक में लिया फैसला

# इंद्रुनाग में शाम छह बजे के बाद पैराग्लाडिंग बैन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**इंद्रुनाग** धर्मशाला पैराग्लाइडिंग साइट पर शाम 6 बजे के बाद उड़ान भरने पर बैन लगा दिया है। पैराग्लाइडिंग के दौरान हो रहे हादसों व हाल में एक युवती की मौत के चलते बुधवार को एसडीएम की अध्यक्षता में हुई इंद्रुनाग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन की बैठक में यह फैसला लिया गया।

इंद्रुनाग पैराग्लाइडिंग साइट में शनिवार को गुजरात की युवती की उड़ान भरने के दौरान संतुलन बिगड़ने से मौत हो गई थी। बैठक में प्रशासन और पैराग्लाइडिंग कंपनियों के ऑपरेटरों ने सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के लिए कई सुझाव दिए। अगले दो दिनों में सभी ऑपरेटरों से सेफ्टी प्लान के सुझाव भी मांगे हैं। इसके अलावा, साइटों पर समय-समय पर जांच की जाएगी और पैराग्लाइडिंग के नियमों को सख्ती से लागू किया जाएगा। मौसम खराब होने की परिस्थिति में शाम 5 बजे के बाद पैराग्लाइडिंग गतिविधियां नहीं करवाई जाएंगी।

एसडीएम धर्मशाला संजीव भोट ने बताया कि इंद्रुनाग पैराग्लाइडिंग साइट पर हुए हादसे के बाद प्रशासन और धर्मशाला की पैराग्लाइडिंग कंपनियों के ऑपरेटरों ने सुरक्षा को लेकर अपने सुझाव रखे। फैसला लिया कि शाम 6 बजे के बाद कोई भी उड़ान नहीं होगी। 2 दिन में कंपनियों के ऑपरेटरों से सेफ्टी प्लान के लिए सुझाव मांगे हैं। पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन इंद्रुनाग के अध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि सुरक्षा को लेकर नियमों की पालना करने के साथ और बेहतरीन सुरक्षा कदमों को उठाने पर भी चर्चा की गई।



### इन बातों का रखें ध्यान

- पैराग्लाइडिंग से पहले पायलट का लाइसेंस और कंपनी की जानकारी हासिल करें।
- पायलट से सेफ्टी से जुड़ी जानकारी लें।
- पायलट के निर्देशों का पालन करें।
- अगर आपको कोई असुविधा या चिंता हो, तो तुरंत पायलट को बताएं।
- उड़ान के दौरान फोन का इस्तेमाल न करें।
- स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में पायलट को बताएं।
- सेफ्टी गाइडलाइन का ध्यान रखें।
- हेलमेट और हार्नेस जैसे उपकरणों की जांच करें कि वे प्रमाणित हैं या नहीं।
- उड़ान के दौरान आराम करें और अनुभव का आनंद लें।
- उड़ान के दौरान शांत और केंद्रित रहें।

PARTAP WORLD SCHOOL



25% discount on admission fee on 21st, 22nd, 23rd January, 2025 on the occasion of Annual Ceremony of Shri Ram Lalla Ji in Ayodhya

ONLY ON NEW ADMISSION SPECIAL OFFER

25% Admission Fee

No Registration Fee

PRE-NURSERY TO 12TH Std.

Contact us : 9418006177, 8350990006
www.facebook.com/partapworldschoolindora
V & P. O. Chanour, Teh. Indora, Distt. Kangra (H.P.)

## न्यूज ब्रीफ

### 100 श्रमिकों को मिले इंडक्शन चूल्हे



**अनंत ज्ञान सुजानपुर।** हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड ने सुजानपुर के चौगान में कामगारों के लिए जागरूकता एवं सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें विधायक के. रणजीत सिंह मुख्यातिथि और बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव कंवर विशेष अतिथि रहे। विधायक रणजीत सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार आम लोगों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और सुजानपुर में सभी विकास योजनाओं को तेजी से पूरा किया जाएगा। बोर्ड अध्यक्ष नरदेव कंवर ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार कामगार कल्याण बोर्ड की सभी 13 योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि और विशेष अतिथि ने लगभग 100 श्रमिकों को इंडक्शन चूल्हे वितरित किए। श्रम कल्याण अधिकारी रश्मि ठाकुर ने अतिथियों और कामगारों का स्वागत करते हुए बोर्ड की योजनाओं की जानकारी दी। इसके बाद विधायक रणजीत सिंह और नरदेव कंवर ने धौलासिद्ध जलविद्युत परियोजना स्थल का दौरा कर श्रमिकों को बोर्ड की पंजीकरण कॉपियां वितरित कीं।

### बड़सर में संविधान संरक्षण का लिया संकल्प



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र में संविधान गौरव अभियान के तहत कड़साई पंचायत और कुल्हेड़ा पंचायत के में विशेष कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर मुख्यातिथि रहे, जबकि विधायक इंद्रदत्त लखनपाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यशाला में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के अतुलनीय योगदान और भारतीय संविधान की शक्ति परउ चर्चा की गई। विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कहाकि भारतीय संविधान लोकतंत्र की मजबूत नींव है, लेकिन कांग्रेस ने अपने शासनकाल में इसे कमजोर करने का प्रयास किया। भाजपा ने संविधान को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि हमारा संविधान दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की नींव है। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने संविधान के आदर्शों को अपनाने और लोकतंत्र की रक्षा के लिए सतर्क रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष संजीव शर्मा, यशवीर पटियाल, उपप्रधान इंद्रजीत, पंकज ढटवालिया, जिला परिषद सदस्य संजीव शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### बच्चों को यातायात नियमों की दी जानकारी



**अनंत ज्ञान, जाहू।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ में प्रधानाचार्य देशराज कमल की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा क्लब ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें भोरंज थाना प्रभारी के मुख्य आरक्षी विनोद बन्याल ने स्कूली बच्चों और अध्यापकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। विनोद बन्याल ने बताया कि अधिकतर सड़क दुर्घटनाएं यातायात नियमों की अवहेलना के कारण होती हैं। तेज गति से वाहन चलाना, हेलमेट न पहनना और लापरवाही से वाहन चलाना दुर्घटनाओं के मुख्य कारण हैं। उन्होंने छात्रों से अपील की कि बिना लाइसेंस के वाहन न चलाएं और सड़क पार करते समय सावधानी बरतें। थाना प्रभारी ने युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहा है, लेकिन समाज को भी इसमें सहयोग देने की जरूरत है। इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य सुभाष कपिल, आरक्षी संजय कुमार, सड़क सुरक्षा क्लब प्रभारी चमन लाल, वरिष्ठ प्रवक्ता मणी राम शर्मा, मनोज कुमार, वीना वर्मा, अशोक गुलेरिया, संजीव कुमार और सुनील दत्त सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### तकनीकी विवि में छात्रों को मिले प्रमाण पत्र



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा संचालित संस्कृत अध्ययन केंद्र से डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स पूरा करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. जयदेव ने की। प्रो. जयदेव ने प्रमाण पत्र वितरित करते हुए कहा कि संस्कृत देववाणी है और इसे दैनिक जीवन में शामिल करने का प्रयास करना चाहिए, ताकि अगली पीढ़ी इसे सहजता से बोल और समझ सके। संस्कृत अध्ययन केंद्र के प्राध्यापक कमलाकांता ने बताया कि पिछले वर्ष करीब 100 विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और अन्य ने इन पाठ्यक्रमों में पंजीकरण किया था। नए शैक्षणिक सत्र में अब तक 20 विद्यार्थियों ने नामांकन कराया है।

### नादौन में एसएचओ ने दिया सतर्कता का संदेश



**अनंत ज्ञान, नादौन।** रावमापा कन्या नादौन में सड़क सुरक्षा जागरूकता पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नादौन के एसएचओ निर्मल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय में नारा लेखन, निबंध लेखन, पेंटिंग तथा भाषण जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। एसएचओ निर्मल सिंह ने छात्रों को यातायात नियमों का पालन करने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने और सड़क पर सतर्क रहने की सलाह दी। कार्यक्रम में उप-प्रधानाचार्य परमजीत सिंह, निर्णायक मंडल के सदस्य राजेश कुमार, राकेश कुमार, नीना धीमान, वनिता, अजय कु मार सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### लोगों को बैंक फ्रॉड से सचेत रहने का आह्वान




**अनंत ज्ञान, बड़सर।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक चकमोह के सौजन्य से ग्राम पंचायत समैला में एनआरईजीएनडीआरडी द्वारा वित्त पोषित एफएलसी कैंप का आयोजन किया गया। कैंप के दौरान वरिष्ठ शाखा प्रबंधक विनोद कुमार ने उपस्थित जन समूह को बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि आजकल साइबर क्राइम बहुत बढ़ गया है, अगर आपको कोई व्यक्ति बैंक कर्मचारी कहकर फोन करता है तो ऐसे में कोई भी जानकारी साझा ना करें। सर्वप्रथम बैंक शाखा में जाकर इसकी जानकारी साझा करें ताकि फ्रॉड होने से बचा जा सके। उन्होंने बैंक की जमा योजना बीमा एटीएम के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी सांझा की। इस अवसर पर समैला पंचायत प्रधान कुलवंत सिंह, सुरेंद्र कुमार, पुष्पा देवी, सपना कुमारी कांता देवी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# भोटा अस्पताल में रात्रिकालीन आपात सेवाएं बंद

## विधायक लखनपाल ने स्वास्थ्य सेवाओं के चरमराने के लिए सचिव को ठहराया जिम्मेदार

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

बड़सर विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले भोटा सरकारी अस्पताल में रात्रि आपातकालीन सेवाएं बंद करने का मामला गरमाता जा रहा है। इस निर्णय के विरोध में विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इसे जनता के स्वास्थ्य अधिकारों के खिलाफ बताया और सरकार को चेताया कि यदि अस्पताल में 24 घंटे सेवाएं बहाल नहीं की गईं, तो वे धरना-प्रदर्शन करेंगे।



भोटा अस्पताल में रात्रि की आपातकालीन सेवाएं बंद होने से मरीज परेशान हैं।

विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि भोटा अस्पताल में आसपास की 15 पंचायतों के लोग इलाज के लिए आते हैं, लेकिन सरकार ने सुबह 9 से शाम 5 बजे तक ही सेवाएं सीमित करने का फैसला किया, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जब से कांग्रेस सरकार सत्ता में आई है, पूरे प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मांग की कि स्वास्थ्य सचिव को पद से हटाया जाए, क्योंकि वे प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में पूरी तरह विफल साबित हुए हैं। लखनपाल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में गिरावट के लिए सचिव जिम्मेदार हैं और सरकार को तुरंत कड़े फैसले लेने चाहिएं।

भोटा अस्पताल में रात्रि को आपातकालीन सेवाओं के बंद होने से स्थानीय लोगों में भारी रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि रात्रि आपातकालीन सेवाएं बंद होने से मरीजों को हमीरपुर या अन्य बड़े अस्पतालों में जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे कई बार गंभीर मरीजों की जान पर भी बन आती है। अब देखना होगा कि सरकार इस मुद्दे पर क्या कदम उठाती है और क्या भोटा अस्पताल में 24 घंटे आपातकालीन सेवाएं फिर से शुरू होती हैं या नहीं।

बड़सर के विधायक ने सरकार को स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि भोटा अस्पताल की आपातकालीन सेवाओं को बहाल नहीं किया गया, तो वे जनता के साथ मिलकर सरकार के खिलाफ बड़ा विरोध-प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाएं किसी भी नागरिक का मूल अधिकार हैं और सरकार को इसमें लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए।

उन्होंने सरकार को आगाह करते हुए कहा कि यदि हमारी मांगों को नजरअंदाज किया गया, तो यह विरोध और तेज होगा। सरकार को चाहिए कि वह जनता की परेशानी को गंभीरता से ले और तुरंत उचित कदम उठाए। (अनंत ज्ञान)

### बिझड़ी अस्पताल में डॉक्टरों की कमी

विधायक लखनपाल ने बिझड़ी के सीएचसी अस्पताल की स्थिति पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि यहां डॉक्टरों की भारी कमी है, जिससे लोगों को इलाज के लिए दूरदराज के अस्पतालों में जाना पड़ता है। उन्होंने सरकार से मांग की कि अगर जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो जनता के साथ सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया जाएगा।

# कांगू-धनेटा की 11 पंचायतों की मेधावी बेटियों को किया सम्मानित



मेधावी छात्राओं के साथ गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, नादौन**

बाल विकास परियोजना नादौन के तत्वावधान में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' के दस वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को कांगू और धनेटा क्षेत्र की ग्यारह पंचायतों बढेड़ा, बटराण, मझेली, सनाही, मालग, धनेटा, भदरूं, ग्वालपत्थर, पनसाई, हथोल तथा मनसाई की 33 मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना अधिकारी संजय गर्ग ने की। उन्होंने अन्य बच्चों को भी इनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

इस अवसर पर इन बेटियों के अविभावक, वृत पर्यवेक्षक भागीरथ, सिद्धार्थ, क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावकों ने भी बच्चियों को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के लिए विभाग के इन प्रयासों की सराहना की।

### स्वतंत्रता सेनानी की पत्नी के निधन पर दी सहायता

**अनंत ज्ञान भोरंज।** उपमंडल भोरंज के गांव ठारा (भलवानी) निवासी स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय सुखराम की पत्नी जीतो देवी का गत 21 जनवरी को निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार 22 जनवरी को किया गया। प्रशासन की ओर से परिवार को 20,000 रुपए की फौरी राहत राशि प्रदान की गई। जाहू के पूर्व प्रधान रोशन लाल शर्मा ने मृतका की शिनाख्त की, जबकि नायब तहसीलदार पृथि चंद ने स्वतंत्रता सेनानी के बेटे रमेश चंद को यह सहायता राशि सौंपी। इस अवसर पर प्रशासन ने शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं और पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया गया।

# पंजाब की तर्ज पर हिमाचल में मिले डॉक्टरों को हक और मान-सम्मान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हमीरपुर मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष और राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ के उपाध्यक्ष डॉक्टर सुरेंद्र सिंह डोगरा ने पंजाब सरकार के उस निर्णय का स्वागत किया है, जिसमें पंजाब के डॉक्टरों को अब पदोन्नति मिलेगी। वर्षों से रुकी हुई एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन स्कीम (एसीपी) की बहाली के बाबत पंजाब सरकार ने सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी है।



डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने कहा कि यह फैसला डॉक्टरों के लिए हितकारी और मानसिक संतुष्टि देने वाला और उनके स्वाभिमान के पक्ष में है। पंजाब मेडिकल ऑफिसर संघ की एकजुटता और भविष्य में आने वाली डॉक्टर पीढ़ियों के लिए किए गए संघर्ष को डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने सराहा और इस जीत की शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही हिमाचल प्रदेश सरकार से अपील की कि यहां भी इसी तर्ज पर डॉक्टरों को हक और मान-सम्मान मिले।

डॉ. डोगरा ने कहा सरकारें कर्मचारियों के प्रति संवेदनशीलता करती हैं लेकिन अफसरशाही स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ सौतेला व्यवहार करती हैं और गुमराह करती हैं, जबकि उनकी अपनी फैसिलिटीज में कोई कमी नहीं होती है। स्वास्थ्य विभाग में बहुत सी जगहों पर डॉक्टरों को रहने के लिए आवास तक नहीं होता है, स्टाफ की कमी के चलते भी अपनी सेवाएं दुर्गम परिस्थितियों में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में देते हैं। संघ हमेशा अपनी जायज मांगों के लिए आवाज उठाता रहा है जिससे स्वास्थ्य सेवाएं और बेहतरीन मुहैया हो सकें।

# बचत भवन के विश्रामगृह, दुकान और कमरे की बोली 5 को

**अनंत ज्ञान हमीरपुर।** बचत भवन परिसर हमीरपुर की पहली मंजिल में 6 कमरों के विश्रामगृह एवं रसोई, बचत भवन की पहली मंजिल पर बाजार की तरफ नवनिर्मित दुकान एवं बरामदे और उपायुक्त कार्यालय परिसर की पार्किंग की पहली मंजिल पर निर्मित एक कमरे एवं खाली जगह को मासिक किराये पर आवंटित किया जाएगा। इनकी नीलामी प्रक्रिया 5 फरवरी को सुबह 11 बजे बचत भवन में पूर्ण की जाएगी। इसके लिए तीन अलग-अलग नीलामी सूचनाएं जारी की गई हैं।

उपायुक्त की सहायक आयुक्त और जिला बचत विकास एवं सेवा समिति की सचिव अपराजिता चंदेल ने बताया कि नीलामी के नियमों एवं शर्तों के संबंध में अधिक जानकारी के लिए सहायक आयुक्त कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# बड़सर में महिला ने लगाया धोखाधड़ी का आरोप

**अनंत ज्ञान,हमीरपुर**

थाना बड़सर, जिला हमीरपुर में एक महिला की शिकायत पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार, उनके पति कमेटी डालते थे और संबंधित व्यक्ति ने सभी दुकानदारों से ब्लैंक चेक लिए थे। अब उक्त व्यक्ति ने सात लाख रुपए के चेक का मामला कोर्ट में दायर कर दिया है, जबकि असल बकाया राशि मात्र 52,500 रुपऐ थी। इस कारण शिकायतकर्ता के पति मानसिक रूप से परेशान हैं। मामले की जांच जारी है।

**भोरंज में जातिसूचक गालियों और हमले का मामला :** थाना भोरंज में एक व्यक्ति की शिकायत पर जातिसूचक गालियां देने और हमले का मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार, गांव के ही एक व्यक्ति ने उन पर हमला किया और अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला थाना हमीरपुर में नाबालिग के लापता होने की शिकायत

महिला थाना जिला हमीरपुर में एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग बेटी के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता के अनुसार, उनकी बेटी 20 जनवरी को बिना बताए घर से चली गई और अभी तक उसका कोई पता नहीं चला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और लापता लड़की की तलाश जारी है।

# कामगार कल्याण बोर्ड का जागरूकता कार्यक्रम आज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की ओर से 23 जनवरी को हमीरपुर के टाउन हॉल में एक जागरूकता एवं आवश्यक सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। श्रम कल्याण अधिकारी रश्मि ठाकुर ने बताया कि हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव कंवर की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू और भोरंज के विधायक सुरेश कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम के दौरान कामगारों को हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी तथा उन्हें आवश्यक सामग्री वितरित की जाएगी।

# खग्गल, कुसवाड़, रोपा में आज बाधित रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** निर्माणाधीन शिमला-मटौर नेशनल हाईवे के आसपास लाइनों को बदलने के कार्य के चलते 23 जनवरी को गांव खग्गल, कुसवाड़, रोपा और आसपास के गांवों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बाधित रहेगी।

विद्युत उपमंडल-1 हमीरपुर के सहायक अभियंता ने बताया कि 23 जनवरी को मौसम अनुकूल होने की स्थिति में ही यह कार्य किया जाएगा। उन्होंने इस दौरान क्षेत्र के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

# बेटा-बेटी में भेदभाव न करने की शपथ ली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**




बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर एडीएम एवं कार्यवाहक उपायुक्त राहुल चौहान ने उपायुक्त कार्यालय परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में अधिकारियों-कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्कूली छात्रों और अन्य लोगों को बेटा-बेटी में भेदभाव न करने, बेटियों का सही ढंग से पालन-पोषण करने, गर्भधारण से लेकर जन्म तक हर बेटी को सुरक्षित रखने तथा लिंगानुपात में सुधार के लिए अपना योगदान देने की शपथ दिलाई।

उन्होंने कहा कि हमीरपुर जिले में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के काफी अच्छे परिणाम सामने आए हैं। लगभग एक दशक दौरान जिले का शिशु लिंगानुपात 876 से बढ़कर 950 तक पहुंच गया है। इस अवसर पर सहायक आयुक्त अपराजिता चंदेल, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार, बाल विकास परियोजना अधिकारी कुलदीप सिंह चौहान और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। शपथ दिलाने के बाद कार्यवाहक उपायुक्त ने एक जागरूकता रैली को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस रैली में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और स्कूली छात्राओं ने पोस्टरों, बैनरों और नारों से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया।

# शत-प्रतिशत ई-केवाईसी करने वाला प्रथम सब-डिवीजन बना बिझड़ी

**एसके ठाकुर, बड़सर**

हिमाचल प्रदेश के सबसे छोटा जिला हमीरपुर का विद्युत उपमंडल बिझड़ी 100 प्रतिशत घरेलू उपभोक्ताओं की सीकेवाईसी करने में सफल रहा है। इस कार्य को सफल बनाने के लिए सब डिवीजन के अधिकारी कर्मचारी कनिष्ठ अभियंता तथा लाइन स्टाफ के चलते यह सब संभव हुआ है।

ई. रमेश चंद बंधन सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल बिझड़ी कोटला में जानकारी देते हुए बताया कि सब-डिवीजन के समस्त कर्मचारियों के सहयोग से यह संभव हुआ है। इसके लिए सब डिवीजन के समस्त कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। उपमंडल बिझड़ी कोटला में 13379 घरेलू विद्युत उपभोक्ता की सीकेवाईसी हुई है, जो कि हिमाचल में इतनी ज्यादा सीकेवाईसी करने वाला प्रथम सब डिवीजन बना है।

सब डिवीजन के समस्त उपभोक्ता कर्मचारी अधिकारी तथा समस्त फील्ड स्टाफ का इस कार्य को सफल बनाने में संपूर्ण योगदान रहा है, जिसके लिए समस्त सब डिवीजन कर्मचारियों का आभार प्रकट किया है। (अनंत ज्ञान)

### सोलर मुफ्त बिजली योजना पर कल लगेगा सेमिनार

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** विद्युत उपमंडल टौणी देवी के सहायक अभियंता दीपक चौहान ने बताया कि पीएम सोलर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने के लिए शुक्रवार 24 जनवरी को उपमंडल कार्यालय टौणी देवी में एक सेमिनार आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बिजली बोर्ड लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता आशीष कपूर की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले इस सेमिनार में आम लोगों को सोलर मुफ्त बिजली योजना की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर तकनीकी विशेषज्ञ और परियोजना से जुड़ी कंपनियों के अधिकारी आम लोगों के साथ कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा करेंगे। सहायक अभियंता ने विद्युत उपमंडल टौणी देवी के चारों अनुभागों टौणी देवी, टिक्करी, काले अंब और कोट के उपभोक्ताओं से अपील की है कि अगर वे अपने घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगवाना चाहते हैं तो वे 24 जनवरी को सेमिनार में पहुंचकर इस योजना से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से इस सेमिनार का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

# टौणी देवी मेडिकल ब्लॉक की 12 पंचायतें टीबी मुक्त घोषित

**संजीव शर्मा, टौणी देवी**

**हमीरपुर के एसडीएम से मिलेगा सम्मान**

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टौणी देवी मेडिकल ब्लॉक की 12 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। इन पंचायतों को 24 जनवरी को एसडीएम हमीरपुर द्वारा प्रमाणपत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाना है।

ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) टौणी देवी, डॉ. रमेश रत्तू ने बताया कि टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के लिए उन गांवों को चुना गया, जहां एक हजार की जनसंख्या पर कोई टीबी मरीज न हो।

अभियान के तहत एक हजार की आबादी पर कम से कम 30 संभावित मरीजों के बलगम की जांच की गई और टीबी मरीज न मिलने पर पंचायत को टीबी मुक्त घोषित किया गया।

डॉ. रमेश रत्तू ने कहा कि टीबी मुक्त पंचायत बनने से न केवल स्वास्थ्य स्तर में सुधार होगा, बल्कि इससे ग्रामीणों में टीबी उन्मूलन को लेकर जागरूकता भी बढ़ेगी।

हालांकि, मेडिकल ब्लॉक टौणी देवी में अभी भी लगभग 425 टीबी मरीजों का उपचार चल रहा है। टीबी मुक्त घोषित की गई पंचायतों में बलोह, बारी, भरनाग, भटेड़, गुवारडू, लग कड़ियार, लंबलू, पटनाउन, स्वाहल, अमरोह, उटपुर और काले अंब शामिल हैं।

एसडीएम हमीरपुर 24 जनवरी को पंचायत प्रधानों को सम्मानित करेंगे और उनसे आगे भी इस अभियान में सहयोग करने की अपील करेंगे, ताकि 2025 तक टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। (अनंत ज्ञान)

**परेशानी** खराब मशीनों के चलते निजी केंद्रों पर निर्भर मरीज, प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग

# राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में अल्ट्रासाउंड सेवा बाधित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज में अल्ट्रासाउंड सेवाओं की बदहाली मरीजों के लिए चिंता का कारण बन गई है। अस्पताल में तीन अल्ट्रासाउंड मशीनें होने के बावजूद सिर्फ एक पुरानी मशीन से जांच की जा रही है, जिसकी गुणवत्ता पर मरीजों ने सवाल उठाए हैं।



राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज में तीन में से एक ही पुरानी मशीन पर हो रहे अल्ट्रासाउंड।

बाकी दो मशीनें पिछले तीन महीनों से खराब पड़ी हैं, लेकिन अब तक उन्हें ठीक नहीं किया गया है। स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि गर्भवती महिलाओं और अन्य मरीजों को निजी केंद्रों का सहारा लेना पड़ रहा है, जहां उन्हें 500 से 1200 रुपए तक खर्च करने पड़ते हैं। सरकारी अस्पताल में मुफ्त जांच की सुविधा न मिलने से गरीब मरीज आर्थिक बोझ महसूस कर रहे हैं। मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि अस्पताल में सभी अल्ट्रासाउंड मशीनों को जल्द से जल्द दुरुस्त किया जाए ताकि हर मरीज को सही समय पर जांच की सुविधा मिल सके। कई बार गलत रिपोर्ट आने की शिकायतें भी सामने आई हैं, जिससे इलाज में देरी हो रही है।

लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नई मशीनों की व्यवस्था की जाए और खराब पड़ी मशीनों को दुरुस्त किया जाए ताकि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो मरीजों को और अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा, जिसकी वजह से लोगों का सरकारी अस्पतालों से विश्वास उठता जा रहा है।

**अस्पताल में रोजाना हजारों मरीजों की पर्चियां बन रही :** राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज में प्रतिदिन 1200 से 1400 मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। इनमें गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों की संख्या अधिक होती है। रोजाना करीब 100 से 200 मरीजों को डॉक्टरों द्वारा अल्ट्रासाउंड के लिए लिखा जाता है, लेकिन मशीनों की कमी के कारण उन्हें लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है या फिर मजबूरी में निजी केंद्रों पर महंगे दामों पर जांच करानी पड़ती है।

### गर्भवती महिलाओं को हो रही सबसे ज्यादा परेशानी

गर्भवती महिलाओं के लिए पहला अनिवार्य अल्ट्रासाउंड अस्पताल में किया जा रहा है, लेकिन अन्य जांच कराने के लिए उन्हें बाहर जाना पड़ रहा है। गर्भावस्था के दौरान अलग-अलग महीनों में डॉक्टर द्वारा कई बार अल्ट्रासाउंड करवाने की सलाह दी जाती है, लेकिन अस्पताल में सुविधा न होने के कारण वे निजी केंद्रों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिसमें अधिक खर्च करने को मजबूर हैं। यह स्थिति न केवल आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं के लिए कठिनाई पैदा कर रही है, बल्कि सरकारी अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं पर भी सवाल खड़े कर रही है।

### जल्द होगा समस्या का समाधान : मेडिकल सुपरिंटेंडेंट

इस समस्या के बारे में मेडिकल सुपरिंटेंडेंट अजय शर्मा ने बताया कि जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा और मरीजों को बहुत जल्द अल्ट्रासाउंड की सुविधा दी जाएगी।

# सुजानपुर में 26 को लगेगा विशाल रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** हेल्पिंग हैंड्स संस्था अपने स्थापना दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को सुजानपुर के ऐतिहासिक चौगान के कला मंच में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन करने जा रही है। यह संस्था का पांचवां रक्तदान शिविर होगा, जिसमें सैकड़ों रक्तवीर हिस्सा लेंगे।

संस्था के संस्थापक गोल्डी राजपूत ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन स्थिति में जरूरतमंदों को रक्त मुहैया कराना और असहाय लोगों की मदद करना है। अब तक संस्था के माध्यम से 900 से अधिक यूनिट रक्त एकत्र कर अस्पतालों तक पहुंचाया जा चुका है। 18 से 65 वर्ष तक का हर स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। संस्था ने अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान शिविर में भाग लेने की अपील की है, ताकि जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके।

# सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध : शांडिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जहां नारी का सम्मान होता है वहां देवता वास करते हैं और वह समाज हर क्षेत्र में संपन्नता तथा नई बुलंदियों को हासिल करता है। यह बात स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर 8 मार्च, 2025 तक चलने वाले कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर कही।

**'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का किया शुभारंभ**

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा, उन्हें समान अवसर प्रदान करते हुए महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है तथा इस दिशा में विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि सशक्त भारत के निर्माण के लिए सशक्त महिला सशक्तिकरण नितांत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बेटियों को शिक्षित कर आर्थिक तौर पर सशक्त बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है क्योंकि जब महिलाएं आर्थिक तौर पर स्वतंत्र होती है तब वह अपने जीवन से जुड़े निर्णयों को स्वयं लेने में समर्थ होती है। डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने कहा कि महिला उत्थान के लिए प्रदेश में विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। इंदिरा गांधी सुख-सम्मान निधि योजना के तहत पात्र महिलाओं को चरणबद्ध तरीके से 1500 रुपए प्रतिमाह प्रदान किए जा रहे हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री शगुन योजना, महिला स्वरोजगार योजना और विधवा पुनर्विवाह योजना का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। बेटी बचाओं



राज्य सरकार द्वारा धी (डॉटर्स हेल्पिंग इम्पावरिंग द इकोनोमी), 'देना है एक इनाम बेटी के नाम', और म्हारी छोटी-म्हारी शान जैसी महत्वाकांक्षी पहलों के माध्यम से गरीब अथवा मुश्किल परिस्थितियों के बावजूद जीवन में कुछ हासिल करने वाली बेटियों की पहचान कर उन्हें विभिन्न मंचों पर सम्मानित किया जाता है। इस पहल का उद्देश्य है कि ऐसी महिलाओं के संघर्षों से प्रेरित होकर अन्य महिलाएं भी जीवन में बड़े लक्ष्यों को चुनें और कड़ी मेहनत कर जीवन में कुछ बड़ा हासिल करें। 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना सहित प्रदेश में चलाई जा रही अन्य महिला केन्द्रित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से प्रदेश में कन्या भ्रूण हत्या में तीव्र गिरावट व लिंग अनुपात में सुधार देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने जब प्रदेश के मुख्यमंत्री की शपथ ली तो अपने कार्यालय में जाने से पहले वह टूटीकंडी स्थित बालिका आश्रम गए और वहां रहने वाली बेटियों को आश्वासन दिया कि प्रदेश सरकार अब से उनके माता-पिता का दायित्व निभाते हुए उनकी हर जरूरत का ख्याल रखेगी। इसी सोच के प्रतिफल के रूप में मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना का उदय हुआ जिसके तहत राज्य सरकार ने 6,000 निराश्रित बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' के रूप में अपनाया है।

उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में नशे का चलन तेजी से बढ़ रहा है जो कि हमारे समाज के समक्ष गंभीर चुनौती लेकर आया है। राज्य सरकार इस पर अंकुश लगाने के लिए सराहनीय कदम उठा रही है। उन्होंने महिलाओं से आग्रह किया कि वह भी समाज से इस बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए आगे आएं। शांडिल ने 10वीं और 12वीं कक्षा की मेधावी छात्राओं तथा विभिन्न क्षेत्रों में सफल महिलाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान बेटी जन्मोत्सव के अन्तर्गत अभिभावकों को बधाई पात्र वितरित किए गए। छोटी बालिकाओं द्वारा महिला सशक्तिकरण को प्रदर्शित करती हुई परेड भी की गई।

# सहकारी क्षेत्र के लिए प्रदेश को उदारतापूर्ण धनराशि प्रदान करे केंद्र : मुकेश अग्निहोत्री

## उपमुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से की शिष्टाचार भेंट

**अनंत ज्ञान टीम, शिमला/ऊना**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से हिमाचल प्रदेश को सहकारी क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं विशेषकर प्राथमिक कृषि ऋण समितियां (पैक्स), राज्य कार्यक्रम प्रबंधन यूनिट (पीएमयू) एवं सहकारी प्रबंधन संस्थान (आईसीएम) इत्यादि के कम्प्यूटरीकरण के लिए धन आबंटित करने का आग्रह किया। मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि राज्य द्वारा पहले से ही जिला ऊना के पंजावर में सहकारी प्रबंधन संस्थान के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध करवा दी गई है तथा इसकी स्थापना के लिए 5 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया कि हिमाचल प्रदेश को राज्य में इस अत्याधुनिक सहकारी प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना के लिए 10 करोड़ रुपए की अनुदान सहायता प्रदान की जाए।



केंद्रीय मंत्री ने उपमुख्यमंत्री को आश्वासन दिया कि सहकारी योजनाओं और परियोजनाओं को समयबद्ध पूर्ण करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा शीघ्र ही धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने आश्वासन दिया कि हिमाचल प्रदेश को सहकारी योजनाओं से संबंधित धनराशि के लिए हर संभव सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### संजीवनी सहारा समिति ने जरूरतमंद को इलाज के लिए दी आर्थिक सहायता

**दशमी रावत, रोहड़ू।** संजीवनी सहारा समिति रोहड़ू एक सामाजिक संस्था है, जिसका उद्देश्य सदैव ही गरीब, असहाय, जरूरतमंद एवं बीमार लोंगों की सहायता करना है। संजीवनी परिवार ने रोहड़ू के ऊखली मेंहदली पंचायत के जरूरतमंद परिवार की 5000 रुपए से आर्थिक सहायता की है, जिनकी कुछ दिन पहले गिरने से रीढ की हड्डी में चोट आ गई थी। समिति ने उनके इलाज के लिए मदद की है। संजीवनी सहारा समिति अभी तक लगभग पचास लाख से ऊपर की आर्थिक मदद कर चुकी है। (अनंत ज्ञान)

### कल्पना को भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की जिला अध्यक्ष की कमान सौंपी

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** मानवाधिकार परिषद की भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा इकाई द्वारा कल्पना को परिषद की शिमला जिला की अध्यक्ष मनोनित किया गया गया है। परिषद के प्रदेशाध्यक्ष हरि सिंह ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के जिला शिमला के टिकरी से संबंध रखने वाली कल्पना को भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की महिला विंग की जिला शिमला की अध्यक्ष की कमान सौपी गई है। मोर्चे द्वारा महिला विंग की इस ताजपोशी से संस्था तथा समाज हित के कार्यों को गति प्रदान होगी। (अनंत ज्ञान)



### शाकरा स्कूल में नशे के दुष्प्रभावों और वित्तीय प्रबंधन पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शाकरा में वित्तीय साक्षरता एवं जागरूक तथा नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। साक्षरता समिति मंडी और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के फैसिलिटेटर तिलक राम चौहान द्वारा बच्चों को वित्तीय प्रबंधन बारे जागरूक किया गया। इस दौरान बच्चों को अटल पेंशन योजना, एटीम प्रबंधन,प्रधानमंत्री बीमा योजना,जीवन ज्योति सुरक्षा योजना तथा साइबर क्रइम बारे विस्तृत जानकारी दी गई।

### जुब्बल भाजपा ने 'संविधान गौरव' अभियान संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया



**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** भाजपा मंडल जुब्बल ने संविधान गौरव अभियान संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला महासू प्रवक्ता अंकुश चौहान बतौर मुख्य वक्ता I मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता I अंकुश चौहान द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। अंकुश चौहान ने बाबा साहेब अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि किस तरह कांग्रेस पार्टी ने हमेशा बाबा साहेब का तिरस्कार किया है। भाजपा ने बाबा साहेब के मान-सम्मान को हमेशा बढ़ाया है।

### राज्य विद्युत बोर्ड कर्मचारी संघ के जोनल सचिव ने छोड़ी बिजली सब्सिडी

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड कर्मचारी संघ के जोनल सचिव लोकिंदर रुगटा ने बिजली सब्सिडी छोड़ दी है। उन्होंने बिजली विभाग के कर्मचारियों से कहा कि वह प्रदेश सरकार की ओर से विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली बिल पर दी जा रही सब्सिडी छोडना चाहिए है। उन्होंन बताया कि बिजली विभाग के कर्मचारियों की यह अनूठी पहल आने वाले समय में विद्युत बोर्ड को घाटे से ऊबारने में कारगर सिद्ध होगी।

# शिमला ग्रामीण की पंचायतों की समस्याओं का घर-द्वार पर होगा समाधान : विक्रमादित्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की सभी पंचायतों के लोगों की समस्याओं का समाधान उनके घर-द्वार पर ही सुनिश्चित किया जाएगा ताकि लोगों को शिमला आने में समय व्यर्थ न गवाना पड़े। यह जानकारी लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत हलोग धामी में 'मंत्री आपके द्वार कार्यक्रम' के तहत दी।

उन्होंने कहा कि संपूर्ण प्रदेश के साथ साथ शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है इसी उद्देश्य से विभिन्न विभागों द्वारा निर्मित एवं संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं की गुणवत्ता जांचने के लिए समय समय पर निरीक्षण



किया जा रहा है और शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में भी 'मंत्री आपके द्वार कार्यक्रम' के माध्यम से क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार हर वर्ग के कल्याण एवं विकास के लिए कृत-संकल्प है हर वर्ग के लिए अलग-अलग योजनाएं संचालित कर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में पिछले दो वर्षों के दौरान 350 करोड़ रुपए की राशि विभिन्न विकास योजना के निर्माण एवं जीर्णोद्धार के लिए स्वीकृत की गई है, जिसमें विभिन्न सड़कों के निर्माण एवं जीर्णोद्धार का कार्य, पेयजल योजनाओं का निर्माण एवं जीर्णोद्धार का कार्य, कम वोल्टेज की समस्या का समाधान सहित पंचायत क्षेत्र के विकास के लिए योजनाओं के निर्माण शामिल है।

उन्होंने कहा कि धामी क्षेत्र विकास के लिए केंद्र बिंदु के रूप में स्थापित किया गया है विकास को बढ़ावा देने के साथ साथ ग्रामीणों को सुख सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए स्वास्थ्य अस्पताल में सभी प्रकार की सुविधाएं देने के अलावा विभिन्न विभागों के कार्यालय एवं डिवीजन भी यहां पर स्थापित किए गए हैं।

# बिजमल में गोशाला में भड़की आग,चार मवेशी जिंदा जले

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा**

तहसील नेरवा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिजमल में गत रात एक गोशाला में आग लगने से दो गाए, एक बछड़ा तथा एक भेड़ जिंदा जल गए। यह गोशाला पवन कुमार पुत्र भाऊ राम, गांव व डाकघर बिजमल तहसील नेरवा,जिला शिमला की बताई जा रही है।



प्राप्त जानकारी अनुसार रात के समय घासनी में किसी शरारती तत्व ने आग लगाई और आग पवन कुमार की गोशाला तक पहुंची, जिससे गोशाला तथा गोशालाओं में सभी मवेशी जल गए। गोशाला पवन कुमार के घर तथा गांव की बस्ती से लगभग 100/150 मीटर दूर है, जिस कारण आग की घटना के बारे में रात के समय पता नहीं लग पाया।

इस घटना से पवन कुमार का करीब डेढ़ लाख रुपए के नुकसान होने का अनुमान है। राजस्व विभाग की ओर से नायब तहसीलदार नेरवा अर्जुन परमार ने कहा कि संबंधित पटवारी को नुकसान का जायजा लेने के लिए मौका पर जाने के निर्देश दिए गए है।

# 105 .43 ग्राम हेरोइन सहित पठानकोट निवासी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

एएनटीएफ कांगड़ा के एएसपी राजेंद्र जसवाल द्वारा नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के अंतर्गत गत रात एएसआई सुरेश कुमार, हेड कांस्टेबल रॉकी कुमार, हेड कांस्टेबल हेमराज तथा कांस्टेबल सुमित ने जसूर-राजा का तालाब मार्ग पर नाका लगाया हुआ था, इस दौरान एक मोटरसाइकिल जोकि कंडवाल की तरफ से आ रहा था, जब उसकी तलाशी ली गई तो आरोपी से 105. 43 ग्राम हेरोइन बरामद की गई।



पकड़े गए आरोपों की पहचान विनोद कुमार पुत्र कमल कुमार निवासी वार्ड नंबर 19 सैली कुलियां, पठानकोट के तौर पर की गई है। नूरपुर पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# व्यवस्था परिवर्तन में स्कूलों की ग्रांट रोक रही सरकार : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन वाली सुख की सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों की ग्रांट रोक दी गई है। केंद्र द्वारा दिए जाने वाले समग्र शिक्षा अभियान का बजट भी अन्य कार्यों के लिए डायवर्ट कर दिया है, जिसके चलते स्कूलों में शैक्षणिक कार्य के अलावा अन्य कार्य के दिए जाने वाला बजट स्कूलों को नहीं मिल पा रहा है।

इस वजह से विद्यालयों की बहुत सारी गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। ऐसे में विद्यालयों द्वारा बिजली का बिल भी नहीं भरा जा रहा है और नतीजन सरकारी स्कूलों के बिजली कनेक्शन काटे जा रहे हैं।



आज कांगड़ा में कुछ विद्यालयों के बिजली कनेक्शन काटने की खबर मीडिया के माध्यम से सामने आई है, और बड़ी संख्या में स्कूलों को बिजली कनेक्शन काटने का नोटिस भी दिया गया है जिस पर बिजली विभाग संभवत: बहुत जल्दी कार्रवाई कर दे।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इस तरीके के मामले बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है जब सरकार द्वारा विद्यालयों को पैसा दिया ही नहीं जाएगा तो स्कूलों का बिजली बिल कैसे जमा किया जाएगा? सरकार क्या चाहती है कि अध्यापक अपने वेतन के पैसे से बिजली का बिल जमा करें? सुक्खू सरकार जिस रवैए पर चल रही है बहुत जल्दी बहुत सारे विद्यालयों के बिजली कनेक्शन काटने की नौबत आ जाएगी। मैं मुख्यमंत्री से आग्रह करता हूं इस मामले में वह दखल दे और विद्यालयों को उनके खर्च के लिए दिए जाने वाले अनुदान को जल्दी से जल्दी विद्यालयों को प्रदान करें।

प्रदेश के विभिन्न क्षेत्र के कई अध्यापकों द्वारा बताया गया कि उन्होंने अपने वेतन से ही बिजली बिल का भुगतान किया है, जिससे कि उनके विद्यालय का कनेक्शन न कटने पाए। जयराम ने कहा व्यवस्था परिवर्तन का यह शर्मनाक नमूना है एक तरफ सरकार हजारों की संख्या में स्कूलों को बंद कर चुकी है और जो स्कूल चल रहे हैं उन्हें भी सुक्खू सरकार की नाकामी की वजह से विभिन्न प्रकार से आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# सहायक पंजीयक पारदर्शिता के साथ करें कार्य : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में जिला में स्टॉक होल्डिंग से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्टांप शुल्क, पंजीकरण शुल्क, ई-चालान, ई-रजिस्ट्रेशन, ई-स्टंपिंग, स्टांप वेंडर, एनजीडीआरएस आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

उपायुक्त ने कहा कि जिला में किसी भी संपत्ति पंजीकरण के समय सहायक पंजीयक पारदर्शिता के साथ कार्य करें ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पंजीकरण के समय



आयकर अधिनियम के प्रावधानों का भी विशेष ध्यान रखा जाए ताकि सरकार को आने वाले अंश एवं आयकर में किसी प्रकार की हेर फेर न हो। उन्होंने कहा कि बैठक का उद्देश्य संपत्ति पंजीकरण को सुगम करना है ताकि जिला के नागरिकों को कम से कम असुविधा हो। उन्होंने इस संदर्भ में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

# कांग्रेस ने केवल राजनीति के लिए किया बाबा साहेब के नाम का इस्तेमाल : अजय

**भरत ठाकुर, कोटखाई**

प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की ओर से चल रहे 'संविधान गौरव' अभियान के तहत बुधवार को गुम्मा में मंडल स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी कोटखाई-नावर के अध्यक्ष सुंदर डोगरा ने की।

इस संगोष्ठी के मुख्य वक्ता पूर्व जिलाध्यक्ष महासू एवं ठियोग के भाजपा प्रत्याशी अजय श्याम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब





भीमराव अंबेडकर के अमूल्य योगदान के कारण ही हमारा संविधान बना और आज तक इसका लोक कल्याण का स्वरूप बरकरार रहा है। कांग्रेस ने सदैव बाबा साहेब के योगदान को दबाकर रखा और उनको कभी भी उचित सम्मान नहीं दिया। बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के अमूल्य योगदान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ही भाजपा ने संविधान गौरव अभियान शुरू किया है। (अनंत ज्ञान)

# खाजे क्लां घाट पर गंगा महाआरती में शामिल हुए कुलदीप पठानिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

## पटना में पीठासीन अधिकारी सम्मेलन संपन्न

बिहार की राजधानी पटना में आयोजित 85वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन का गत सायं विधिवत समापन हो गया।

समापन समारोह की अध्यक्षता बिहार राज्य के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान द्वारा की गई जबकि इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्य सभा के उप-सभापति डॉ. हरिवंश, बिहार विधान परिषद अध्यक्ष अवधेश नारायण सिंह, बिहार विधान सभा अध्यक्ष नन्द किशोर यादव, बिहार विधान सभा उपाध्यक्ष, विधान परिषद उपाध्यक्ष तथा बिहार के उप-मुख्यमंत्री विजय कद्द मार सिन्हा भी मंच पर मौजूद थे। समापन समारोह कार्यक्रम के आरंभ में हिप्र विधान



सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान का हिमाचली टोपी पहनाकर स्वागत किया।

सम्मेलन के समापन उपरान्त पटना स्थित खाजे क्लां तट पर पीठासीन अधिकारियों के लिए आयोजित गंगा महाआरती कार्यक्रम में भी पठानिया शामिल हुए तथा पूजा-अर्चना की। पठानिया ने पटना स्थित बापू टावर तथा बिहार म्यूज्यिम का भी दौरा किया।

**सम्मान** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली में आबिद हुसैन सादिक को करेंगी सम्मानित

# डीसी बिलासपुर को लोकसभा चुनाव में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर राष्ट्रीय पुरस्कार

**शुभम राही, बिलासपुर**

डीसी बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक को लोकसभा चुनाव-2024 के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस अवार्ड-2025 से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा उपायुक्त बिलासपुर, आबिद हुसैन सादिक को प्रदान किया जाएगा।

भारत के 788 जिलों में से केवल 15 जिलों के उपायुक्तों को यह सम्मान मिला है, और इनमें बिलासपुर और लाहौल-स्पीति जिलों के उपायुक्त को इस उपलब्धि का हिस्सा बनने का गौरव प्राप्त हुआ है। उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने इस सम्मान को बिलासपुर वासियों को समर्पित करते हुए कहा, यह पुरस्कार जिले के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उनके अथक प्रयासों से यह सम्मान प्राप्त हुआ है, और यह बिलासपुर के लिए गर्व का क्षण है।

बिलासपुर का चुनावी प्रबंधन एक आदर्श बनकर उभरा है, जो न केवल पोलिंग स्टेशन की स्थापना और नवाचार में, बल्कि नए मतदाताओं को जोड़ने और मतदान प्रतिशत को बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण कदम उठा चुका है।

स्वीप गतिविधियों के तहत जिले में 4473 नए मतदाताओं को शामिल किया गया और मतदान को बढ़ावा देने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाए गए। कम मतदान वाले क्षेत्रों में जन



जागरूकता के प्रयास किए गए, जिससे मतदान में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। जिला के चारों विधानसभा क्षेत्र में 70 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। स्वीप गतिविधियों के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इनमें प्रसिद्ध साहित्यकार रतन चंद निर्जर द्वारा कम मतदान वाले क्षेत्रों में जागरूकता फैलाना, मेरा वोट, मेरी ड्यूटी गीत का प्रचार, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सेल्फी प्वाइंट्स और नुक्कड़ नाटक जैसी रचनात्मक गतिविधियां शामिल थीं।

इसके अलावा, 25,000 से अधिक जागरूकता सामग्री वितरित की गई और डिजिटल वोटिंग इनविटेशन कार्ड्स जारी किए गए। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान की गई, जैसे छाया क्षेत्र, ओआरएस और बच्चों के लिए क्रेच की व्यवस्था की गई। इसके अतिरिक्त कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष कदम उठाए गए, जिसमें पुलिस और सुरक्षा बलों के सहयोग से चुनावी सुरक्षा सुनिश्चित की गई, चुनावी डाटा संग्रहण और निगरानी प्रणालियों को प्रभावी रूप से लागू किया गया।

इसके साथ ही, क्षेत्र में मतदाता सूची को अपडेट करने, चुनावी निगरानी के लिए तकनीकी समाधानों का इस्तेमाल करने और मतदान के लिए बेहतर प्रोत्साहन देने के प्रयास किए गए।

यह पुरस्कार न केवल बिलासपुर, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व का क्षण है। उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने इस पुरस्कार को जिले और राज्य के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत बताया और सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को इसके लिए बधाई दी।

यह पुरस्कार हमारे लोकतंत्र की मजबूती, नागरिकों की सक्रिय भागीदारी और चुनाव प्रक्रि, या में नए दृष्टिकोण के महत्व को दर्शाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला तस्कर से 10.20 ग्राम चिट्टा बरामद



**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** थाना डमटाल के अंतर्गत नशे का गढ़ माने जाने वाले गांव चन्नी बली में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने परमजीत उर्फ चीखो पत्नी रेशम कुमार निवासी छन्नी बेली के मकान में छापामारी के दौरान 10 .20 ग्राम हेरोइन बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी महिला पर पहले भी एनडीपीएस के दो मुकदमे दर्ज हैं। इसकी पुष्टि करते हुए डीएसपी इंदौरा संजीव यादव ने बताया कि महिला पर एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### दो व्यक्तियों से 1.83 किलो चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** थाना नगरोटा बगवां के अंतर्गत गत रात स्थानीय पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर ठानपुरी छिंदा ढाबा के पास सड़क किनारे खड़ी गाड़ी बोलेरो में सवार दो व्यक्तियों दीवान चंद पुत्र हाकम चंद गांव



जंगली, नादौन जिला हमीरपुर व अमित कुमार पुत्र रमेश कुमार निवासी गांव नादौन, जिला हमीरपुर से 1 किलो 83 ग्राम चरस बरामद की गई है। इस पर दीवान चंद व अमित कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### 6.78 ग्राम चिट्टे सहित दो युवक गिरफ्तार



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पुलिस की टीम ने पुलिस थाना रेहन के तहत पड़ते खेहर नामक स्थान पर 6.78 ग्राम चिट्टे के साथ दो युवकों को हिरासत में लिया है। इस बारे बुधवार को प्रेस रिलीज जारी करते एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने बताया पुलिस ने गश्त दौरान उक्त कार्रवाई को अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए युवकों कि पहचान अभिषेक व वंश निवासी बतराहन के रूप में हुई है।

### डडोआ बीट में खैर के चार कटे पेड़ बरामद

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** मंगलवार देर सायं डाडासीबा वन विभाग के आरओ राजेश कुमार द्वारा बड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई है। वन बीट डडोआ से वन विभाग ने 4 खैर के कटे हुए पेड़ बरामद किए हैं, जिनकी बाजार में कीमत हजारों में है। देर रात्रि गुप्त सूचना के आधार पर आरओ राजेश कुमार अपनी टीम सहित उक्त घटनास्थल पर पहुंचे, वहां उन्होंने लकड़ी को जब्त किया है। उन्होंने



बताया कि सांडा गांव के जंगलों से ये खैर के पेड़ काटे गए और बाड़ी के एक नाले में छुपाए गए थे, जहां से उन्होंने ये जब्त किए हैं। हालांकि किन वन काटुओं द्वारा ये काटे गए हैं, यह अभी तफ्तीश के बाद ही पता चल पाएगा।

# महिला योजनाओं से घटी कन्या भ्रूण हत्याएं

## मुश्किल परिस्थितियों के बावजूद जीवन में कुछ हासिल करने वाली बेटियां हो रहीं सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



जहां नारी का सम्मान होता है वहां देवता वास करते हैं और वह समाज हर क्षेत्र में संपन्नता तथा नई बुलंदियों को हासिल करता है। यह बात स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने धर्मशाला में यहां 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर 8 मार्च तक चलने वाले कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर कही।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा, उन्हें समान अवसर प्रदान करते हुए महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है तथा इस दिशा में विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि सशक्त भारत के निर्माण के लिए सशक्त महिला सशक्तिकरण नितांत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बेटियों को शिक्षित कर आर्थिक तौर पर सशक्त बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है क्योंकि जब महिलाएं आर्थिक तौर पर स्वतंत्र होती है तब वह अपने जीवन से जुड़े निर्णयों को स्वयं लेने में समर्थ होती है। डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने कहा कि महिला उत्थान के लिए प्रदेश में विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। इंदिरा गांधी सुख-सम्मान निधि योजना के तहत पात्र महिलाओं को चरणबद्ध तरीके से 1500 रुपए प्रतिमाह प्रदान किए जा रहे हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री शगुन योजना, महिला स्वरोजगार योजना और विधवा पुनर्विवाह योजना का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। बेटी बचाओं

राज्य सरकार द्वारा धी (डॉटर्स हेल्पिंग इम्पावरिंग द इकोनोमी), 'देना है एक इनाम बेटी के नाम', और म्हारी छोटी-म्हारी शान जैसी महत्वाकांक्षी पहलों के माध्यम से गरीब अथवा मुश्किल परिस्थितियों के बावजूद जीवन में कुछ हासिल करने वाली बेटियों की पहचान कर उन्हें विभिन्न मंचों पर सम्मानित किया जाता है। इस पहल का उद्देश्य है कि ऐसी महिलाओं के संघर्षों से प्रेरित होकर अन्य महिलाएं भी जीवन में बड़े लक्ष्यों को चुनें और कड़ी मेहनत कर जीवन में कुछ बड़ा हासिल करें। 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना सहित प्रदेश में चलाई जा रही अन्य महिला केंद्रित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से प्रदेश में कन्या भ्रूण हत्या में तीव्र गिरावट व लिंग अनुपात में सुधार देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में नशे का चलन तेजी से बढ़ रहा है जो कि हमारे समाज के समक्ष गंभीर चुनौती लेकर आया है। राज्य सरकार इस पर अंकुश लगाने के लिए सराहनीय कदम उठा रही है। उन्होंने महिलाओं से आग्रह किया कि वह भी समाज से इस बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए आगे आएं। डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने 10वीं और 12वीं कक्षा की मेधावी छात्राओं तथा विभिन्न क्षेत्रों में सफल महिलाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान बेटी जन्मोत्सव के अंतर्गत अभिभावकों को बधाई पात्र वितरित किए गए।

### 6,000 निराश्रित बच्चे 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट'

डॉ. शांडिल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जब प्रदेश के मुख्यमंत्री की शपथ ली तो अपने कार्यालय में जाने से पहले वह टूटीकंडी स्थित बालिका आश्रम गए और वहां रहने वाली बेटियों को आश्वासन दिया कि प्रदेश सरकार अब से उनके माता-पिता का दायित्व निभाते हुए उनकी हर जरूरत का ख्याल रखेगी। इसी सोच के प्रतिफल के रूप में मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना का उदय हुआ जिसके तहत राज्य सरकार ने 6,000 निराश्रित बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' के रूप में अपनाया है।

# समय पर राशन मुहैया करवाने पर रहेगा जोर



**अनंत ज्ञान, देहरा।** देहरा मार्केटिंग को-ऑपरेटिव सोसायटी के अध्यक्ष एडवोकेट मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को देहरा में एक बैठक का आयोजन हुआ। इसमें देहरा जोन के लगभग 20 सहकारी सभाओं के सचिव और विक्रेताओं ने भाग लिया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सहकारी सभा में क्विंटिटी और क्वालिटी का राशन समय अनुसार उपलब्ध हो, इसके लिए सबको एकजुट और जागरूक किया गया। इसमें सहकारी सभाओं के कई कर्मचारियों ने अपनी वेतन संबंधी शिकायतें उनके समक्ष रखीं, तो कई सहकारी सभाओं के सचिव और विक्रेताओं ने घटिया खाद्य सामग्री अंकित किए गए वजन से कम वजन की खाद्य पदार्थ की बोरियों के आने और समय अनुसार राशन उपलब्ध न होने की शिकायतें दर्ज करवाई। इस मौके मुकुल शर्मा ने कहा कि सभी शिकायतों को शीघ्र ही देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर के समक्ष रखा जाएगा, ताकि इनका समय अनुसार निवारण किया जा सके। उन्होंने दी देहरा मार्केटिंग को-ऑपरेटिव सोसायटी को मजबूत करने और आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने के लिए भी सहकारी सभाओं के सचिवों और विक्रेताओं से आग्रह किया।

# 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के 10 वर्ष पूरे होने पर निकाली जागरूकता रैली

## रैली को एडीसी विनय ने दिखाई हरी झंडी, सेल्फी प्वाइंट पर ली सेल्फी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के सफलतापूर्ण 10 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर धर्मशाला में एक जागरूकता रैली निकाली गई। अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने महिला एवं बाल विकास द्वारा आयोजित इस रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एडीसी ने इस दौरान बेटी बचाओ, बेटी बचाओ अभियान को और सुदृढ़ व सफल बनाने के लिए हस्ताक्षर अभियान का भी शुभारंभ किया तथा अभियान के तहत सेल्फी प्वाइंट पर चित्र लिया।

एडीसी ने जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे प्रयासों और उनके परिश्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान देश के अति महत्वपूर्ण अभियानों में से एक है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से समाज में बेटियों को लेकर व्यापक स्तर पर जागृति और चेतना आई है। उन्होंने कहा कि बेटियों की महत्ता का बखान करना शायद ईश्वर के लिए भी कठिन हो। बेटियों के लिए हम जितना कर सकें वे हमेशा कम ही रहेगा, इसलिए इस अभियान की सार्थकता तभी सिद्ध होगी जब प्रत्येक जन इस विषय को लेकर जागृत होगा और हमें तब तक कार्य करते रहना है।

उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को और अधिक कर्तव्य परायणता से कार्य करने के लिए भी प्रेरित किया। इस रैली में जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक शर्मा, बाल विकास परियोजना धर्मशाला रमेश जागवान सहित विभाग के कर्मियों और 200 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# पेंशनर्स संघ परागपुर ने मांगों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** जिला कांगड़ा पेंशनर्स संघ खंड परागपुर की बैठक अध्यक्ष रमेश भारद्वाज की अध्यक्षता में गांव कोटला में संपन्न हुई। इसमें 62 सदस्यों ने भाग लिया। इसमें 75 वर्ष की आयु से ऊपर वालों को 1-1-2016 के रिवाइज स्केल का पूरा बकाया देने के लिए सरकार का धन्यवाद किया गया तो वहीं, 75 वर्ष की आयु से कम वाले पेंशनर्स को बकाए की अदायगी शीघ्र करने की मांग की गई। इसके अलावा 1-1-2016 में 31-01-2021 के बीच सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स के जो लाभ सरकार ने रोक रखे हैं, उनकी अदायगी की जाए, मंहगाई भत्ते की देय किश्तों के बकाया का भुगतान एकमुश्त करने व पेंनशर्स के मेडिकल बिलों के भुगतान हेतु बजट का प्रावधान व मेडिकल विकल्प की सुविधा दी जाए, ताकि जो पेंशनर्स इससे वंचित हैं, उन्हें इसका लाभ मिल सके।

# आईटीबीपी जवान को नम आंखों से दी अंतिम विदाई



**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

आईटीबीपी जवान संजय कुमार (44) का अंतिम संस्कार पूरे सैनिक सम्मान के साथ (मट्ट) पढियारखर में किया गया। बेटे ने जवान की पार्थिव देह को मुखाग्नि दी। पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल ने संजय कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित की और मृतक जवान की अंतिम यात्रा में शामिल हुए। विधायक ने शोकसंतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की और संकट की इस घड़ी में परिजनों कोसहने के लिए भगवान से हिम्मत देने की प्रार्थना की। संजय कुमार पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे और चंडीगढ़ में उपचाराधीन थे। संजय अपने पीछे पत्नी रजनी देवी, बेटे आर्यन, संचित तथा पिता शालीराम को छोड़ गए हैं। जवान की अंतिम यात्रा में तहसीलदार पालमपुर और बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में भाग लेकर लौटे जवाली स्कूल के छात्र रोहनीश सम्मानित

## परवाणू में प्रशिक्षण के बाद महाराष्ट्र के कोल्हापुर में लिया था भाग

**अनिल छांगू, जवाली**



राष्ट्रीय योग स्पर्धा में भाग लेकर लौटे पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जवाली में अध्ययनरत रोहनीश को स्कूल पहुंचने पर सम्मानित किया गया। रोहनीश राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेने वाले स्कूल के 13वें खिलाड़ी हैं। रोहनीश का चयन महाराष्ट्र के कोल्हापुर में 15 से 18 जनवरी को होने वाली राष्ट्रीय स्कूल गेम्स के लिए हुआ था। इससे पहले रोहनीश ने सोलन के परवाणू में आयोजित किए गए कोंचिग कैंप में भाग लिया था। बुधवार को पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जवाली में रोहनीश को खंड परियोजना अधिकारी एवं प्रधानाचार्य प्रभात चंद्र पावा और योग प्रशिक्षक एवं शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता अजय कुमार व स्टाफ मेंबर्स ने हार पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। योग प्रशिक्षक एवं शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता अजय कुमार ने रोहनीश को अपनी ओर से 1100 रुपए की धनराशि बतौर पुरस्कार भेंट की। उन्होंने बताया कि उच्च शिक्षा निदेशालय की ओर से पत्र के अनुसार हिमाचल प्रदेश के पांच खिलाड़ी राष्ट्रीय अंडर-19 योग स्पर्धा के लिए चयनित हुए थे। इस मौके पर उपप्रधानाचार्य यशपाल सिंह, स्टाफ मेंबर्स प्रवक्ता अमित कुमार, रामेश्वर दत्त, मोनिका डोगरा, जीवन ज्योति, रूहानी शर्मा, रवि भंडारी, अजय कुमार, सपना कौंडल, राम कुमार, पवन कुमार, कपिल देव, अनुराधा कुमारी, कविता धीमान व अन्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# विद्युत मीटर की 15 तक करवाएं ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान, हरिपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद लिमिटेड उपमंडल हरिपुर के अंतर्गत आने वाले उन सभी घरेलू बिजली उपभोक्ताओं से अपील की गई है जिन्होंने अभी तक विद्युत मीटर की ई-केवाईसी नहीं करवाई है। ऐसे उपभेक्ता 15 फरवरी तक ई केवाईसी विद्युत उपमंडल हरिपुर में करवा सकते हैं। इसके लिए उपभोक्ताओं को अपने साथ बिजली का बिल, आधार कार्ड या फिर राशन कार्ड लेकर आना है। अगर कोई विद्युत उपभोक्ता ई केवाईसी करवाने के लिए कार्यालय में आने के लिए असमर्थ है तो वे अपने मोबाइल फोन के माध्यम से अपना बिजली का बिल, आधार कार्ड या राशन कार्ड 88941-19370, 98058-71452, 98050-26952, 94597-15813, 86278-07728 पर व्हाट्सएंप करके ई-केवाईसी करवा सकते हैं।

## सिहोरपांई स्कूल में बच्चे सीख रहे योगा



ज्वालामुखी। सहोरपांई स्कूल में बच्चों को निरोग रहने के लिए योगा सिखाया जा रहा है। प्रधानाचार्य बाबू राम कमल ने बताया कि शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार बच्चों को योग के माध्यम से निरोग रहने के लिए टीजीटी अध्यापक बलदेव सिंह राणा के मार्गदर्शन में प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योगा के माध्यम से रोजगार के कई अवसर हैं। बलदेव सिंह राणा ने बताया कि योगा सत्र प्रार्थना सभा से पहले प्रतिदिन सुबह 8:30 से 9बजे तक चलाया जा रहा है। बलदेव सिंह राणा ने कहा कि योगा के माध्यम से निरोग और दीर्घायु जीवन जिया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** गुम्मर में अयोध्या स्थित राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के संचालक समाज सेवी अमर धीमान ने कहा कि आज का दिन सभी सनातनियों के बड़ा ही सौभाग्यशाली दिन है। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक समिति सदस्य संजय राणा ने कहा कि हमारे अराध्य देव मर्यादा पुरुषोत्तम राम अपने ही देश में कई सालों बाद टेंट में रहे, लेकिन लंबे संघर्ष और बलिदान की बदौलत ही आज राम भव्य मंदिर में विराज मान हो गए हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता रजनीश धवाला, अमर धीमान, राजेश थलाकन, प्रवीन धीमान, त्रिलोक राणा, शशि राणा, सुधीर चौधरी, बिक्कू पल्यार, रामलोक धनोटिया, अभिषेक पाधा, संजू थिल आदि ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

# चयनित वन मित्रों की सूची जारी

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** वन विभाग द्वारा बैजनाथ तथा बीड़ वन परिक्षेत्र के तहत वन मित्रों को रखे जाने के लिए विभाग द्वारा चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी की है। वन परिक्षेत्र अधिकारी बैजनाथ आदित्य कुमार ने बताया कि बीड़ वन परिक्षेत्र के तहत बीड़ बीट में कशिश ठाकुर, क्योरी बीट से शेफाली ठाकुर, राजगुधा बीट से शिवानी बड़ाग्रां बीट से मीनाक्षी ठाकुर, रसोई बीट से सुमित ठाकुर, कोठीकोहड बीट से अंजली ठाकुर, दियोट बीट से संजना देवी भुजालिंग बीट से अक्षय कुमार तथा स्वाड़ बीट से रीना को चयनित किया गया है। वहीं, बैजनाथ वन परिक्षेत्र के तहत बैजनाथ बीट से निकिता, भद्रैना से निखिल, सकड़ी बीट से नेहा, चोबीन से शुभम, दियोल से दिवांक शर्मा, धरेड़ से अखिल कपूर, उतराला से अमित मिन्हास, संसाल से साहिल कपूर, लणोड़ से प्रिया कपूर, अंदरेटा से अभिषेक चौहान तथा भुआणा बीट से रजत कुमार को चयनित किया गया है।

# धर्मशाला में 26 को लगेगा रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान पुलिस ग्राउंड धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। सचिव जिला रेडक्रॉस सोसाइटी ओ.पी शर्मा ने लोगों से 26 जनवरी (रविवार) को प्रात: 10 बजे से आरंभ होने वाले इस शिविर में बड़ी संख्या में भाग लेने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि शिविर में एकत्रित रक्त जरूरतमंदों की जीवन रक्षा में काम आएगा।

# विद्युत उपभोक्ता 15 फरवरी तक करवा लें ई-केवाईसी





**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** विद्युत विभाग उपमंडल रेहन में कार्यरत कार्यकारी सहायक अभियंता अभिजीत सिंह ने बुधवार को मीडिया के माध्यम से उपमंडल रेहन के विद्युत उपभोक्ताओं से अपील कि है कि वे आगामी 15 फ़रवरी तक अपने बिजली मीटरों की ई-केवाईसी करवा ले अन्यथा सुविधाएं निरस्त कि जा सकती हैं। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा उपमंडल कार्यलय में ई-केवाईसी की जा रही है। बताया कि अभी तक रेहन के 77 फीसदी उपभोक्ताओं की ही ई-केवाईसी हुई है।

# अक्षिता राणा ने पास की फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट परीक्षा



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** नगर पंचायत बैजनाथ पपरोला के वार्ड 4 की अक्षिता राणा ने फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट सर्विस परीक्षा पास कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सकड़ी में बतौर प्राचार्य कार्यरत चंद्रपाल राणा और कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में कार्यरत सरोज कुमारी की पुत्री अक्षिता की प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा माउंट कार्मल स्कूल बैजनाथ में हुई। उसके उपरांत उन्होंने विनोत्सिया यूनिवर्सिटी यूक्रेन से एमबीबीएस की पढ़ाई की है। हाल ही में उन्होंने उक्त परीक्षा पास की है।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाएगा दलाईलामा का 90वां जन्मदिन: त्सेरिंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मैक्लोडगंज**



निर्वासित तिब्बती सरकार के राष्ट्रपति एवं सियोंग पेनपा त्सेरिंग ने दलाईलामा के 90वें जन्मदिन के अवसर पर आयोजित समारोह में त्सेरिंग ने कहा हम इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाएंगे। जिस भी देश में दलाईलामा ने यात्रा की है, हमने उन संगठनों और संस्थाओं से संपर्क किया है, जिन्होंने दलाई लामा को सम्मानित किया है और उनसे अनुरोध किया है कि वे उनके 90वें जन्मदिन के अवसर पर उनकी किसी भी प्रतिबद्धता पर कम से कम एक कार्यक्रम आयोजित करें। उन्हांने कहा हमारे पास दलाई लामा के जीवन के बारे में पारंपरिक थंगका, परम पावन के संदेशों और उनके जीवन और कार्यों के बारे में आधुनिक समय की तस्वीरें और फिल्मों के रूप में अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी सामग्री भी होगी। यह अंतरराष्ट्रीय होगा और धर्मशाला में होगा। कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है, जिसमें 2,3 और 4 जुलाई को सभी धार्मिक प्रमुखों का सम्मेलन, 5 जुलाई को दलाईलामा के लिए दीर्घायु प्रार्थना और फिर इस वर्ष 6 जुलाई को आधिकारिक 90वें जन्मदिन का समारोह शामिल है। उन्होंने कहा निर्वासित तिब्बती सरकार ने तिब्बती स्वतंत्रता संग्राम के 90वें जन्मदिवस के अवसर पर एक वर्ष तक चलने वाले समारोह की योजना बनाई है। उन्होंने कहा राजनीतिक कारणों से दलाईलामा के पुनर्जन्म प्रक्रिया में चीन की रुचि के कारण इस मुद्दे ने बहुत अधिक ध्यान आकर्षित किया है। दलाई लामा का जन्मदिन 6 जुलाई को मनाया जाएगा तथा इसी दिन दलाईलामा अपने पुनर्जन्म प्रक्रिया की घोषणा कर सकते हैं।

आह्वान

## कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के कुलपति ने ग्रामीण युवाओं का किया आह्वान

# हींग, केसर व काला जीरा की खेती पर करें फोकस

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के कुलपति प्रोफेसर नवीन कुमार ने मंगलवार को 20वीं प्रसार परिषद और 19वीं अनुसंधान परिषद की बैठकों की अध्यक्षता की। इनमें कृषि अनुसंधान और प्रसार सेवाओं में महत्वपूर्ण विकास को रेखांकित किया गया। उन्होंने घोषणा की कि कृषि विवि डॉ. वाईएस परमार बागवानी और वानिकी विश्वविद्यालय सोलन के सहयोग से किसानों की सहायता के उद्देश्य से सब्जी फसलों के लिए प्रथाओं का एक एकीकृत पैकेज जल्द ही जारी करेगा।

उन्होंने कॉलेज ऑफ कम्युनिटी साइंस और कॉलेज ऑफ वेटरनरी एंड एनिमल साइंसेज की सिफारिशों को प्रकाशित करने के लिए चल रहे प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय अपने प्रसार और अनुसंधान कार्यक्रमों की योजना बनाने में किसानों और अन्य हितधारकों को शामिल करना जारी रखता है। उन्होंने कहा कि कृषि, पशुपालन और संबद्ध क्षेत्रों में इसकी उपलब्धियों ने राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया है। बैठक के दौरान मधुमक्खी पालन, ठंडे पानी में मछली पालन, मुर्गी पालन, संरक्षित खेती एकीकृत कृषि और शून्य लगत व जैविक खेती जैसी प्रमुख पहलों पर चर्चा हुई। विश्वविद्यालय ने ग्रामीण युवाओं में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के साथ-साथ हींग, केसर और काला जीरा जैसी फसलों की खेती में अपने चल रहे काम पर भी जोर दिया। बैठक में विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार डॉ. मधु चौधरी, वित नियंत्रक नीरज सूद, डॉ. विपिन गुलेरिया और अन्य ने सक्रिय भागीदारी की। इस के अतिरिक्त परिषद के सदस्यों प्रगतिशील किसान उपेंद्र वर्मा, रिग्जिन छिदन, रत्ती राम शांडिल, करण सिंह, नरेंद्र संधू, मनोनीत सदस्य डॉ. वीके शर्मा, डॉ. एचएल शर्मा, डॉ. देशराज वाधवा ने भी बैठक में भाग लिया। विभिन्न विभागों के सदस्यों में संयुक्त निदेशक कृषि डॉ. एस के शर्मा और पशुपालन, मत्स्य पालन, केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, विश्वविद्यालयों के सांविधिक अधिकारी, कृषि विज्ञान केंद्रों के कार्यक्रम समन्वयक और अनुसंधान स्टेशनों के सह निदेशकों के प्रतिनिधियों ने भी अपनी विवाद्यालय के प्रसार व अनुसंधान कार्यकमों को सशक्त करने में अपना अपना योगदान दिया।

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में खुशबू फर्स्ट, जैसमीन सेकेंड



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

उपमंडल बैजनाथ की राजकीय उच्च पाठशाला सगूर में बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रक्कड़ के सौजन्य से स्वास्थ्य एवं मानसिक विषयों को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें मेडिकल ऑफिसर डॉ. दीपाशा मिश्रा उनके सहयोगी स्वास्थ्य कर्मचारियों निशा गुलेरिया, अंजू तथा आशा आदि ने भाग लिया। डॉक्टर दीपाशा ने विद्यार्थियों को विभिन्न रोगों जिनमें टीबी, एड्स, व्यक्तिगत स्वास्थ्य, खानपान, दैनिक दिनचर्या, नशीले एवं मादक पदार्थों के सेवन, कुसंग और परीक्षा के दौरान मानसिक समन्वय के ऊपर महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें खुशबू प्रथम, जैसमीन द्वितीय और प्रियांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्याध्यापक मनोज उपाध्याय ने डॉ. दीपाशा एवं स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त किया

### बहुरेंगे दूध उत्पादकों और पशुपालकों के दिन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगा बल

# मुख्यमंत्री आज ढगवार में रखेंगे 225 करोड़ के मिल्क प्लांट की आधारशिला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 23 जनवरी यानी आज धर्मशाला के ढगवार में 225 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले अत्याधुनिक मिल्क प्लांट की आधारशीला रख निर्माण कार्य का शुभारंभ करवाएंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे मेला ग्राउंड दाड़ी में जनसभा को भी संबोधित करेंगे। हिमाचल सरकार ढगवार में 1.5 लाख लीटर प्रतिदिन (एलएलपीडी) की प्रारंभिक क्षमता वाला एक स्वचालित दूध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित कर रही है, जिसे 3 लाख लीटर प्रतिदिन (एलएलपीडी) तक बढ़ाया जा सकता है।



उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने बताया कि ढगवार में बनने जा रहे मिल्क प्लांट से दूध उत्पादकों और पशु पालकों के दिन बहुरेंगे। उन्होंने कहा कि दूध उत्पादन के व्यवसाय को लाभप्रद बनाने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा 'हिम गंगा' योजना की घोषणा की गई है, जिसका उद्देश्य राज्य में दूध आधारित अर्थव्यवस्था विकसित करना है। उन्होंने बताया कि इस संयंत्र का उद्देश्य हिमाचल प्रदेश के पशुपालकों को उनके दूध के लिए एक विश्वसनीय बाजार प्रदान करके सीधे लाभ पहुंचाना है। उच्च गुणवत्ता वाले डेयरी उत्पादों के उत्पादन के माध्यम से दूध के मूल्य को बढ़ाकर, यह संयंत्र पशुपालकों की आय को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

ढगवार मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट के स्तरोन्नत होने से कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर, चंबा और ऊना जिलों के किसानों की आर्थिकी को मजबूत करने में मदद मिलेगी है। इससे हजारों लोगों को जोड़ा जाएगा। धर्मशाला हलके में इससे रोजगार के कई नए अवसर खुलेंगे। आपको बता दें कि वर्ष 1986 में स्थापित इस प्लांट की वर्तमान में क्षमता 20 हजार लीटर प्रतिदिन की है। मौजूदा समय में ढगवार मिल्क प्लांट में विभिन्न जिलों से 53 सहकारी सभाएं पंजीकृत हैं। प्लांट को नया लुक मिलने के बाद इनकी संख्या 250 तक हो सकती है।

#### सहकारी समितियां की जा रहीं गठित



**उपायुक्त** ने बताया कि इस संयंत्र के लिए दूध की खरीद प्रमुखतः चार जिलों कांगड़ा, ऊना, चंबा और हमीरपुर पर केंद्रित होगी, जिससे लगभग आधा हिमाचल प्रत्यक्ष रूप से लाभांवित होगा। दूध के संग्रहण के लिए जिला कांगड़ा सहित अन्य जिलों में भी सहकारी समितियों के गठन पर जोर दिया जा रहा है। इस पहल से आजीविका के नए अवसर पैदा होने के साथ डेयरी फार्मिंग की लाभप्रदता में सुधार होगा और क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस प्लांट के बनने से स्थानीय डेयरी किसानों के बीच व्यापक भागीदारी और समावेशिता सुनिश्चित होगी।

#### प्लांट में ये दुग्ध उत्पाद होंगे निर्मित

**डीसी** ने कहा कि यह अत्याधुनिक सुविधा दूध, टोंड दूध, डबल टोंड दूध, फ्लेवर्ड दूध, दही, पनीर, लस्सी, खोआ और मोजेरेला चीज सहित मूल्यवर्धित डेयरी उत्पादों का उत्पादन करेगी। ढगवार स्थित दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र के स्तरोन्नयन से इन क्षेत्रों में दूध की खरीद, प्रसंस्करण और विपणन प्रणाली सुदृढ़ होगी।

## कांगड़ा के सुनील धीमान को मिला 'श्रीश्री बेस्ट टीचर अवार्ड-नॉर्थ जोन'




**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

कांगड़ा के प्राथमिक शिक्षक सुनील धीमान ने हिमाचल प्रदेश का मान बढ़ाते हुए 'श्री श्री बेस्ट टीचर अवार्ड-नॉर्थ जोन' प्राप्त किया है। यह सम्मान उन्हें बेंगलुरु में आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक पूज्य गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर की दिव्य उपस्थिति में प्रदान किया गया। इस विशेष अवसर पर भारत सरकार के आयुष मंत्री श्री जाधव प्रतापराव गणपतराव भी उपस्थित रहे और उन्होंने सुनील धीमान की उपलब्धि की सराहना की।

आर्ट ऑफ लिविंग एक वैश्विक शैक्षिक और मानवीय संगठन है, जिसकी स्थापना 1981 में पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर ने की। यह संगठन 180 से अधिक देशों में कार्यरत है और तनाव प्रबंधन, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में अपने कार्यक्रमों और पहलों के माध्यम से 800 मिलियन से अधिक लोगों को लाभान्वित कर चुका है। हिमालय उन्नति मिशन के तहत, यह संगठन हिमालय क्षेत्र में सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देता है। सुनील धीमान वर्तमान में सरकारी प्राथमिक विद्यालय, बंदोल, कांगड़ा में प्राथमिक शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। 20 से अधिक वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में सेवा कर रहे धीमान ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार सहित कई राज्य स्तरीय सम्मान अर्जित किए हैं। उनकी मेहनत और प्रतिबद्धता ने सरकारी स्त्र2लों की शिक्षा प्रणाली को सशक्त किया है और उन्होंने सैकड़ों बच्चों को बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित किया है। श्री श्री रविशंकर के द्वारा सतत् हिमालय विकास हेतु लिए गए संकल्प हिमालय उन्नति मिशन में सुनील धीमान का विशेष रूप से कांगड़ा जिले के मॉडल परिदृश्य में महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

### हैप्पी बर्थडे



प्रेई (शाहपुर) के केशु को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### सालगिरह मुबारक



कुठार खुर्द (ऊना) के मनीष कुमार और सपना कुमारी को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## ज्वेलर्स को बताया हॉलमार्क का महत्व

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



भारतीय मानक ब्यूरो परवाणू शाखा कार्यालय की तरफ से ज्वेलर्स जागरूकता कार्यक्रम 22 जनवरी को नगरोटा में आयोजित किया गया। इसमें ज्वेलर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में हॉलमार्किंग HUID ,लाइसेंस प्राप्त करने कि प्रक्रिया व हॉलमार्किंग की अहम भूमिका के बारे विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में ज्वेलर्स को लाइसेंस बनाकर भी दिखाया गया। भारतीय मानक ब्यूरो, परवाणू के उपनिदेशक एवं वैज्ञानिक सी. गोरेनंद प्रसाद यादव एवं हॉलमार्किंग प्रतिनिधि सचिन पटेल उपस्थित रहे। ज्वेलर्स एसोसिएशन की तरफ से पूछे गए प्रश्नों का समाधान शाखा के उपनिदेशक एवं वैज्ञानिक सी. गोरेनंद प्रसाद यादव के द्वारा संतोषजनक किया गया। उन्होंने बीआईएस केयर ऐप के बारे में बताया। इस अवसर पर ज्वेलर्स एसोसिएशन के जिला प्रधान अजय वर्मा जी, तहसील नगरोटा प्रधान अरविंद वर्मा (बिंदु वर्मा ), (नगरी) प्रधान दिनेश वर्मा व एसोसिएशन के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## प्रत्येक बच्चे की प्रारंभिक शिक्षा उसकी मातृभाषा में दी जाए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलाधिपति पद्मश्री प्रो. हरमोहिंदर सिंह बेदी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रसंग में भारतीय भाषाओं के महत्व को दर्शाते हुए कहा कि राष्ट्रीय नीति 2020 के अनुसार प्रत्येक बच्चे की प्रारंभिक शिक्षा उसकी मातृभाषा में होनी चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के निर्माण के लिए ढाई लाख लोगों ने इसपर अपनी प्रतिक्रियाएं भी दीं हैं। वे बुधवार को केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से मनाए जा रहे 15वें स्थापना दिवस पर धौलाधार परिसर एक के सेमिनार हाल में आयोजित संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए बोल रहे थे। संगोष्ठी का आयोजन विश्वविद्यालय के पंजाबी एवं डोगरी और हिंदी विभाग की ओर से किया गया। इस संगोष्ठी का शीर्षक 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में क्षेत्रीय भाषाओं की स्थिति' रहा। दीप प्रज्जवलन के साथ संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ।

## अयोध्या मंदिर में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर निकाली शोभायात्रा





**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के अंतर्गत गांव मोहटली में हिंदू संगठन की ओर से सनातन जागरण उद्देश्य से श्रीराम के अयोध्या धाम में प्राण प्रतिष्ठा के 1 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। इस आयोजन के प्रमुख मोहटली के पूर्व प्रधान राजू, संदीप, प्रधान करतार सिंह, लक्की शर्मा, विजय बाकोलिया आदि ने विशाल भाव से श्रीरामजी की मूर्ति पर पुष्प अर्पित पहनकर उनकी प्राण प्रतिष्ठा की गई तथा बाद में एक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने रैली निकालकर भगवान राम के नारे 'जय श्री राम, जय श्री राम' लगाकर पूरा माहौल राममय कर दिया। यह रथ यात्रा मोहटली बाजार से होती हुई डमटाल के राम गोपाल मंदिर में संपन्न हुई। इस मौके पर राम भक्तों द्वारा कई जगह लंगर का आयोजन नहीं किया गया। (अनंत ज्ञान)

## बिजली बिल का भुगतान नहीं करने पर कटेगा कनेक्शन

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विद्युत उपमंडल डरोह के सहायक अभियंता इंजीनियर सुभाष कुमार ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा कि विद्युत उपमंडल डरोह के अंतर्गत आने वाले जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपना बकाया बिजली का भुगतान नहीं किया है, वे उपभोक्ता देय तिथि तक अपने बिजली बिल का भुगतान कर दें। उन्होंने कहा कि बिजली बिल का भुगतान न करने की स्थिति में बिना किसी अगामी सूचना के बिजली का कनेक्शन अस्थायी रूप से काट दिया जाएगा। उन्होंने जनता से बिजली बिल का भुगतान समय पर करने की अपील की है।

### न्यूज ब्रीफ

## नितिन का पीएचडी के लिए जेडीयू दिल्ली व संगीता का आईआईटी राजस्थान के लिए चयन

**अनंत ज्ञान, डरोह।** नितिन ठाकुर पुत्र सतवीर सिंह ( पंचायत प्रधान बारी कलां ) का चयन जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी दिल्ली में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) के लिए चयन हुआ है। वहीं, संगीता राणा पुत्री मनोहर लाल ( बारी कलां ) का चयन भी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ( आईआईटी) राजस्थान में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी के लिए चयन हुआ है । इन दोनों बच्चों ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बारी कलां से शिक्षा ग्रहण की है । समस्त पाठशाला के प्रधानाचार्य व अध्यापकों की तरफ से इनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं । इन बच्चों ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के साथ साथ ग्राम पंचायत बारी कलां तहसील खुंडियां और चंगर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



## थुरल भाजपा ने मनाया संविधान गौरव दिवस



**अनंत ज्ञान, डरोह।** विधानसभा क्षेत्र सुलह -14 के भाजपा मंडल थुरल में मंगलवार को संविधान गौरव अभियान के तहत कला मंच साई भ्रांता के मैदान में संविधान गौरव दिवस सफलतापूर्वक मनाया गया। इसकी अध्यक्षता थुरल के भाजपा मंडलाध्यक्ष विकास धीमान ने की। इसमें मुख्य वक्ता अजय कबीर ने जनता को संबोधित किया। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक विजय राणा, जी बी डी सी के उपाध्यक्ष राजेश मेहता, उपाध्यक्ष महेन्द्र सिंह राणा, भंडारी राम, नोरा जोन के प्रभारी प्रताप सिंह पठानिया, थुरल ज़ोन के प्रभारी प्रवेश शर्मा, भ्रान्ता ग्राम केंद्र के अध्यक्ष राज धीमान, सन्हू से सुमन कुमार, कोना से ग्राम केंद्र अध्यक्ष संजय जम्वाल, अशोक गुलेरिया, भिन्न-भिन्न पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान, सभी बूथों के त्रिदेव, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, सोशल मीडिया,आई टी ज्येष्ठ एवं श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की दिलाई शपथ



**अनंत ज्ञान, शाहपुर ।** 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान की पहल के 10 साल पूरा होने के उपलक्ष्य पर परियोजना कार्यालय रैत में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। उन्होंने रैली को हरी झंडी देने से पहले उपस्थिति आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाई गई। तथा अपने संबोधन में कहा कि बेटा-बेटी में भेदभाव न करके बेटियों को भी समान अधिकार मिले। घटते लिंगानुपात पर अपनी चिंता जाहिर करते हुए मुख्यातिथि ने कहा कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। इन्हें आगे बढ़ने का हर संभव मौका मिलना चाहिए, ताकि बेटियां भी आगे बढ़ सकें।

## चारा लाने गए व्यक्ति पर भालू ने किया हमला

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** ग्राम पंचायत गरीमा के गांव चलेड़ के साथ लगते जंगल में मवेशियों को चारा लेने गए व्यक्ति पर भालू ने हमला कर दिया। इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान जोगिंद्र कुमार पुत्र किरपा राम निवासी गांव चलेड़ के रूप में हुई है।

## सीएम सुक्खू की योजनाओं से मजबूत होती हिमाचल की ग्रामीण अर्थव्यवस्था

### प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बदली वर्षों से चली आ रही परंपरा

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण किसानों का भविष्य प्राकृतिक खेती में निर्भर है, जिसमें पशुपालन की भूमिका अहम है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ग्रामीण परिवेश के मजबूत करने की मजबूत पहल की है। ग्रामीण लोगों की आय में और अधिक सुधार कैसे हो, इस पर वे योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ रहे हैं। सुक्खू सरकार का मानना है कि प्रदेश का ग्रामीण क्षेत्र मजबूत होगा तो प्रदेश की आर्थिकी भी मजबूत होगा। अपने पहले बजट में ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव रखी। मुख्यमंत्री ने वर्षों से चली आ रही परंपरा में बदलाव किया है, जो इसलिए जरूरी था ताकि हिमाचल आत्मनिर्भरता की मिसाल बने और समृद्धि के शिखर पर पहुंचे। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए वर्तमान कांग्रेस सरकार के प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। दूध खरीद मूल्य में ऐतिहासिक वृद्धि से सरकारी दूध खरीद में लगातार वृद्धि हुई है।



प्रदेश राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लि. अब औसतन दो लाख लीटर प्रतिदिन दूध खरीद रहा है। दूध उत्पादकों को मासिक भुगतान 8.70 करोड़ रुपए से बढ़कर 25.62 करोड़ रुपए हो गया है, जिससे दूध उत्पादकों को प्रत्यक्ष वित्तीय लाभ मिल रहा है। इतना ही नहीं सुक्खू सरकार दूध आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए दुग्ध उत्पादकों से गाय का दूध 45 रुपए प्रति लीटर तथा भैंस का दूध 55 रुपए प्रति लीटर खरीद रहे हैं। चूंकि राज्य की 90 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है, इसलिए सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ग्रामीणों के हाथों में पैसा पहुंचे, जिससे उनका आर्थिक विकास हो सके।

अपने कांगड़ा शीतकालीन प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरकार भविष्य में भी इस दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेती रहेगी। सरकार ने दूध खरीद में पारदर्शिता लाने के लिए मिल्कफेड के माध्यम से पूरे राज्य में 455 स्वचालित दूध संग्रह केंद्र स्थापित किए गए हैं। मिल्कफेड राज्य के दूरदराज के इलाकों में भी किसानों के घर-घर जाकर सीधे दूध एकत्र कर रहा है, जिससे उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए वित्तीय लाभ सुनिश्चित हो रहा है। इसके अलावा, मिल्कफेड किसानों को 5 लीटर क्षमता वाले डिब्बे भी उपलब्ध करा रहा है। फेडरेशन राज्य के 11 जिलों में डेयरी विकास कार्यक्रम भी चला रहा है. जिसके तहत 1,148 ग्रामीण डेयरी सहकारी समितियां बनाई गई हैं और इसके अंतर्गत 47,905 सदस्यों को पंजीकृत किया गया है। इन पहलों का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय के आजीविका मानकों को बढ़ाना और राज्य की डेयरी अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। सुक्खू सरकर द्वारा चालू वित्त वर्ष से 500 करोड़ रुपए की प्रारंभिक लागत से हिम गंगा योजना भी शुरू की है। सरकार ने शिमला जिले के दत्तनगर में 25 करोड़ रुपए की लागत से 50,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता वाला नया दूध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किया है।

इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू कांगड़ा जिले के ढगवार में 1.50 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता वाला नया प्रसंस्करण संयंत्र भी स्थापित कर रही है, जिस पर 225 करोड रुपए खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ये पहल किसानों को उनके दूध उत्पादन के लिए लाभकारी मूल्य प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगी। (अनंत ज्ञान)

## बंदाहु में पूजा कर मनाई रामलला प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

रामलला प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के विशेष अवसर पर बंदाहु पंचायत में पूजा अर्चना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जयसिंहपुर के पूर्व विधायक रविंद्र रवि धीमान, आलमपुर के मंडल अध्यक्ष हनुमंत प्रसाद शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष राम रतन शर्मा, मंगल व्यास, कुलदीप जरयाल, संजय व्यास, पंचायत प्रधान यशपाल चौहान, उपप्रधान कुलदीप चौहान, कप्तान नरेश कुमार, कप्तान सुदर्शन चौहान, विनीत भारती, अशोक शर्मा, विपिन शर्मा, रणवीर उर्फ निक्कू, राजेश शर्मा, शशि भूषण शर्मा, विजय कुमार धीमान, हंसराज शर्मा, कुलवंत चौहान (सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक) और समस्त बंदाहु पंचायत के सदस्यों द्वारा पूजा-अर्चना की गई।

पूर्व विधायक रविंद्र रवि धीमान ने सभी को रामलला प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि श्रीराम सभी को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाएं और उनके आशीर्वाद से जीवन में सुख, समृद्धि और शांति का वास हो।

## सीएम केंद्रीय योजनाओं का कर रहे उद्घाटन: राकेश

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री राकेश चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद सिंह सुक्खू, मंत्री और विधायक केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत योजनाओं के शिलान्यास और और उद्घाटन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि यह कांगड़ा का प्रवास नहीं, कांगड़ा का विकास है। कांग्रेस पार्टी और मुख्यमंत्री झूठ बोल रहे हैं। मुख्यमंत्री कांगड़ा की जनता को बेवकूफ बना रहे हैं। मुख्यमंत्री बताएं कि कांगड़ा को कौन सा बड़ा प्रोजेक्ट दिया है, जिसका आपने शिलान्यास किया हो।

## मुख्यमंत्री ने ली चाय की चुस्कियां

### कचहरी चौक पर दुकान से खरीदे 500 रुपए के पपीते और संतरे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

एक बार फिर आम आदमी की तरह मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज धर्मशाला के कचहरी चौक के पास ढागरू स्वीट शॉप पर चाय की चुस्कियां लीं। मुख्यमंत्री शाम करीब साढ़े पांच बजे कचहरी चौक पहुंचे और सबसे पहले उन्होंने एक रेहड़ी से 50 रुपए की मूंगफली खरीदी और दुकानदार से बातचीत की।



पालमपुर के पास चांदपुर के रहने वाले रेवड़ी लगाने वाले रमेश चंद ने बताया कि वह वर्ष 1990 से यहां अपनी रेहड़ी लगा रहे हैं और इसी दुकान से अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने स्थानीय दुकानदारों से बातचीत भी की और उनका कुशलक्षेम पूछा। इसके बाद वह अमरजोत की सब्ज़ी की दुकान पर गए और उससे पपीते और संतरे ख़रीदे, जिसके उन्होंने 500 रुपए भी चुकाए।

बातचीत में अमरजोत ने बताया कि वह खुद दुकान करती है क्योंकि पिता का देहांत हो चुका है और परिवार में कमाने वाला कोई नहीं है। परिवार के सभी भाई बहन उससे छोटे हैं और सब्जी व फल की दुकान करती है। साथ ही उसकी बहन की जूस की दुकान भी है। मुख्यमंत्री परिवार से मेहनत से बहुत प्रभावित हुए और कहा कि आप पूरी मेहनत करें, राज्य सरकार परिवार की पूरी मदद करेगी।

## राजा का तालाब को विधानसभा क्षेत्र बनाने की उठने लगी मांग

**अनंत ज्ञान, राजा का तालाब**

परिसीमन की सुगबुगाहट के बीच विधानसभा क्षेत्र फतेहपुर की उपतहसील राजा का तालाब को अलग विधानसभा क्षेत्र बनाए जाने की मांग इन दिनों जोर पकड़ने लगी है। लोगों का कहना है कि राजा का तालाब चार विधानसभाओं के संगम से सटा हुआ एक ऐतिहासिक कस्बा है, जिसमें फतेहपुर, जवाली, नूरपुर और इंदौरा विधानसभा की दूरदराज की पंचायतें समाहित हो सकती हैं और एक नया विधानसभा क्षेत्र अस्तित्व में आ सकता है, जिसमें हिमाचल की दूसरी सबसे बड़ी विधानसभा जवाली का भरमाड़, सिद्धपुर्घाड़ ढसोली बनोली आदि पंचायतों को जवाली से काट दें तो जवाली का आकार भी कम हो जाएगा, जबकि नूरपुर, फतेहपुर और इंदौरा की मतदाता संख्या भी एक लाख के करीब पहुंच गई है। इन विधानसभाओं से यदि 20 से 25 हजार मतदाता निकालकर नई विधानसभा में डालकर एक नई विधानसभा अस्तित्व में आ सकती है । इसमें जानकारों का तर्क यह भी है कि राजा का तालाब से 8 किलोमीटर के दायरे में ही चारों विधानसभाओं के 20 से 25 हजार मतदाता राजा का तालाब में शामिल हो जाएंगे। राजा का तालाब में अब तक उपतहसील, पौंग बांध विस्थापितों का राहत एवं पुनर्वास कार्यालय जल शक्ति विभाग और बिजली बोर्ड का उपमंडल तथा प्राथमिक स्वास्थ्य जैसी सुविधाएं हैं। नई विधानसभा क्षेत्र बनने पर इन संस्थाओं को स्तरोन्नत करके एक आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाया जा सकता।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

### सूचना

**मैं, प्रदीप कुमार** (55 वर्ष) पुत्र श्री मेला राम वार्ड नं. 9 गांव बड़ी हलेड़, डाकघर कांगड़ा, तह. व जिला कांगड़ा (हि.प्र.) घोषणा करता हूं कि मेरा बेटा हर्ष मेरे कहने-सुनने से बाहर है। अत: मैं अपने बेटे हर्ष कुमार को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

## न्यूज ब्रीफ

### बिजली के मीटरों की ई-केवाईसी 28 व 29 को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। सहायक अधिशाषी अभियंता विद्युत उपमंडल नंबर-एक दिनेश कौंडल ने बताया कि सभी विद्युत उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी 28 व 29 जनवरी को की जाएगी। जारी शैड्यूल के अनुसार 28 जनवरी को दयोली, सिहड़ा, कुड्डी, परोही, बरमाना, कल्लर और धार टटोह तथा 29 जनवरी को नोग, बैरी रजादियां, जब्बली, छडोल, ड्रोबड़, पंजगाईं और कोठीपुरा में ई-केवाईसी का कार्य किया जाएगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि निर्धारित तिथि को विद्युत-अनुभाग कार्यालय-एक के सार्वजनिक कार्यालय में उपभोक्ता अपने साथ बिल व आधार कार्ड लेकर आएं। यदि किसी उपभोक्ता की मृत्यु हो चुकी है तो परिवार से किसी भी एक सदस्य का आधार कार्ड साथ लेकर आएं। यदि कोई उपभोक्ता ई-केवाईसी नहीं करवाता है तो भविष्य में मिलने वाले उनके सभी वित्तीय लाभ (सब्सिडी) बंद हो जाएगी, जिसके लिए उपभोक्ता स्वयं जिम्मेदार होगा।

### संविधान गौरव अभियान 24 जनवरी को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। भारतीय जनता पार्टी जिला बिलासपुर द्वारा संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत 24 जनवरी को कोठीपुरा में आयोजित किया जाएगा। जिसमें भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व ऊना सदर के विधायक सतपाल सत्ती मुख्यातिथि होंगे। भाजपा के जिलाध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल ने कहा संविधान गौरव अभियान की शुरुआत अंबेडकर भवन कोठीपुरा में सुबह 10:30 बजे होगी। इसमें श्री नयना देवी के विधायक रणधीर शर्मा, झंडूता के विधायक जीत राम कटवाल, सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल, पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से निवेदन किया है कि भारी संख्या में पहुंच कर सतपाल सत्ती के विचार सुने।

### महाकुंभ के गंगाजल से होगा शिवलिंग का रुद्राभिषेक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। नीलकंठ महादेव कांवड़ सेवा संघ बिलासपुर की ओर से इस बार महाशिवरात्रि पर विशेष कार्यक्रम होगा। महाशिवरात्रि के संघ की ओर से दुर्गा माता मंदिर रौड़ा सेक्टर बिलासपुर में स्थापित शिवलिंग को प्रयागराज महाकुंभ से लाए जाने वाले गंगाजल से रुद्राभिषेक किया जाएगा। संघ के कोषाध्यक्ष अरविंद शर्मा ने बताया कि इस साल प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है। महाकुंभ के लिए संघ के पदाधिकारी व सदस्य गए हुए हैं। यह लोग 23 फरवरी को वापस बिलासपुर गंगाजल के साथ आएंगे। उनके यहां आने के बाद ढोल-नगाड़ों के साथ बिलासपुर शहर में कावड़ यात्रा निकाली जाएगी और उक्त गंगाजल का लेकर पूरे शहर की फेरी लगाई जाएगी। उसके बाद महाशिवरात्रि के दिन मंदिर में महाशिव का रुद्राभिषेक किया जाएगा और भक्तों को प्रसाद भी वितरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह पहली बार होगा जब महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव के मूर्ति की प्रतिष्ठा एवं स्थापना करके के बाद प्रयागराज के गंगाजल से रुद्राभिषेक किया जाएगा।

### दोस्त बनकर आए युवकों ने चुराई बलटोही

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। बेटे के दोस्त बनकर आए 2 युवाओं ने धौणकोठी से एक घर से एक बलटोही चुरा ली। थाना बरमाणा पुलिस ने सीता राम निवासी धौणकोठी डाकघर पंजगाईं तहसील सदर जिला बिलासपुर की शिकायत के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी गई शिकायत में कहा है कि गत 20 जनवरी को 2 युवक उसके घर में आए तथा अपने आपको उसके बेटे का दोस्त बताया। उसका बेटा जेल में बंद है। आरोपियों ने उससे कहा कि उसके बेटे सुभाष चंद ने कंबल व कुछ पैसे घर से मंगवाए हैं। उसने उन्हें कंबल व पैसे देने से मना कर दिया। जिस पर आरोपियों ने उससे चाय पिलाने की मांग की। वह दूध लाने के लिए दुकान गया तथा जब दूध लेकर वापस आया तो उसने दे एक ही युवक वहां पर था। जब वह चाय बनाने लगा तो वह युवक भी वहां से चला गया। अगली सुबह 21 जनवरी मंगलवार को जब उसने घर का निरीक्षण किया तो एक बलटोही गायब पाई। आरोप लगाया कि संबंधित युवक ही उसकी बलटोही को चुराकर ले गए होंगे। बलटोही की कीमत लगभग 20 हजार है। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि थाना बरमाणा में मामला दर्ज कर लिया है तथा मामले की आगामी कार्रवाई की जा रही है।

### 23 व 24 को करवाएं जमीन की ई-केवाईसी

अनंत ज्ञान, बरठीं। पटवार सर्कल बरठीं के अंतर्गत आने वाले सभी गांव के लोगों से पटवारी विशाल नड्डा ने आग्रह किया सभी ईकेवाईसी करवाना सुनिश्चित करें, ताकि सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी का लाभ उठा सके सभी अपनी जमीन की ई-केवाईसी करवाना सुनिश्चित करें ताकि किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े, ई-केवाईसी 23 जनवरी को कार्यालय पटवार वृत्त सुंहाणी व 24 जनवरी को पंचायत घर सुंहाणी, पंचायत घर बरठीं में की जाएगी। जिन लोगों को ईकेवाईसी योजना के 2000 रुपए मिलते हैं या फार्म भरा है,उनको अगली किश्त जमीन की ई-केवाईसी के बाद ही मिलेगी। सुंहाणी में लगभग 70 प्रतिशत ई-केवाईसी का काम पूरा हो चुका है बाकी बचे काम को पूरा करवाने में सहयोग करें।

### छत पर सोलर प्लांट लगाएं, मुफ्त बिजली का लाभ उठाएं

गोपाल कपिल, झंडूता। सहायता अभियंता विद्युत विभाग झंडूता राजेश धीमान ने झंडूता उपमंडल के सभी से लोगों से पीएम सूर्य मुफ्त बिजली योजना के बारे में बताया कि झंडूता उपमंडल के अंतर्गत आने वाले सभी घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वह अपने छत पर एक सोलर प्लांट लगाएं और पीएम सूर्य मुफ्त बिजली का लाभ उठाएं। इसके अंतर्गत जो हमारे उपभोक्ता हैं। अगर उसमें जो बिजली का लोड जो 3 किलोवाट तक है, वे तीन किलोवाट का सोलर प्लांट लगा सकते हैं। अगर दो किलोवाट का है तो वे दो किलोवाट का सोलर प्लांट लगवा सकते हैं। अगर किसी का लोड उससे कम है तो वह हमें फाइल दे हम उसे तैयार करवाकर दे देंगे। सबसे पहले, इच्छुक उपभोक्ता को राष्ट्रीय पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। यह राज्य और बिजली वितरण कंपनी का चयन करके किया जाना है। राष्ट्रीय पोर्टल उपयुक्त सिस्टम आकार, लाभ कैलकुलेटर, विक्रेता रेटिंग आदि जैसी प्रासंगिक जानकारी प्रदान करके परिवारों की सहायता करेगा। उपभोक्ता विक्रेता और रूफ टॉप सोलर यूनिट का ब्रांड चुन सकते हैं जिसे वे स्थापित करना चाहते हैं। इसमें एक किलोवाट प्रणाली के लिए 33,000 रुपए, 2 किलोवाट प्रणाली के लिए 66,000 रुपए तथा 3 किलोवाट या उससे अधिक प्रणाली के लिए 85,800 रुपए की सब्सिडी है।

### घुमारवीं में आशा कार्यकर्ता के तीन खाली पद

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। स्वास्थ्य खंड घुमारवीं के अंतर्गत तीन पंचायतों में आशा वर्कर्स के तीन खाली पद भरे जाएंगे। इसके लिए इच्छुक उम्मीदवार 20 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेश जसवाल ने बताया कि ग्राम पंचायत भराड़ी के वार्ड नंबर 1 और 7 से एक आशा वर्कर्स, ग्राम पंचायत रोहिन के वार्ड नंबर 1 और 3 से एक आशा वर्कर्स, ग्राम पंचायत घंडालवी के वार्ड नंबर 8 और 9 से एक आशा का पद भरने की स्वीकृति प्राप्त हुई है, इस पद के लिए विवाहित महिला जो उस वार्ड की स्थायी निवासी होनी चाहिए व पंचायत सचिव द्वारा वार्ड नंबर का जारी प्रमाण पत्र आवेदन प्रपत्र के साथ संलग्न करें, आवेदनकर्ता की आयु 25 से 45 वर्ष तक होनी चाहिए, विवाहित/विधवा/ तलाकशुदा/ परित्यागा महिला को प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदन करता स्थानीय भाषा बोलने में निपुण होनी चाहिए, ग्रामीण आशा के लिए शैक्षणिक योग्यता आठवीं पास होनी चाहिए। 3 फरवरी से आवेदनकर्ता खंड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय घुमारवीं से प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी शाम 5 बजे तक है। इन पदों हेतु साक्षात्कार 27 फरवरी 2025 को प्रातः 11 बजे खंड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय घुमारवीं में होंगे। साक्षात्कार के समय आवेदनकर्ता को दस्तावेजों के सत्यापन के लिए मूल प्रमाण पत्र साथ लाने होंगे।

# पर्यटन विभाग के साथ मिलकर शुरू करेंगे वेलनेस पंचकर्म चिकित्सा : यादविंद्र गोमा

**हिमाचल** प्रदेश सरकार वाटर टूरिज्म के बाद अब पंचकर्म चिकित्सा की ओर आगे बढ़ने जा रही है। प्रदेश के मनाली, पपरोला और शिमला जिले में इसको पायलट बेस पर जल्द शुरू किया जा रहा है। उसके बाद इसे प्रदेशभर के टूरिज्म होटलों में शुरू करने की तैयारी है। यह बात आयुष, कानून व युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री **यादविंद्र गोमा** ने 'अनंत ज्ञान' से विशेष बातचीत के दौरान कही। गोमा ने कहा कि प्रदेश में पंचकर्म की संभावनाएं अधिक हैं, ऐसे में इन संभावनाओं को तलाशने और उनको प्रमोट करने के लिए सरकार ने यह निर्णय लिया है, ताकि हिमाचल प्रदेश की आमदनी बढ़े। साथ ही प्रदेश का नाम भी रोशन हो। पेश हैं बिलासपुर जिले के ब्यूरो चीफ **शुभम राही** के साथ हुई उनकी बातचीत के मुख्यांश:-

*प्रश्नः हिमाचल प्रदेश में वर्तमान में पंचकर्म टूरिज्म की सुविधाएं कहां-कहां दी जा रही हैं?*

उत्तरः शुरुआती दौर में पंचकर्म की सुविधा क्षेत्रीय चिकित्सालय शिमला, आयुर्वेदिक अस्पताल पपरोला, कांगड़ा व मनाली में शुरू की जा रही है। बड़ी बात यह है कि इस सुविधा में पर्यटन विभाग को भी जोड़ा गया है और पंचकर्म चिकित्सा करवाने के लिए आने वालों को पर्यटन निगम के होटलों में रहने की सुविधा दी जाएगी। ऋषिकेश, केरल व अन्य राज्यों में आयुर्वेदिक चिकित्सा के माध्यम से पर्यटन को प्रोत्साहित करने को लेकर काम किया जा रहा है। इन तीन स्थानों में होने वाले पंचकर्म में अस्पतालों की तर्ज पर काम नहीं होगा, बल्कि चिकित्सा पर्यटन को प्राथमिकता दी जाएगी।

*प्रश्नः क्या पंचकर्म चिकित्सा के लिए आने वाले पर्यटकों को साथ के होटलों में रहने की व्यवस्था होगी?*

उत्तरः सरकार पर्यटन विभाग के साथ मिलकर होटलों में वेलनेस पंचकर्म चिकित्सा सुविधा शुरू करने जा रही है ताकि यहां आने वाले पर्यटक घूमने के साथ-साथ इस पद्धति से अपना उपचार करवा सकें। इसके लिए पर्यटक को चिकित्सा से लेकर रहने सहने को लेकर विशेष पैकेज बनाया जाएगा। हालांकि, प्रदेश में कई आयुर्वेदिक संस्थानों में पंचकर्म होता है, लेकिन वहां आने वाले लोगों को मरीजों की तरह ही रखा जाता है।



*प्रश्नः क्या चिकित्सा पर्यटन में लाभार्थी को घूमने-फिरने, रहने की सुविधाएं दी जाती हैं?*

उत्तरः ट्रायल के आधार पर तीन स्थानों में पंचकर्म चिकित्सा शुरू की जा रही है। इसके बाद अन्य पर्यटन स्थलों में भी यह सुविधा दी जाएगी, ताकि पर्यटक हिमाचल में सिर्फ घूमने ही न आएं, बल्कि यहां आकर स्वास्थ्य लाभ भी लें और उन्हें यहां कुछ दिन रुकने को मजबूत आधार भी मिले।

*प्रश्नः खेलों को बढ़ावा देने के लिए क्या कर रही है सरकार?*

उत्तरः प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार नए कदम उठा रही है। राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल को पहचान दिलाने के लिए हिमाचल सरकार ने खिलाड़ियों के कैश रिवार्ड की भी बढ़ोतरी की है। अभी हाल ही में शिमला में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा इन खिलाड़ियों को यह कैश रिवार्ड भी दिए गए हैं। इसी तरह से स्कूल, कॉलेज स्तर पर भी खिलाड़ियों को स्टाइपेंड देने की भी प्लानिंग की जा रही है, जिसमें जिला, खंड स्तर के खिलाड़ियों को उनके खेल सामग्री से लेकर उनके शूज व कपड़ों तक के लिए स्टाइपेंड दिया जाएगा।

आयुष, कानून, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री से
**विशेष बातचीत**

*प्रश्नः बिलासपुर जिले के खेल मैदानों के बारे में क्या कहेंगे आप?*

उत्तरः बिलासपुर जिले में भी खेल मैदानों को दुरुस्त करने के लिए आदेश जारी किए गए थे, ऐसे में यहां के सभी खेल मैदान जिला खेल विभाग द्वारा सही किए गए हैं। बिलासपुर जिला के इंडोर स्टेडियम के सुधारीकरण को लेकर भी पैसा जारी किया जा रहा है, ऐसे में अगर और कई अन्य कमियां भी होंगी, तो उनको भी सुधारा जाएगा, ताकि बिलासपुर जिले के खिलाड़ियों को भी किसी भी तरह से दिक्कत न हो।

*प्रश्नः आयुष विभाग की दशा और दिशा सुधारने के लिए प्रदेश सरकार का क्या है अगला कदम?*

उत्तरः प्रदेश में आयुष स्वास्थ्य को लेकर भी कई निर्णय लिए जा रहे हैं। प्रदेश में आयुष प्रणाली को मजबूत करने के लिए अभी हाल ही में 150 चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है। भाजपा सरकार ने इन चिकित्सकों की भर्ती तो की थी, लेकिन उनके लिए वित्तीय व्यवस्था न करने से चिकित्सकों को काफी दिक्कतें थीं। ऐसे में कांग्रेस सरकार ने चिकित्सकों के लिए सही निर्णय लेकर उनको प्रदेशभर के अस्पतालों में नियुक्ति भी दे दी है। सरकार अब जल्द ही अन्य आयुष चिकित्सकों की भर्ती करने जा रही है, जिसको लेकर जल्द ही कैबिनेट में चर्चा कर अंतिम मुहर लगाई जाएगी।

# बिलासपुर अस्पताल में आए दिन खराब हो रही एक्स-रे मशीन

## चिकित्सा अधीक्षक ने एक्स-रे संचालक कंपनी की लगाई क्लास

शुभम राही, बिलासपुर

क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में आए एक्स-रे सुविधा सुचारु रूप से मिलना यह अब मुश्किल हो गया है। यहां पर आए दिन एक्स-रे मशीन खराब हो रही है, इस मशीन के सॉफ्टवेयर में आए दिन कुछ न कुछ खराबी आ रही है, जिससे यहां पर लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं, यह सब शिकायतें अब चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके सिंह के पास भी पहुंच रही है। ऐसे में इन शिकायतों को लेकर बुधवार को चिकित्सा अधीक्षक ने संचालक कंपनी के कर्मचारियों की खूब क्लास ली है। यहीं नहीं, अस्पताल प्रशासन संचालक कंपनी को बतौर एक पत्र भी लिखने जा रहा है, जिसमें सख्त रूप से यह बोला जा रहा है कि अगर इसी तरीके से एक्स-रे मशीन खराब होती रही तो फिर उक्त संचालक कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि आए दिन अस्पताल में एक्स-रे सुविधा बंद हो रही है और मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



खबर की पुष्टि चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके सिंह ने की। एक्स-रे मशीन के सॉफ्टवेयर में आए दिन कुछ न कुछ दिक्कत आ रही है। जिसके कारण यहां पर आए दिन एक्स-रे सुविधा बंद हो जा रही है। गौरतलब है कि सर्दियों के मौसम में जुखाम और बुखार के अधिक मरीज जिला अस्पताल में पहुंच रहे हैं। वहीं, अधिकतर ऐसे मरीजों की जांच छाती के एक्स-रे के बाद ही की जाती है। लेकिन बिलासपुर अस्पताल में खराब पड़ी एक्स-रे मशीन के चलते मरीजों को निजी लैब में जाना पड़ रहा है।

बिलासपुर जिला के झंडूता, नयना देवी के क्षेत्रों से पहुंचे संदीप, विकास, दुर्गी देवी, गौरी शर्मा, उमदत्त, मंदीप व अन्य मरीजों ने बताया कि वह अपना ईलाज करवाने के लिए जिला अस्पताल आए हुए थे। यहां पर एमडी विशेषज्ञ ने उन्हें एक्स-रे करवाने के लिए कहा, लेकिन यहां पर एक्स-रे न होने की वजह से वह निजी लैब से एक्स-रे करवाकर आए तो तब तक चिकित्सक के पास उनका नंबर काफी पीछे चला गया था।

मरीजों का कहना है कि यहां पर वह सुबह से अस्पताल में आ जाते हैं। ऐसे में सबसे बड़ा चैलेंज उनके लिए पर्ची बनाना होता है, उसके बाद चिकित्सक तक पहुंचना ही बहुत बड़ी चुनौती होती है, क्योंकि मरीजों की संख्या अधिक होने के चलते यहां पर नंबर काफी देर बाद पड़ता है। ऐसे में अगर अस्पताल में ही सारी सुविधाएं न मिले तो फिर उनको चिकित्सक के पास जांच करवाने में काफी दिक्कतें होती है। अस्पताल में हर दूसरे दिन खराब एक्स-रे मशीन की वजह से सैकड़ों मरीजों को निजी लैब में जाकर एक्स-रे करवाने पड़ रहे हैं।

उधर, इस संदर्भ में जब चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि इस समस्या को लेकर क्रसना कंपनी को पत्र लिखा जा रहा है। फोन के माध्यम से भी उनको अवगत करवाया गया है। आए दिन मशीन खराब होने की शिकायतें आ रही है, जिसके बाद कंपनी को सख्त आदेश जारी किए हैं कि इस मशीन को सुचारू रूप से चलाए जाए। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए अस्पताल प्रशासन कार्यरत है। (अनंत ज्ञान)

# जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक में 34 मदों पर हुई चर्चा



अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

अधिकारियों को आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। यह बात जिला परिषद अध्यक्ष विमला देवी ने जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।

उन्होंने जिला परिषद के सदस्यों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आग्रह किया कि विभिन्न विकास कार्यों को आपसी समन्वय से तय सीमा के भीतर पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि जन प्रतिनिधि विभिन्न समस्याओं को संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ आपसी तालमेल स्थापित कर समाधान कर सकते हैं। इस दिशा में सभी विभागों का सक्रिय सहयोग आवश्यक है।

बैठक में कुल 34 मदें, जिनमें 18 पुराने मद, 16 नए मदों पर विस्तृत चर्चा की गई। इनमें अधिकतर सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, पेयजल, परिवहन जैसी विभिन्न मदों पर अधिकारियों के साथ चर्चा की गई तथा उनके समाधान का प्रयास किया गया।

इस मौके पर 15वें वित्तायोग के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए संबंधित विभागों के साथ विकास योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा भी की गई। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. निधि पटेल ने कहा कि जिला प्रशासन चुने हुए प्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर जन समस्याओं के निवारण के लिए सदैव प्रयासरत है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विकासात्मक कार्यों में गुणवत्ता के साथ-साथ तीव्रता लाएं। जिला पंचायत अधिकारी डॉ. तिलकराज ने बैठक की कार्रवाई का संचालन किया।

# अखिल हिमालय महोत्सव व्यास उत्सव मेला शुरू



अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

अखिल हिमालय महोत्सव व्यास उत्सव मेला का बुधवार को विधिवत रूप से शुरू हो गया। रोड़ा सेक्टर स्थित दुर्गा माता मंदिर में शुभारंभ अवसर पर मुख्यातिथि प्रगति समाज सेवा समिति के अध्यक्ष व गो रक्षक सुनील कुमार ने पूजा-अर्चना कर किया। जिसके बाद उन्होंने अखिल हिमालय व्यास उत्सव मेला के रिबन काट कर व व्यास जी प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्वलित किया।

सुनील कुमार ने कहा हम बचपन से इस मैदान में खेला करते थे। हम व्यास जी की कृपा से ही गो रक्षा का कार्य कर रहे हैं। अखिल हिमालय महोत्सव व्यास उत्सव मेला में दिन के समय निबंध लेखन वर्ग क, ख, चित्रकला वर्ग क, ख, धीरे साइकिल चलाओ व दौड़ प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। प्रतियोगिता का इनाम वीरवार रात्रि कार्यक्रम में दिए जाएंगे। इस अवसर सुनील, अजय, अविनाश कपूर, चमन गुप्ता, राजकुमार, व्यास रक्तदाता समिति के अध्यक्ष व व्यास उत्सव मेला के प्रवक्ता कर्ण चंदेल, कृष्णकांत, संजय, मदन, कुलदीप राजेंद्र सोहड़ आदि उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस पर अनिरुद्ध सिंह होंगे मुख्यातिथि

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। जिला बिलासपुर में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने बताया कि जिला स्तरीय समारोह राजकीय ब्वॉयज वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बिलासपुर के खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और भव्य मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। उन्होंने बताया कि मार्च पास्ट में होमगार्ड, एनसीसी, एनएसएस और स्काउट एंड गाइड्स की टुकड़ियां भाग लेंगी। स्कूली विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों एवं अन्य को सम्मानित भी किया जाएगा। बताया कि जिला स्तरीय समारोह के लिए सभी तैयारियां आरंभ कर दी गई हैं। उन्होंने जिला वासियों से आग्रह किया है कि जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।

# ग्लासी गांव में हुई प्रबुद्ध नागरिक संगोष्ठी





अनंत ज्ञान, घुमारवीं

संस्कार सोसायटी घुमारवीं एवं आरोग्य भारती हिमाचल के संयुक्त तत्वाधान द्वारा आयोजित प्रबुद्ध नागरिक संगोष्ठी का आयोजन कोठी पंचायत के ग्लासी गांव में किया गया। संस्कार संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने मुख्य वक्ता राजस्थान व उत्तर क्षेत्र संयोजक आरोग्य भारती संजीवन कुमार व कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय लोगों का स्वागत कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

उन्होंने कहा कि आज से हम सभी को आरोग्य भारती के मूल मंत्र को अपने जीवन शैली में अपना कर स्वस्थ समाज का निर्माण करना है। संजीवन कुमार ने आरोग्य भारती के मूल उद्देश्य के बारे में बताते हुए कहा कि बीमारी होने के बाद चिकित्सक दवाइयों के माध्यम से मरीजों का उपचार करते हैं, जबकि आरोग्य भारती की परिकल्पना है कि व्यक्ति को बीमार होने से किस तरह से रोक सकते हैं। हमें उस पर चिंतन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि तमाम चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि यदि व्यक्ति योग, प्राणायाम, मौसमी फल, हरी सब्जियां, प्रातःकाल गुनगुना पानी आदि को अपने जीवन शैली में शामिल करता है तो बीमारियों के होने से बच सकता है। हम जिंदगी की भाग दौड़ के कारण खड़े-खड़े भोजन कर रहे हैं अगर हम बैठकर भोजन करें तो बीपी और शुगर से भी छुटकारा पा सकते हैं।

हमें पानी बैठकर पीना चाहिए और दूध खड़े होकर पिएं यह हमारे बुजुर्ग वीडियो से कहते आ रहे हैं। जिस तरह से समाज की शैली बदल रही है वह रोग पैदा कर रही है। उन्होंने कहा कि शरीर में तीन दोष होते हैं वात, कफ और पित्त इनको संतुलित करना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में शांति स्वरूप विभाग संघ चालक, नीरज शर्मा, शिव कुमार, रोशन, रूपिंद्र, शशि शर्मा, अमृत लाल कटना आदि उपस्थित रहे।

# वन मित्र भर्ती का परिणाम घोषित

अनंत ज्ञान, झंडूता। वन परिक्षेत्र झंडूता के रेंज आफिसर देशराज संख्यान ने बताया कि वन मंडल बिलासपुर के वन परिक्षेत्र झंडूता में वन विभाग में जो वन मित्र भर्ती की गई थी। उसका परिणाम घोषित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जो वन मित्र भर्ती के दस्तावेज सत्यापन हेतु दिनांक 18 नवंबर 2024 को बुलाए गए थे व वन विभाग द्वारा तय मापदंडानुसार उत्तीर्ण हुए हैं। उनका वन मित्र भर्ती परीक्षा परिणाम वन परिक्षेत्र कार्यालय झंडूता के नोटिस बोर्ड पर लगाया गया है, जहां से अभ्यर्थी देख सकते है।

देशराज ने बताया कि इसमें हमारे पास फिजिकल टेस्ट में जो बच्चे पास हुए इसके बाद उनके दस्तावेज चेक किए गए। 36 में से 34 बच्चे वहां पर आए थे दो बच्चे इसमें नहीं आए थे। हमारे पास कुल 12 पोस्टें थीं।

# महिलाओं के लिए 1500 की पात्रता तय करने का अधिकार पंचायतों को देना गलत : रामलाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को 1500 की पात्रता तय करने का अधिकार पंचायतों को सौंपने का निर्णय गलत है। इस कदम से योजना का राजनीतिकरण और भाजपाकरण होगा। इससे गरीब और पात्र महिलाएं इस योजना का लाभ प्राप्त नहीं कर पाएंगी।

रामलाल ठाकुर ने बिलासपुर में पत्रकार वार्ता में कहा कि कांग्रेस ने चुनावी वादे में प्रदेश की पात्र महिलाओं को 1500 देने का वादा किया था। इसे मुख्यमंत्री ने लाहौल-स्पीति में लागू किया। इसके बाद इस योजना को राज्य के अन्य हिस्सों में भी प्रभावशाली लोगों द्वारा लागू कराया। उन्होंने कहा कि जिन पंचायतों में भाजपा के प्रतिनिधि हैं, वहां इस योजना का राजनीतिकरण होगा। भाजपा समर्थित पंचायत प्रधान इसे केवल राजनीतिक लाभ के लिए लागू करेंगे।

उन्होंने कहा कि आगामी आठ माह में होने वाले पंचायत चुनाव में भाजपा के प्रधान इस योजना का दुरुपयोग करेंगे, ताकि चुनाव में अपने पक्ष में लाभ प्राप्त कर सकें। इससे वास्तविक और पात्र महिलाओं को योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

**आयोजन** जाइका प्रोजेक्ट की पहल किसानों बढ़ाने में वृद्धि करने में करेगी भरपूर मदद

# नुक्कड़ नाटकों से किसानों को किया जागरूक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

खंड परियोजना प्रबंधक डॉ. देवेंद्र सांख्यान ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में कृषि क्षेत्र को सशक्त और आधुनिक बनाने के लिए जापान इंटरनेशनल को-ऑपरेशन एजेंसी (जाइका) द्वारा संचालित फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना के दूसरे चरण के तहत खंड परियोजना प्रबंधन इकाई (केपीएमयू), बिलासपुर ने 20 जनवरी से 22 जनवरी तक छह उप-परियोजनाओं भक्तपुर, बैरन जजेडी, सुसनाल, भपराल, तरोनतरा और छकोह में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

उन्होंने बताया कि इस अभियान के माध्यम से किसानों को जाइका परियोजना के उद्देश्यों, इसके लाभों और फसल विविधीकरण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। यह पहल न केवल किसानों की आय में वृद्धि करने में मदद करेगी, बल्कि उन्हें आधुनिक और व्यावसायिक खेती की दिशा में भी प्रेरित करेगी।



उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान महासंगम थिएटर ग्रुप के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से किसानों को परियोजना के उद्देश्यों और उनके गांव में लागू की जाने वाली उठाऊ सिंचाई योजना की विस्तृत जानकारी दी। इस योजना से किसानों को सिंचाई की सुविधाओं में सुधार होगा और उनकी फसल उत्पादकता बढ़ेगी। बताया कि नुक्कड़ नाटकों में कलाकारों ने किसानों को पारंपरिक खेती से व्यावसायिक खेती की ओर बढ़ने के फायदों को सरल और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

इन आयोजनों में खंड परियोजना प्रबंधन इकाई, बिलासपुर के अधिकारी विक्रम सिंह, पूजा शर्मा, कौशिक ठाकुर और मोहित नायक ने सक्रिय भूमिका निभाई। इसके अलावा, कृषक विकास संघ के प्रबंधन समिति के सदस्य और स्थानीय किसान भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### मासिक बैठक व मासिक शुल्क का महत्व समझाया

**किसानों** को उच्च गुणवत्ता वाले बीज, खाद, आधुनिक कृषि उपकरणों और फार्म रोड की उपलब्धता के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही उगाई गई फसलों के विपणन और उचित मूल्य प्राप्त करने की तकनीकों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान किसानों को मासिक बैठकों और मासिक शुल्क के महत्व को समझाया गया, ताकि वे परियोजना से बेहतर तरीके से जुड़ सकें और इसके लाभों का अधिकतम उपयोग कर सकें।

# संविधान का सम्मान भाजपा की पहचान : भारद्वाज

## बनीखेत के चिनार पैलेस में जिला स्तरीय संविधान गौरव अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

विकास खंड भटियात के अंतर्गत ग्राम पंचायत बनीखेत (पद्दर) चिनार पैलेस में जिला स्तरीय संविधान गौरव अभियान के तहत एक जिला स्तरीय संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने की। इस आयोजन में स्थानीय विधायक भी उपस्थित रहे। लोकसभा सांसद ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। इस अभियान के तहत संविधान को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा फैलाए जा रहे झूठ को जनता के समक्ष लाने का जो कार्य किया जा रहा है उसके खिलाफ पार्टी द्वारा एक हम कदम उठाए जा रहा है संविधान का सम्मान भाजपा की पहचान है और हर कार्यकर्ता इसके लिए संकल्पित है। डॉक्टर राजीव भारद्वाज ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए भीमराव अंबेडकर के सपनों का भारत बनाने के लिए भाजपा वचनबद्ध है। उन्होंने जिला के समस्त कार्यकर्ता एवं समर्थकों को अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब ने एक अग्रणी संविधान का मसौदा तैयार करके सामाजिक न्याय और समानता की अपनी गहन समझ का उदाहरण दिया। प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को नियंत्रित करने वाले मूलभूत सिद्धांतों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



इसके अलावा, न्याय, समानता और व्यक्तिगत अधिकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता संवैधानिक प्रावधानों में स्पष्ट है, जो भेदभाव को खत्म करने और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने का प्रयास करते हैं। इस आयोजन में समस्त जिला के भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता समर्थक मौजूद रहे। इस आयोजन के उपरांत आए हुए सभी लोगों ने प्रीतिभोज का भी आनंद उठाया।

### दलितों को दिलाया उनका अधिकार



**डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि बाबा साहेब** ने दलितों की मदद की और सुनिश्चित किया कि उन्हें वे मिले जिसके वे हकदार हैं। उनकी वजह से, कई छात्र भारत में कम शुल्क पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में सक्षम हैं। ऐसे लोग जो आर्थिक रूप से पिछड़े हैं और उच्च-स्तरीय संस्थान में शिक्षा का खर्च नहीं उठा सकते हैं, बाबा साहेब की वजह से वे भी अपने बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा दिलाने में सक्षम हैं, जो भारत के भविष्य को सुरक्षित करेगी।

# जमीनी विवाद में हत्या मामले में महिला के बाद आरोपी पति को भी किया अरेस्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के चुराह क्षेत्र के भरनोटी गांव में जमीनी विवाद में एक महिला ने अपने पति के साथ मिलकर सगी बहन के पति को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने आरोपी महिला को वारदात वाले दिन ही गिरफ्तार कर लिया था, जबकि उसका पति फरार चल रहा था, जिसे स्थानीय पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद पकड़ने में सफलता हासिल कर ली है। मृतक की पत्नी रतो ने पुलिस को बताया कि सोमवार को दोपहर करीब ढाई बजे उसकी बड़ी बहन झांझो अपने पति राज कुमार के साथ उनके घर आई। बहन के आने की खुशी में उनका पति पुन्नू राम उनके भोजन की व्यवस्था करने के लिए दुकान से खाने-पीने का सामान लेकर आया।

उसी शाम छह बजे जब वह रसोई में उनके लिए खाना बना रही थी तो उसकी बहन और जीजा उसके पति को लेकर घर के सामने वाली जमीन पर ले गई, यहां पर उस जमीन को लेकर उनके बीच में विवाद हो गया। इतने में बहन के पति राजकुमार ने हाथ में बेलचा उठाकर उसके पति के सिर पर वार कर दिया। इससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। वह पति को बचाने के लिए उनकी तरफ भागी, जबकि उसकी बहन व जीजा इस वारदात को अंजाम देकर वहां से भाग गए। जब तक उनकी मदद के लिए गांव के अन्य लोग वहां पहुंचे, तब तक उसके पति की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक की पत्नी के बयान दर्ज करके महिला व उसके पति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। महिला के बाद अब उसके पति को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव स्वयं मामले की तफ्तीश करने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस टीम को निर्देश दिए कि इस मामले निष्पक्ष व गंभीरता से जांच की जाए।



पुलिस अधीक्षक तफ्तीश करने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे

# श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर भलेई और देवी देहरा में लगाए भंडारे

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बुधवार को विश्व प्रसिद्ध भलेई माता मंदिर, मां जालपा मंदिर देवी देहरा में राम भक्तों ने भव्य भंडारे का आयोजन किया। इस आयोजन को लेकर विधानसभा डलहौजी के विधायक डीएस ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि आज का दिन हमें गौरवशाली अतीत का सम्मान करवाता है और हमारी धार्मिक आस्था को पूर्ण प्रतिष्ठित करने का अवसर भी प्रदान करता है।

उन्होंने कहा कि भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है, क्योंकि उन्होंने अपने जीवनकाल में कई कष्ट सहते हुए भी मर्यादित जीवन का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने विपरीत परिस्थियों में भी अपने आदर्शों को नहीं त्यागा और मर्यादा में रहते हुए जीवन व्यतीत किया। इसलिए उन्हें उत्तम पुरुष का स्थान दिया गया है। समस्त जिलावासियों को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। (अनंत ज्ञान)





# उदयपुर में 22 रक्तदाताओं ने किया महादान

## प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था, एनएफसीआई इंस्टीट्यूट व कलिनरी इंस्टीट्यूट ने लगाया शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था व एनएफसीआई इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कलिनरी इंस्टीट्यूट उदयपुर चंबा द्वारा राम मंदिर अयोध्या की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एनएफसीआई इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कलिनरी इंस्टीट्यूट उदयपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 22 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

रक्तदान शिविर में मुख्यातिथि के रूप में मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवदीप राठौर ने शिरकत की, जिन्हें प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था के अध्यक्ष दीपक भाटिया व एनएफसीआई इंस्टीट्यूट उदयपुर के निदेशक सुदर्शन शर्मा ने मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवदीप राठौर को समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। डॉ. नवदीप राठौर ने अपने वक्तव्य से रक्तदातों का मनोबल बढ़ाया व प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डॉ. नवदीप राठौर ने प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि प्रेरणा संस्था स्वास्थ्य, शिक्षा व समाजिक कार्यों में बेहतरीन कार्य कर रही है। वहीं, प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था के अध्यक्ष दीपक भाटिया ने इस कैंप को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

इस मोके पर सिविल अस्पताल पुखरी की तरफ से डॉ. राठौड़, डॉ. करण हेतेशी, सीएचओ मनीषा, जमीर खान ने अपनी सेवाएं दीं। मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक की टीम की तरफ से विवेक, कौशल, मानक नारील, शीतल, सुरेश कुमार मौजूद रहे। एनएफसीआई होटल प्रबंधन उदयपुर चंबा की तरफ से सुदर्शन, रवि पठानिया एवं मनोज मौजूद और प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था की तरफ से सिद्धांत और दीपक भाटिया मौजूद रहे।






# राजेंद्र मल्होत्रा को न्याय दिलाने को 27 को होगा कैंडल मार्च

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** नए साल के जश्न में हत्या का शिकार हुए मरहूम राजेंद्र मल्होत्रा की हत्या को लेकर शिव शक्ति युथ क्लब, होटल एसोसिएशन डलहौजी के सदस्य परिवारजनों ने 27 जनवरी शाम ठीक 5 बजे इरावती होटल चंबा से कैंडल मार्च निकालने का निर्णय लिया है। तथा सभी जिला वासियों से अपील की है कि मरहूम राजेंद्र मल्होत्रा की हुई हत्या की जांच प्रक्रिया को उचित न्याय हेतु कैंडल मार्च में पहुंचकर राजेंद्र मल्होत्रा की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करें तो तथा उचित न्याय के लिए स्थानीय प्रशासन से भी मांग करें। इसके लिए मरहूम राजेंद्र मल्होत्रा के परिवार, होटल एसोसिएशन डलहौजी तथा शिव शक्ति युथ क्लब डलहौजी ने तमाम क्षेत्र वासियों से इस आयोजन का हिस्सा बनने के लिए विनम्र प्रार्थना तथा सहयोग की मांग की है।

# सुंदरनगर में 60 वर्षीय बुजुर्ग ने नाबालिगा को बनाया हवस का शिकार, गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

मंडी जिले के उपमंडल सुंदरनगर में एक 65 वर्षीय बुजुर्ग द्वारा 13 वर्ष की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। यह घटना गत 13 जनवरी की है, जिसको लेकर अब पता चलने पर पीड़िता की मां ने पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी में एफआईआर दर्ज कराई है।

मामले में शिकायत मिलते ही पुलिस थाना की टीम ने तत्काल कार्रवाई अमल में लाते हुए मंगलवार देर रात आरोपी को हिरासत में ले लिया है, जिसे बुधवार दोपहर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कोर्ट नंबर-2 सुंदरनगर के न्यायालय में पेश करने पर एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। अब आरोपी को एक बार पुलिस द्वारा आज वीरवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी में दर्ज एफआईआर में पीड़ित की मां ने कहा है कि 13 जनवरी को उपमंडल सुंदरनगर के ही रहने वाले आरोपी नारायण (65) पुत्र पाडू राम जबरदस्ती उसकी बेटी को अपने घर ले गया और उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। आरोपी ने पीड़िता को धमकी दी कि अगर उसने घर में यह बात किसी को बताई तो वह जान से मार देगा।

मां का कहना है कि बेटी की छाती में उसे अब तक दर्द हो रही है। डीएसपी भारत भूषण ने बताया शिकायत मिलने पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया है और उसके खिलाफ धारा 65(1), 115(2), 351(2), 127(2) बीएनएस व धारा 6 पोक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस मामले के हर पहलू को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई अमल में ला रही है।

# जोगिंद्रनगर में बिना अनुमति लगाए बैनर और होर्डिंग हटाए

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर नगर परिषद ने शहर में बिना अनुमति लगाए गए बैनरों और होर्डिंग्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 30 से अधिक प्रचार सामग्री हटाकर अपने कब्जे में ले ली। नगर परिषद के सेनेटरी सुपरवाइजर रविकांत शर्मा ने बताया कि ये सभी बैनर और होर्डिंग्स नगर परिषद की अनुमति के बिना लगाए गए थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर परिषद की अनुमति के बिना लगाए गए किसी भी प्रचार सामग्री को हटाने की यह कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी। इस कदम के बाद नगर परिषद ने शहरवासियों और प्रचार एजेंसियों को हिदायत दी है कि वे प्रचार सामग्री लगाने से पहले अनुमति प्राप्त करें, अन्यथा नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की जाएगी। नगर परिषद की इस कार्रवाई को शहर की सफाई व्यवस्था और सौंदर्यीकरण को बनाए रखने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

# चौहार घाटी में ठंड से जाम हुई पाइपें, चरमराई व्यवस्था

**रूपी ठाकुर, बरोट**

जनवरी माह में प्रचंड ठंड बढ़ने से चौहार घाटी तथा छोटाभंगाल घाटी में पेयजल व्यवस्था चरमराने लगी है। रात के समय ठंड बढ़ने के कारण पानी की पाइपों में पानी जाम हो रहा है, जिस कारण पानी की पाइपें फट रही हैं और वहां से निकलने वाली जलधाराएं जहां तक पहुच रही हैं, उस जगह पर पानी ने जाम होकर कांच का रूप ले लिया है। वहां पर बनी सुंदर चित्रकला कुदरत के करिश्मे से कम नहीं है।

बुधवार की सुबह झरवाड़ गांव में प्रचंड ठंड के चलते पानी की पाइप फटने से पानी की बौछारें निकलने से पानी जाम होकर कांच जैसा बन गया है। प्रतिदिन सुबह के समय पेयजल व्यवस्था बाधित हो जाती है लेकिन जैसे-जैसे दिन बढ़ता है, जाम पाइपों से पानी पिघल कर पेयजल व्यवस्था सुचारु रूप से चल पड़ती है। जलशक्ति विभाग के कर्मचारी बाधित पेयजल व्यवस्था को बहाल करने के मुस्तैदी के साथ कार्य कर रहे हैं। यही नहीं पैदल चलने वाले रास्तों में पानी जाम हो जाने से दुर्गम गांवों में आवाजाही करने से लोगों को परेशानी हो रही है। ठंड के चलते लोग धूप निकलने के बाद ही बिस्तर छोड़ रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



ठंड के कारण पाइपें फटने से शीशे जैसी जमीं हुई पानी की बुछारें।

## सूडोकु 0052 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | | | 6 |
| | 6 | | | 9 | 7 | 1 | | |
| 7 | 2 | | | | | | 5 | 3 |
| | | 5 | 6 | 3 | | | 9 | |
| 5 | | | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 3 | 7 | 5 | | 2 | 6 | 8 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनर्वृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 0051 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 3 | 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 7 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 | 2 |

# बाबा भीमराव अंबेडकर के जीवन पर डाला प्रकाश

**रूपी ठाकुर, बरोट**

भारतीय जनता पार्टी पधर मंडल द्वारा बुधवार को संविधान गौरव दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पधर मंडल के अध्यक्ष इंद्र सिंह ने की। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष निहाल चंद शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला।

इस कार्यक्रम में पूर्व मंडलाध्यक्ष मोहन ठाकुर, दलीप कुमार, ओबीसी मोर्चा प्रवक्ता कपूर चंद, युवा मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता चंदन पंडित, जिला परिषद सदस्य शारदा देवी, पूर्व जिला परिषद खेम सिह, बीडीसी सदस्य कविता चौहान, युवा मोर्चा महामंत्री नरेंद्र, सचिव विक्रांत, हरि सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्षा मीना देवी, उपाध्यक्ष सपना ठाकुर, उरला पंचायत की प्रधान ममता, उपप्रधान हरीश आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



# सिंगल यूज प्लास्टिक को लगाएं ठिकाने

**आदर्श, नेरचौक**

सिंगल यूज प्लास्टिक के उचित प्रबंधन पर ग्राम पंचायत डुगराईं में एक बैठक का आयोजन खंड विकास अधिकारी मनोज कौशल की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों, महिला मंडलों, युवक मंडलों, स्वयं सहायता समूहों तथा स्थानीय लोगों ने भाग लिया। बैठक कौशल ने बताया कि सभी पंचायतवासी सिंगल यूज प्लास्टिक को साफ कर एक बोरी में डाल कर रखें और जब बोरी भर जाए, तो इसे पंचायत घर डुगराईं में पहुंचाएं, जहां से यह प्लास्टिक विकास खंड धनोटू के अंतर्गत पंचायत सलवाहन में स्थापित प्लास्टिक प्रबंधन इकाई भेजा जाएगा। बैठक में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों की प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक के दौरान मनोज कौशल ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत सामाजिक कल्याण विभाग से स्वीकृत मकानों के लाभार्थियों से भी बातचीत की। (अनंत ज्ञान)



अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**सूचना**

**मैं संघर्ष ठाकुर** सुपुत्र श्री रमेश निवासी गांव तर्यामला, डाकघर लौंगणी, तहसील धर्मपुर, जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश) 175025 यह घोषणा करता हूं कि मेरा LIC का ओरिजिनल पॉलिसी बॉण्ड जिसका नंबर 155384384, है वह कहीं गुम हो गया है और अभी तक मिला नहीं है। जिस किसी को भी यह मिले वह उसे ऊपर लिखे पत्ते पर पहुंचाने की कृपा करें। सभी संबंधित नोट करें।

**In the Court of Joginder Patial, H.A.S. Special Marriage Officer-cum-Sub Divisional Magistrate Dharampur Distt. Mandi H.P.**

In the matter of: **1.** Avinash Saklani S/O Sh. Janak Singh R/O Vill. Kachhali P.O. & Tehsil Sandhole Distt. Mandi H.P. **2.** Renu Bala D/o Sh. Tarsem Lal House No. 141/6, Phase 5, Siahi Mazra, SAS Nagar Mohali Punjab. .......Applicants.

**Versus**

General Public. .....Respondent.

**Subject: Notice of intended Marriage.**

Sh. Avinash Saklani has filed an application U/S 5 of Special Marriage Act 1954 alongwith affidavits and supporting documents in the court of undersigned in which they have stated that they intend to solemnize their marriage within next three calendar months.

Therefore, the general public is herby informed through this notice that if any person having any objection regarding this marriage, may file his/her objections either personally or through an authorized agent in writing before this Court on or before 22-01-2024. In case no objection is received by 22-01-2025, it will be presumed that there is no objection to the registration of the above said marriage and the same will be registered under the Act ibid accordingly.

Issued under my hand and seal of this court today on 16th December, 2024.

**Special Marriage Officer-cum-Sub Divisional Magistrate Dharampur Distt. Mandi (H.P.)**

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

23 जनवरी, 2025, वीरवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** अमांत, **तिथि** नवमी (05:40): **नक्षत्र** विशाखा (05:09), **पक्ष :** कृष्ण **योग :** गंड (05:05) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:11-12:54), **राहुकाल** (01:52-03:12)।

**विशेष दिन**

- 23 जनवरी 2025 : भीष्म पितामह की जयंती आज।
- 24 जनवरी : राष्ट्रीय बालिका दिवस कल।

**मेष:** दूसरों के कार्य में दखल न दें। योजना फलीभूत होगी। कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। यात्रा की योजना बनेगी।

**वृषभ:** तीर्थाटन तथा संत दर्शन का लाभ मिल सकता है। अध्यात्म में रुचि रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**मिथुन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में लापरवाही न करें। पुरानी व्याधि बाधा का कारण बन सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कर्क:** आर्थिक उन्नति के लिए बनाई गई योजना फलीभूत होगी। मान-सम्मान मिलेगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है।

**सिंह :** सत्संग का लाभ मिलेगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थाटन का मन बनेगा। राजकीय बाधा दूर होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या :** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। अकारण क्रोध रहेगा।

**तुला:** राजभय रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। यात्रा लाभदायक रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यस्तता रहेगी।

**वृश्चिक:** पार्टी व पिकनिक की योजना बनेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। थकान महसूस होगी।

**धनु :** बुरी सूचना प्राप्त हो सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। किसी अपने का व्यवहार दिल को ठेस पहुंचा सकता है।

**मकर :** थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**कुंभ :** घर में अतिथियों का आगमन होगा। उन पर व्यय होगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। कार्य में निरंतरता बनी रहेगी। परिवार में प्रसन्नता रहेगी।

**मीन :** कार्य की बेहतरी रहेगी। कोई बड़ा कार्य मनोनुकूल बनेगा। यात्रा लाभदायक रहेगी। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे।

**आरोप** — दो वर्ष के कार्यकाल में सरकार के पास अपने विकास कार्य गिनाने के लिए नहीं

# कांग्रेस जनता को कर रही गुमराह: गांधी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी ने प्रदेश की सुक्खू सरकार पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सत्ता में भी हिमाचल की भोली भाली जनता को गुमराह करके आए थे और अभी भी मुख्यमंत्री सुक्खू और कांग्रेस नेता अपनी सरकार की नाकामियों को छिपाने के लिए झूठ पर झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं।

आज प्रदेश की जनता सरकार के चुनावी वादों को नहीं भूली है, मगर दूसरी तरफ सरकार के मंत्री और कांग्रेस नेता प्रदेश के खजाने को अलीबाबा के चालीस चोरों की तरह लूटने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि झूठे वादों, ठगी, और जनता को गुमराह करने के लिए यह सरकार जनता की दोषी है।



पूर्व जयराम ठाकुर सरकार ने जो विकास के काम शुरू किए थे मुख्यमंत्री सुक्खू और सरकार सिर्फ अभी तक उन्हीं विकास कार्यों के उद्घाटन कर पाई है जब से कांग्रेस सरकार बनी है तब से बल्ह और प्रदेश में कोई नया विकास कार्य शुरू नहीं कर पाई है। गांधी ने कहा कि बल्ह की बात करे तो जब से कांग्रेस की सरकार बनी है तब से ही सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। एक पटवारी के पास 3 या 4 पटवार खानों का कार्यभार दिया गया, जिस कारण आज जनता को अपनी निशानदेही और रेवेन्यू के अन्य कामों में परेशानी आ रही है।

पूर्व जयराम ठाकुर सरकार के द्वारा मेडिकल अटल विश्वविद्यालय, ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट का काम, नई सब्जी मंडी, आईटीआई गागल, रिवालसर बस अड्डा, ऐसे कई कामों को न करके सुक्खू सरकार और कांग्रेस के कुछ नेता विकास कार्यों को रोकने का काम कर रहे है।

# सेवानिवृत्त पटवारी 31 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि राजस्व विभाग मंडी में खाली पटवारियों के पदों को भरने के लिए सेवानिवृत्त पटवारियों और कानूनगो से सादे कागज पर 20 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे। उन्होंने बताया कि अब आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। मंडी जिले में वर्तमान में पटवारियों के 88 पद रिक्त हैं। राजस्व मामलों का निपटारा करने के लिए इन पदों पर सेवानिवृत्त पटवारी-कानूनगो की निर्धारित शर्तों के आधार पर अस्थायी भर्ती की जाएगी। नियुक्ति उम्मीदवार को 25 हजार रुपए मासिक मानदेय दिया जाएगा। शुरुआत में इन पदों को 3 माह के लिए भरा जाएगा तथा नियुक्त किए गए अधिकारी के कार्य की दक्षता को देखते हुए आगे बढ़ाया जा सकता है।

मुझे स्वदेश-प्रेम, जीवन-दर्शन, प्रकृति तथा मधुर भाव की कविताएं बचपन से ही प्रभावित करती रही हैं। -अटल बिहारी वाजपेयी

## संपादकीय

# अब डर काहे का

हिमाचल प्रदेश पैराग्लाइडिंग के लिए मुफीद है, लेकिन पिछले दिनों दो टैंडम पैराग्लाइडर दुर्घटनाओं में पर्यटकों की मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। कुल्लू जिले में तमिलनाडु के पर्यटक और कांगड़ा जिले के धर्मशाला स्थित इंद्रुनाग साइट में गुजरात की 19 वर्षीय लड़की की पैराग्लाइडिंग के दौरान हुई मौत ने सबको झकझोर दिया है। हालांकि, हिमाचल प्रदेश के कई क्षेत्र पैराग्लाइडिंग में तेजी से विकसित हो रहे हैं, खासकर बीड़ बिलिंग ने तो विश्व स्तरीय पैराग्लाइडिंग का नायाब उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह क्षेत्र अपनी प्राकृतिक सुंदरता और अनुकूल मौसम के कारण पैराग्लाइडिंग के लिए एक आदर्श स्थल बन गया है। यही वजह है कि यहां बार-बार पैराग्लाइडिंग के वर्ल्ड कप आयोजित करवाए जाते हैं। चूंकि यह खेल साहसिक गतिविधियों में शामिल है, लिहाजा इसमें जान का जोखिम तो बना ही रहता है।

पैराग्लाइडिंग के कई विशेषज्ञ हिमाचल प्रदेश में पैराग्लाइडिंग दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण पायलट की गलती मानते हैं। जरूरी नहीं कि यही कारण हादसों के लिए जिम्मेदार हो, बल्कि स्थानीय प्रशासन के कमजोर नियम भी हादसों का कारण हो सकते हैं। ये हादसे पर्यटन के लिहाज से राज्य की छवि पर असर जरूर डाल सकते हैं। इसलिए पर्यटकों की सुरक्षा नियमों को और सख्त बनाने की जरूरत है। पायलटों के प्रशिक्षण और लाइसेंसिंग प्रक्रिया की भी समय-समय पर समीक्षा होती रहनी चाहिए। साथ ही, मौसम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए उड़ान भरने की अनुमति दी जानी चाहिए। पर्यटकों को भी सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए और अनुभवी पायलटों के साथ ही उड़ान भरनी चाहिए।

हिमाचल प्रदेश सरकार ने पैराग्लाइडिंग के विकास के लिए कई पहल की हैं। उदाहरण के लिए, सरकार ने पैराग्लाइडिंग के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे के विकास के लिए निवेश किया है, जैसे कि लैंडिंग साइट्स और प्रशिक्षण केंद्र। अब सुक्खू सरकार बीड़-बिलिंग में पहला पैराग्लाइडिंग प्रशिक्षण स्कूल भी खोलने जा रही है। पैराग्लाइडिंग का यह प्रशिक्षण स्कूल देश का पहला प्रशिक्षण स्कूल होगा। सीएम सुक्खू हिमाचल प्रदेश के पूर्ण राज्यत्व दिवस पर यह बड़ी सौगात देंगे। प्रदेश पर्यटन विभाग ने तीन साल पहले इस विश्व प्रसिद्ध पैराग्लाइडिंग साइट पर आठ करोड़ रुपए की लागत से इस सुविधा का निर्माण किया था। हालांकि, पैराग्लाइडिंग नियमों की अनुपस्थिति के कारण इसके संचालन में देरी जरूर हुई।

इस स्कूल में अब हर साल 100 से ज्यादा युवाओं को पैराग्लाइडिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। विभाग ने महत्वाकांक्षी पायलटों के लिए उच्च-गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षकों की नियुक्ति शुरू कर दी है। पिछले साल अक्तूबर में बीड़-बिलिंग की यात्रा के दौरान, सीएम सुक्खू ने भारत और विदेशों से पैराग्लाइडिंग के शौकीनों को आकर्षित करने के लिए तत्काल कक्षाएं शुरू करने का निर्देश दिया था। इससे पहले, राज्य में आधिकारिक पैराग्लाइडिंग स्कूल और नियामक दिशा-निर्देशों का अभाव था, जिसके कारण पिछले एक दशक में 30 पायलटों और पर्यटकों की जान चली गई। नियमों के अभाव में, बीड़-बिलिंग में कई निजी पैराग्लाइडिंग स्कूल अवैध रूप से संचालित हो रहे थे, लेकिन इस स्कूल के खुलने से काफी हद तक लगाम लगेगी। अप्रशिक्षित पायलट अक्सर दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार होते हैं, जिससे खेल की प्रतिष्ठा धूमिल होती है।

हिमाचल प्रदेश का लक्ष्य सुरक्षा मानकों को बढ़ाना और साहसिक खेलों के केंद्र के रूप में बीड़-बिलिंग को बढ़ावा देना होना चाहिए। साथ ही, हिमाचल प्रदेश में पैराग्लाइडिंग के लिए कई प्रशिक्षित पायलट और गाइड भी उपलब्ध हैं, जो पर्यटकों को सुरक्षित और रोमांचक अनुभव प्रदान करते हैं। हालांकि, पैराग्लाइडिंग के क्षेत्र में विकास के साथ-साथ सुरक्षा के मुद्दों पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। सरकार और स्थानीय अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पैराग्लाइडिंग के लिए आवश्यक सुरक्षा उपायों का पालन किया जाए। पैराग्लाइडिंग के नियमों और विनियमों को सीखना प्रशिक्षण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जब अच्छी तरह से इन नियमों को समझने से गतिविधि सुरक्षित हो जाएगी, तो निश्चित रूप से संभावित खतरों का अनुमान लगाने और उनसे बचने में मदद मिलेगी और यदि कोई त्वरित निर्णय लेना पड़ जाए तो कीमती समय की बचत भी होगी। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि भविष्य में हिमाचल में पैराग्लाइडिंग हादसे कम होंगे। यहां पैराग्लाइडिंग के शौकीन विश्वभर से आएं और पैराग्लाइडिंग का भरपूर लुत्फ उठाएं, यही कामना है। ■

# संघर्ष से निकले नेताजी का जीवन नौजवानों के लिए प्रेरणादायक


नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन सर्वोच्च आदर्श और शांति के लिए संघर्ष से भरा रहा है, यह ऐसे नौजवान युवा की कहानी है जो हर भारतीय के लिए संघर्ष और सफलता की गाथा का अनुभव करती है। आज हम जिस युग में जी रहे हैं उसकी कल्पना समाज के महापुरुषों के बिना अधूरी है।



लेखक : डॉ. मनोज डोगरा
प्राध्यापक, बड़सर कॉलेज

ऐसे महापुरुषों में नेताजी अपनी प्रतिभा से समाज को आजादी दिलवाने चाहते थे और उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ एक ऐसी फौज खड़ी कर दी थी जिसके मुख से एक ही नारा निकलता था जय हिंद का और भारतीय राष्ट्रीय स्वाधीनता संघर्ष में क्रांतिकारी आंदोलन की अपनी लड़ाई की भूमिका निभाने में वह सफल रहे थे और उनकी आंखों के सामने एक ही स्वप्न था। भारत को आजाद करवाना है। सुभाष चंद्र बोस ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत देश में चल रहे असहयोग आंदोलन से की। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की सदस्यता हासिल की। 20 जुलाई, 1921 को उनकी मुलाकात राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से भी हुई, लेकिन वैचारिक समानता न होने के कारण उन्होंने देशबंधु चितरंजन दास के साथ मिलकर बंगाल आंदोलन का नेतृत्व किया। सुभाष चंद्र बोस क्रांतिकारी विचारों के व्यक्ति थे। उनके अंदर असीम सासह, अनूठे शौर्य और अनूठी संकल्प शक्ति का अनंत प्रवाह विद्यमान था।इसके बाद तो जेल यात्राओं, अंग्रेजी अत्याचारों और प्रताड़नाओं को झेलने का सिलसिला चल निकला।

स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान उन्हें ग्यारह बार जेल जाना पड़ा। इसके साथ ही उन्हें अंग्रेजी सरकार द्वारा कई बार लंबे समय तक नजरबंद भी रखा गया। इसके लिए, उन्होंने कई बार अंग्रेजों की आंखों में धूल झोंकी और अंग्रेजी शिकंजे से निकल भागे। 1939 में गांधी से मतभेद के कारण सुभाष चंद्र ने कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। फिर उन्होंने आजाद हिंद फौज और फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना की। 18 अगस्त 1945 को एक विमान दुर्घटना में नेताजी की रहस्यमयी तरीके से मृत्यु हो गई। इस शोध पत्र में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के भारत की आजादी में योगदान पर प्रकाश डाला गया है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा में कटक के एक संपन्न बंगाली परिवार में हुआ था। बोस के पिता का नाम ' जानकीनाथ बोस ' और मां का नाम 'प्रभावती' था। जानकीनाथ बोस कटक शहर के मशहूर वकील थे। प्रभावती और जानकीनाथ बोस की कुल मिलाकर 14 संतानें थी, जिसमें 6 बेटियां और 8 बेटे थे।




सुभाष चंद्र उनकी नौवीं संतान और पांचवें बेटे थे। अपने सभी भाइयों में से सुभाष को सबसे अधिक लगाव शरद चंद्र से था। नेताजी ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई कटक के रेवेंशॉव कॉलेजिएट स्कूल में हुई।

तत्पश्चात उनकी शिक्षा कोलकाता के प्रेसीडेंसी कॉलेज और स्कॉटिश चर्च कॉलेज से हुई और बाद में भारतीय प्रशासनिक सेवा इंडियन सिविल सर्विस की तैयारी के लिए उनके माता-पिता ने बॉस को इंग्लैंड के कैंब्रिज विश्वविद्यालय भेज दिया अंग्रेजी शासन काल में भारतीयों के लिए सिविल सर्विस में जाना बहुत कठिन था। 1921 में भारत में बढ़ती राजनीतिक गतिविधियों का समाचार पाकर बॉस ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली और शीघ्र भारत लौट आए सिविल सर्विस छोड़ने के बाद से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के साथ जुड़ गए सुभाष चंद्र बोस महात्मा गांधी के हिंसा के विचारों से सहमत नहीं थे वास्तव में महात्मा गांधी उदार दल का नेतृत्व करते थे। वही सुभाष चंद्र बोस जोशीले क्रांतिकारी दल के प्रिया द महात्मा गांधी और सुभाष चंद्र बोस के विचार भिन्न-भिन्न थे, लेकिन वह यह अच्छी तरह जानते थे कि महात्मा गांधी और उनका मकसद एक है यानी देश की आजादी सबसे पहले गांधी जी को राष्ट्रपिता कहकर नेताजी ने ही संबोधित किया था 1938 में भारतीय कांग्रेस का अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद उन्होंने राष्ट्रीय योजना आयोग का गठन किया या नीति गांधीवादी आर्थिक विचारों के अनुकूल नहीं थी। 1939 में बस पुणे एक गांधीवादी प्रतिद्वंद को हराकर विजय हुए गांधी ने इसे अपनी हार के रूप में लिया, उनके अध्यक्ष चुने जाने पर गांधी जी ने कहा कि बोस की जीत मेरी हर है और ऐसा लगने लगा कि वह कांग्रेस वर्किंग कमेटी से त्याग पत्र दे देंगे गांधी के विरोध के चलते इस विद्रोही अध्यक्ष ने त्याग पत्र देने की आवश्यकता महसूस की, गांधी के लगातार विरोध को देखते हुए उन्होंने स्वयं कांग्रेस छोड़ दी देश की आजादी में अपना सर्विस न्योछावर करने वाले अनेक महापुरुष हुए हैं। स्वामी विवेकानंद को अपना आदर्श मानने वाले सुभाष चंद्र बोस जब भारत आए तो रविंद्र नाथ टैगोर के कहने पर सबसे पहले गांधी से मिले थे।

गांधी से पहली मुलाकात मुंबई में 20 जुलाई 1921 को हुई थी। गांधी की सलाह पर सुभाष कोलकाता में दास बाबू के साथ मिलकर आजादी के लिए प्रयास करने लगे, जब दास बाबू कोलकाता के महापौर थे, तब उन्होंने सुभाष चंद्र बोस को महापालिका का प्रमुख कार्यकारी अधिकारी बनाया था। अपने कार्यकाल के दौरान सुभाष बाबू ने कोलकाता के रास्तों का अंग्रेजी नाम बदलकर भारतीय नाम कर दिया थामित्रगण उन्हें संन्यासी पुकारते थे। सुभाष चंद्र बोस को उनके घर वाले विलायत पढ़ने के लिए इस आशा से भेजा था कि सुभाष आईसीएस की उच्च परीक्षा पास करके बड़ी सरकारी नौकरी करेंगे और परिवार की समृद्धि एवं यश की रक्षा करेंगे। मत वेदों के कारण आखिरकार सुभाष चंद्र बोस ने कांग्रेस पार्टी भी छोड़ दी अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए उन्होंने जापान के सहयोग से आजाद हिंद फौज का गठन किया और गांव का आवाहन करते हुए कहा 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा'।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# प्रतिस्पर्धा की दौड़ में गुम होता बचपन

बचपन तो गया, जवानी भी गई, एक पल तो अब हमें, जीने दो जीने दो। लोकप्रिय फिल्म थ्री इडियट की ये पंक्तियां केवल किसी गीत के स्मरणीय मुखड़े का हिस्सा ही नहीं, बल्कि वर्तमान युग में जी रहे नौनिहालों के छिनते बचपन का मार्मिक सच है। बचपन शब्द सुनते ही कोई भी शख्स अपने सपनों की सुनहरी यादों के काल में चला जाता है।



लेखक : अश्वनी कुमार शर्मा
हमीरपुर

बचपन की कल्पना कर देने भर से ही मन के स्मृति पटल पर उभर आती हैं शरारती हंसी मजाक और बेफिक्र से लबालब सुनहरी यादें, लेकिन यादगार पल शायद उन्हीं लोगों की यादों की सौगात हो सकते हैं, जिन्होंने कई दशक पहले हिना सुनहरी पलों का आनंद ले कर अपना बचपन व्यतीत किया होगा, लेकिन यदि हम इस सदी के इन दशकों के नौनिहालों के बचपन को उनके अंतर्मन की गहराई में उतर कर देखें, तो शायद हमें अतीत के सुनहरे फलों के बजाय भविष्य की जिजीविषा की गर्त में पलते हुए डरावनी जिन्होंने अनसुलझे भूल भुलैया के मंजर के सिवा कुछ अधिक साफ-साफ नजर नहीं आएगा। अगर बच्चों के संवैधानिक अधिकारों की बात करें, तो यह स्पष्ट कहा गया है कि बच्चों को स्वतंत्र और गरिमा पूर्ण वातावरण में उनके समग्र विकास की सभी आवश्यकताएं पूरी की जाएं।

काबिले गौर बात यह है कि बाल्यकाल में ही बच्चों के अभिभावक एवं संरक्षक उनके मनोकाल में ही प्रतिस्पर्धात्मक सोच का विष भरने लग जाते हैं। बच्चों के अधिकार यह भी कहते हैं कि बच्चों पर किसी भी तरह का ऐसा दबाव न पड़े जिससे उनकी मानसिक बौद्धिक सामाजिक सांस्कृतिक एवं कलात्मक अभी रुचियां बाधित हो जाएं, लेकिन आज के नौनिहालों की इन आवश्यकता में कई कारक बाधक बनते जा रहे हैं। वर्तमान बहुत तेजी से बदल रहा है तीव्र गति से



बदलते परिवेश तथा बहुत आधुनिक बनने की होड़ में बच्चों के बाल्यावस्था का सुनहरा एवं सदैव संजो कर रखे जाने वाले पल भी बाल्यवस्था मैं ही विलुप्त हो रहे हैं। सुबह की कड़कड़ाती ठंड अथवा किसी अन्य विषम परिस्थिति में जब अनमने मूड में बच्चों को स्कूल वर्दी पहनाकर तथा उसके कंधे पर भारी बस्ता अनगिनत किताबें भरकर लाद दिया जाता है तो बचपन में ही उसे प्रौढ़ होने का एहसास होने लगता है।

बच्चों के इस कुंहलाते हुए सुनहरे पल के लिए आखिरकार बहुत सारी व्यवस्थाएं दोषपूर्ण हैं। अगर प्रतियोगी दुनिया की बात की जाए तो आज बहुत से माता-पिता का यह सपना होता है कि बच्चा या तो डॉक्टर बने अथवा इंजीनियर। अपनी इच्छा की पूर्ति के लिए अक्सर माता-पिता बच्चे को आठवीं अथवा नवमी कक्षा से स्कूल की बजाए किसी कोचिंग संस्थान में दाखिल करवा देते हैं।

अपने को अधिक दिखाने अथवा सामाजिक प्रतिष्ठा मनोभाव से नीट अथवा जेई कोचिंग कक्षाओं में डाल दिया जाता है। बच्चे के अभिभावक यह भूल जाते हैं कि कहीं न कहीं वे उस बच्चे के बचपन को कहीं पीछे धकेल आए हैं। जिस उम्र में बच्चे को स्कूल में संस्कार सीखने थे, खेलना था, दोस्तों के साथ मस्ती करनी थीं, कुछ चुलबुली शरारते करनी थीं, किताबों में कहानियां पढ़नी थीं, देशभक्ति सीखनी थी, उस वक्त माता-पिता ने बच्चे को प्रतियोगी दुनिया के जाल में धकेल दिया होता है। इस परिस्थिति में बच्चे एक अलग दुनिया में अकेले किताबों में खोकर अपनी इच्छा के विपरीत माता-पिता की इच्छाओं को पूरा करते रहते हैं। बढ़ते हुए प्रतियोगी संसार की इस भाग दौड़ में न जाने कितने ही बच्चे छोटी सी उम्र में एक बहुत बड़ी प्रतियोगी दुनिया के बाजार में जी रहे हैं। कहीं डमी एडमिशन लेकर स्कूल से दूर कहीं अलग ही दुनिया में जीने को मजबूर हो जाते हैं। इस तरह के एकाकी जीवन के किसी शोर पर हर बच्चा अपने आप को अकेला महसूस कर रहा होता है और कुछ बच्चे तो नशे को अथवा अन्य अवसादों का शिकार हो जाते हैं।

इन हालातों में उन्हें समझाने वाला न कोई अध्यापक मिलता है और न ही कोई साथी। इन सभी कारणों से प्रभावित होकर बहुत से बच्चे अपने आप को भी जिंदगी से भी दूर कर लेते हैं। बहरहाल, समाज और अभिभावक वर्ग को देखना चाहिए क्या स्कूलों में बच्चों के वर्तमान और भविष्य को सुखद बनाने की दिशा में क्या प्रयास करने जरूरी हैं? विश्व बहुत तेज़ी से बदल रहा है। बच्चे भी बदल रहे हैं। यह बदलाव अच्छा और बुरा दोनों तरह का है। बच्चे किसी भी स्वस्थ समाज की सबसे बड़ी धरोहर है। यदि हमें समाज को सुखी बनाना है तो बच्चों पर ध्यान देना पड़ेगा। अच्छे संस्कार देने होंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**राष्ट्रपति** पद हासिल करते ही ट्रंप ने अमरीका की दक्षिण सीमा, मैक्सिको बॉर्डर, पर आपातकाल घोषित कर दिया। राष्ट्रपति ट्रंप के लिए अवैध घुसपैठियों का मुद्दा सबसे संवेदनशील है। अवैध प्रवासियों को उनके मूल देश तक अमरीका छोड़कर ही दम लेगा। इनमें करीब 18,000 भारतीयों पर भी तलवार लटकी है, जो अवैध प्रवासी हैं। मैक्सिको बॉर्डर पर दीवार बनाने का काम तेज किया जाएगा। ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान भी यह दीवार उनकी पहली प्राथमिकताओं में थी। मैक्सिको खाड़ी का नाम जल्द ही बदल कर 'अमरीका की खाड़ी' किया जाएगा। अमरीका में जो ड्रग तस्कर, माफिया किस्म के लोग सक्रिय हैं, उन्हें राष्ट्रपति ने 'आतंकवादी' घोषित कर दिया है। अमरीका पनामा नहर पर कब्जा करेगा। ट्रंप ने घोषणा की है कि हमने पनामा नहर 'तोहफे' के तौर पनामा को दी थी, लेकिन चीन इसका संचालन कर रहा है। हमने चीन को यह नहर नहीं दी थी, लिहाजा हम इसे वापस ले रहे हैं। **रितिक नाग, धर्मशाला**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भारतीय स्वतंत्रता सेनानी

**सुभाष** चंद्र बोस के अतिरिक्त भारत के इतिहास में ऐसा कोई व्यक्तित्व नहीं हुआ, जो एक साथ महान सेनापति, वीर सैनिक, राजनीति का अद्भुत खिलाड़ी और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पुरुषों, नेताओं के समकक्ष साधिकार बैठकर कूटनीति तथा चर्चा करने वाला हो। भारत की स्वतंत्रता के लिए सुभाष चंद्र बोस ने करीब-करीब पूरे यूरोप में अलख जगाया। महात्मा गांधी के नमक सत्याग्रह को 'नेपोलियन की पेरिस यात्रा' की संज्ञा देने वाले सुभाष चंद्र बोस का एक ऐसा व्यक्तित्व था, नेताजी में सच्चाई के सामने खड़े होने की अद्भुत क्षमता थी। बोस जी अंग्रेजी शिक्षा को निषेधात्मक शिक्षा मानते थे, किंतु बोस जी को उनके पिता ने समझाया-हम भारतीय अंग्रेजों से जब तक प्रशासनिक पद नहीं छीनेंगे, तब तक देश का भला कैसे होगा। सुभाष ने इंग्लैंड में जाकर आईसीएस की परीक्षा उत्तीर्ण की। माना जाता है कि दूसरे विश्व युद्ध में जापान के आत्मसमर्पण के कुछ दिन बाद दक्षिण पूर्वी एशिया से भागते हुए एक हवाई दुर्घटना में बोस की मृत्यु हो गई। एक मान्यता यह भी है कि बोस की मौत 1945 में नहीं हुई, वह उसके बाद रूस में नजरबंद थे। उनकी व्यापक सोच आज की राजनीति के लिए भी सोचनीय विषय है। ■



सुभाष चंद्र बोस
**जन्म :** 23 जनवरी, 1897
**मृत्यु :** 18 अगस्त, 1945

# बंगाल के निर्भीक क्रांतिकारी नेता जी सुभाष चंद्र बोस

बंगाल के निर्भीक क्रांतिकारी वीर सुभाष चंद्र का जन्म 23 जनवरी, 1897 को माता श्रीमती प्रभावती व कटक के प्रसिद्ध कायस्थ वकील पिता जानकी नाथ बोस के घर( उड़ीसा के )कटक में हुआ था। पिता जानकीनाथ बोस पहले कटक की महापालिका में भी अपनी सेवाएं दे चुके थे और यहीं से विधानसभा के सदस्य भी रह चुके थे। नेता जी सुभाष चंद्र बोस कुल मिलाकर 14 भाई-बहन थे। सुभाष जी का लगांव दूसरे स्थान के भाई शरद चंद्र के साथ कुछ अधिक ही साथ और समय-समय पर उनसे ही सलाह लिया करते थे। पांचवीं तक की स्कूली शिक्षा कटक के प्रोटेस्टेंड पाठशाला से प्राप्त करने के पश्चात वर्ष 1909 में उन्होंने रेवेनशा शिक्षण संस्थान में प्रवेश ले लिया था और वर्ष 1915 में अपनी बीमारी की स्थिति में इंटरमीडिएट की परीक्षा द्वितीय श्रेणी में पास कर ली थी।



लेखक : डॉ. कमल के प्यासा
लोअर समखेतर, मंडी

वर्ष 1916 में जब नेता जी दर्शन शास्त्र में बीए ऑनर्स कर रहे थे तो वहीं प्रेसीडेंसी कॉलेज में आपसी मनमुटाव के कारण, उन्हें एक वर्ष के लिए कॉलेज से निकाल दिया गया। इसके पश्चात उन्होंने सेना में भर्ती होना चाहा और 49 बंगाल रेजिमेंट की परीक्षा भी दी, लेकिन आंखों में कुछ कमी के कारण भर्ती नहीं हो पाए।

बाद में टेरिटोरियल आर्मी की परीक्षा दे कर फोर्ट विलियम सेवा में रंगरूट के रूप में भर्ती हो गए। साथ ही अपनी शिक्षा को जारी रखते हुए, उन्होंने वर्ष 1919 में बीए ऑनर्स प्रथम श्रेणी में कर ली। बाद में वर्ष 1920 में इंग्लैंड से आईसीएस की परीक्षा चौथे स्थान पर रह कर पास कर ली, क्योंकि नेता जी विद्वानों को पढ़ते व उनके विचार सुनते रहते थे और उन पर ऋषि दयानंद सरस्वती व ऋषि अरविंद जी के विचारों का भारी प्रभाव था, फलस्वरूप आईसीएस बन कर वह अंग्रेजों का गुलाम नहीं बनना चाहते थे। इसी बात को ध्यान में रखते हुए, उन्होंने 22 अप्रैल,1921 को अपने आईसीएस से त्याग पत्र दे दिया। बाद में जून, 1921 में मानसिक व राजनीतिक विज्ञान में ट्राइपास( ऑनर्स )की डिग्री के साथ भारत लौट आए। भारत पहुंचने पर नेता जी स्वतंत्रता सेनानी चितरंजन दास जी की देश के प्रति सेवाओं को देख कर बहुत प्रभावित हुए



और उनसे मिलने के बारे में सोचने लगे। वैसे तो उनके साथ एक दो बार पत्र व्यवहार भी हुआ था। फिर नेता जी महात्मा गांधी से मिलने उनके पास मणि भवन बंबई जा पहुंचे। 21 जुलाई 1921 को गांधी जी ने उन्हें चितरंजन दास जी से मिलने को कहा, क्योंकि महात्मा गांधी ने उन दिनों असहयोग आंदोलन चला रखा था और दास बाबू इसी कार्य को बंगाल में चला रहे थे। इस प्रकार नेता जी सुभाष चंद्र दास बाबू के सहयोगी बन गए। जिस समय चौरी चौरा की घटना घटी (5/2/1922) तो गांधी ने अपना आंदोलन बंद कर दिया था।

तभी दास जी ने कांग्रेस के अंतर्गत ही स्वराज पार्टी का गठन करके साथ ही कलकत्ता महापालिका का चुनाव, स्वराज पार्टी की ओर से लड़ कर जीत लिया और दास कलकत्ता के महापौर बन गए तथा नेता जी सुभाष को कार्यकारी अधिकारी बना दिया गया। नेता जी सुभाष चंद्र बोस द्वारा इस पद पर आसीन होते ही, कलकत्ता की काया ही पलट कर रख दी और सारे कार्य अपने ढंग से सुधारात्मक तरीके से करने लगे। उन्होंने कलकत्ता के सभी स्थानों व रास्तों के नाम अंग्रेजी के स्थान पर भारतीय कर दिए।

इन्हीं के साथ ही साथ देश की स्वतंत्रता के लिए योगदान करने वालों को महापालिका में नौकरी के अवसर दिए गए। नेता जी ने आगे पंडित जवाहर लाल नेहरू के साथ मिलकर, युवाओं के लिए इंडिपेंडेंस लीग भी शुरू कर दी थी। वर्ष 1927 में साइमन कमीशन के भारत आने पर, उनका बहिष्कार काले झंडों से किया गया। आगे ब्रिटिश साम्राज्य को खत्म करने की बारी थी, लेकिन अंग्रेजों को भनक मिल गई और उन्होंने नेता जी व उनके सभी साथियों को कैद करके जेल में बंद कर दिया। नेता जी ने जब आमरण अनशन शुरू किया और उनकी हालत को खराब होते देख अंग्रेजों ने उन्हें छोड़ दिया, लेकिन उनपर नजर रखी जाने लगी और उन्हें घर पर नजर बंद कर दिया।

नेता जी भी कोई कम नहीं थे,उन्होंने अपनी योजना अनुसार भेष बदल कर कई देशों की सरहदों को पार करते जर्मन की राजधानी बर्लिन जा पहुंचे। वही उन्होंने आजाद हिंदी रेडियो की स्थापना करके, नेता जी के नाम से प्रसिद्ध हो गए। जब जर्मनी में नेता जी को कोई आशा की किरण न दिखाई दी तो नेता जी 8 मार्च 1943 को अपने एक साथी के साथ पनडुब्बी से जापन पहुंच गए। जापान की मदद से नेता जी ने अंडमान निकोबार पर अधिकार करके 21 अक्तूबर 1943 आर्जी हुकूमते आजाद हिंद की स्थापना कर दी और खुद इसके करता धरता बन गए, लेकिन जब जापान युद्ध में हार गया तो नेता जी को भी पीछे हटना पड़ा। नेता जी अब रूस की मदद के लिए निकल पड़े, लेकिन दुर्भाग्य से 18 अगस्त 1945 को ताइवान में हुई विमान दुर्घटना में क्रांतिकारी वीर सुभाष चंद्र बोस की दुखद हादसे में मृत्यु हो गई।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## कविता

# जहां बाड़ ही खेत को खाने लगे



रवींद्र कुमार शर्मा

*किसी और से करें क्या उम्मीद*
*जब रक्षक ही भक्षक बन जाए*
*वह खेत कहां सुरक्षित रहेगा*
*जहां बाड़ ही खेत को खा जाए*
*जब खाकी ही बेचने लगे चिट्टा*
*युवाओं का भविष्य करने लगे बर्बाद*
*कैसे होगा सुधार कैसे सुधरेंगे हालात*
*बजाय सुधरने के बिगड़ जाएगा समाज*
*यदि खाकी चाहे तो दो दिन में हो जाए सुधार*
*लेकिन खाकी ही खाकी को कर रही शर्मशार*
*कानून के रखवाले डराते हैं धौंस जमाते हैं*
*कई बार तो करते हैं गरीब की इज्जत पर वार*
*आजकल चिट्टे की गिरफ्त में हो गया है जमाना*
*दीमक एक बार जो जड़ों में लग गई*
*वह पेड़ ज्यादा समय तक टिक नहीं पाएगा*
*समय रहते कर लीजिए इस चिट्टे दीमक का इलाज*
*बचोगे नहीं जब पानी सिर से ऊपर चढ़ जाएगा*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# जन्म, बचपन, जवानी, बुढ़ापा और मृत्यु, यही है जीवन चक्र

आजकल सर्दी जोरों पर है। पहाड़ों ने ओढ़ लिया है सफेद बर्फ का लिहाफ। सुबह देर तक रजाई में घुसे रहना, दिन में ढूंढ से आंख मिचौली खेलती धूप में बैठना और हर घंटे दो घंटे में चाय पीना किसे नहीं पसंद।



लेखिका : अलका कांसरा
रिटायर्ड एजुकेशनिस्ट

हमारे देश में तो हर मौसम मेहमान है। कुछ दिन टिकता है और फिर चल देता है। सर्दी जाते ही आ जाता है ऋतुराज बसंत। रंगों की परेड करते पैंजी, डेंथीस, गुलाब, लिली, गेंदा, डेजी, चांदनी, डेहलिया और पेटुनिया । फिर ग्रीष्म की चटख धूप में चटख अमलतास, गुलमोहर और जकरांडा। ग्रीष्म के पीछे-पीछे चले आते हैं वर्षा, शरद, हेमंत और एक बार फिर शिशिर और चलता जाता है ऋतुओं का चक्र यूं ही। प्रकृति ऐसे ही काम करती है चक्र में, पैटर्न में, व्यवस्था में।

बीज से पौध, पौध से पेड़ फिर फूल और फल और फल में से एक बार फिर बीज। जन्म, बचपन, जवानी, बुढ़ापा और मृत्यु, यही है जीवन चक्र। पहाड़ों पर बर्फ पिघलती है और पानी बन झरनों और नदियों में बह निकलती है समुद्र से मिलने को। समुद्र से भाप बन, पहाड़ों से टकरा एक बार फिर जीवनदायिनी बरसात या बर्फबारी। सृष्टि का यही नियम है। सब कुछ चक्र में नियमबद्ध। ध्यान से देखें



तो हमारे व्यवहार में भी यही चक्र या पैटर्न मिल जाते हैं। हम एक तरह के लोगों की तरफ आकर्षित होते हैं, एक ही तरह के लोगों अपनी तरफ आकर्षित करते हैं, एक ही तरह की गलतियां दोहराते हैं। बार-बार वही परिस्थितियां बनती हैं और हम अपने व्यवहारिक चक्र में फंसे चले जाते हैं। इसी से कई जिंदगियों में रिश्ते बार-बार विषैले होते और टूटते जाते हैं। इन्हीं परिस्थितियों में कई लोग रिश्ते जोड़ने में ही लगे रहते है। शांत मन से थोड़ी गहराई में देखें तो समझ आने लगता है और स्थितियों बदलने की क्षमता भी अपने आप ही आ जाती है। हमारे एक जानकार हैं जिसकी न कोई दोस्ती बचती है और न ही कोई रिश्ता।

सबसे हंसकर मिलते हैं, सुख दुख में भी शामिल होते हैं पर हमेशा दो ही बातें आड़े आ जाती हैं। एक उनका अहम। हर वक्त अपने पास पैसे होने का गुमान और दिखावा और दूसरा सबकी बातें बनाना। जो बहन या भाई या दोस्त या रिश्तेदार आसपास न हो उसकी बातें बनाना, उन्हें नीचे दिखाना। बात तो निकल ही जाती है। बस फिर रिश्तों में कसैलापन और धीरे-धीरे दूरियां बढ़ जाती हैं। सालों से इसी चक्र में उलझे हैं। अक्सर देखा जाता है कि घर में बड़े बुजुर्ग जो मन में आता है वह सबके मुंह पर बोल देते हैं। सुनने वाले को बुरा भी लग सकता है वे सोचते ही नहीं। उन्हें लगता है कि उन्हें अनुभव है इसलिए वे ही ठीक हैं। पर समय तो बदलता चला जाता है। अब उनके बच्चे बड़े हो गए हैं। उनकी भी बहु, बेटियां हैं। अगर बच्चे मां-बाप का मान रखते हुए, कुछ न भी बोलें तो भी बच्चों को बुरा तो लग ही जाता है।

फिर वही अबोला कुछ दिन। माता-पिता को इस चक्र से निकलना आता ही नहीं आता। बस हर वक्त अपना अहम ओढ़े रहते हैं। इसी तरह कुछ बच्चे दूसरे शहर चले जाते हैं नौकरी करने। माता-पिता को साथ रखना भी चाहते हैं। माता-पिता जब भी बच्चों के पास जाते हैं। हम सब भी इन व्यवहारिक चक्रों में बंधे हैं। बस थोड़ा उन्हें देखें, सोचें और संयम और सच्चाई से चक्र को तोड़ना सीख लें तो जीवन आसान हो जाएगा। यह कोई कौरवों का चक्रव्यूह तो है नहीं कि किसी अभिमन्यु को बुलाना पड़ेगा।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### सरकाघाट में 5 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश के सरकाघाट में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक 5 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। पीड़ित बच्ची की मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित बच्ची की मां ने बताया कि वह अपने पति और बच्चों के साथ किराए के मकान में रहती है। उनके घर के पास ही एक व्यक्ति किराए पर रहता था। इस व्यक्ति ने ही बच्ची के साथ यह घिनौना कृत्य किया। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### मंत्री शांडिल 24 से मंडी जिला के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनी राम शांडिल 24 से 26 जनवरी तक मंडी जिले के प्रवास पर रहेंगे। 24 जनवरी को सायं 7 बजे जोगिंद्रनगर पहुंचेंगे व रात्रि ठहराव करेंगे। 25 को सुबह 11 बजे वे नागरिक चिकित्सालय जोगिंद्रनगर का निरीक्षण करेंगे। इसके उपरांत दोपहर बाद वे मंडी के लिए प्रस्थान करेंगे तथा रात्रि विश्राम परिधि गृह मंडी में होगा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री 26 जनवरी को सुबह 11 बजे मंडी के सेरी मंच पर आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगे। दोपहर बाद वह मंडी से प्रस्थान करेंगे।

### जातिसूचक शब्द बोलने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** बल्ह थाना में जातिसूचक शब्द बोलने का मामला दर्ज किया गया है। संजय कुमार सुरेहली पुत्र स्व. कन्हैया लाल सुरेहली गांव बाल्ट जिला मंडी ने शिकायत दर्ज करवाई है कि प्रधान, सचिव व वार्ड पंच दक्षा पंचायत दफ्तर में आए तथा प्रधान कांता देवी ने कमरे में आकर मेरे साथ गाली-गलौज की तथा मेरे हाथ में पकड़ा कार्रवाई के रजिस्टर को छुड़ाने लग गई, तो इसने कहा कि यह क्या कर रही हो, तो प्रधान ने कहा कि आप नीच जाति के व घटिया आदमी हो तथा मुझे थप्पड़ मार दिया। प्रधान कांता देवी द्वारा पिछले चार सालों में कई बार मेरे साथ जातिगत घृणा के तहत गाली-गलौज की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### जातिसूचक शब्द का झूठा आरोप लगाने का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** बल्ह थाना में जातिसूचक शब्द का झूठा आरोप लगाकर फंसाने का मामला दर्ज किया गया है। वहीं, पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि पुलिस जांच कर रही है और शिकायत सही पाई गई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार कांता देवी प्रधान ग्राम पंचायत बाल्ट तहसील बल्ह जिला मंडी व वार्ड मेंबर जजरौत दक्षा देवी पत्नी रमेश कुमार गांव बाल्ट तहसील बल्ह जिला मंडी ने शिकायत दर्ज करवाई है कि उपप्रधान संजय कुमार सुरेहली द्वारा पंचायत की मासिक बैठक को न होने, हर बैठक में लड़ाई के लिए उकसाने, प्रधान के साथ छीना झपटी व गंदे इशारे करके पिछले 3 सालों से मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है। बार-बार जातिसूचक शब्द बोलने के इल्जाम में फंसाने के लिए डराता रहता है।

### बल्ह में दो मोटरें चोरी, एफआईआर दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** बल्ह थाना में बोर बैल के लिए लगाई दो मोटर के चोरी होने का मामला दर्ज हुआ है। जानकारी के अनुसार सुरेंद्र सिंह पुत्र दलीप सिंह निवासी गांव ब्रहल डॉ. बड़सू तहसील बल्ह जिला मंडी ने शिकायत की है कि इसकी मलकीयत भूमि गांव रिंज डाकघर लोहारा तहसील बल्ह में अपनी भूमि में बोर बेल लगाया था, जिसमें दो मोटर लगी थी, जिसे अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### नलैहर नाले में धड़ाधड़ हो रहे अवैध कब्जे



**अनंत ज्ञान, महादेव।** नगर परिषद सुंदरनगर के अंतर्गत आती बीएसएल (बीबीएमबी) कॉलोनी एवं चांगर से सटे गहरे गंदगी भरे नलैहर नाले के एक बड़े भाग में अवैध कब्जे धड़ाधड़ जारी हैं, जिससे मूसलाधार बारिश होने की स्थिति में किसी बड़े प्राकृतिक नुकसान को न्योता दिया जा रहा है, जबकि इस संकरे होते जा रहे नाले का वर्षों पहले का स्वरूप कुछ और ही था जो अब बिगड़ता ही जा रहा है, वहीं दुनिया भर की बास मारती गंदगी से प्रदूषण भी खूब फैलता जा रहा है, यानी शहर के एक बड़े भाग की गंदगी इसमें बह रही है। लोगों ने संबंधित विभाग व उपायुक्त मंडी से प्रार्थना की है कि अवैध कब्जे की मार झेल रहे इस नाले को शीघ्र ही मुक्त कर दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई अमल में लाई जाए।

### चांबी पंचायत में तेंदुए के आतंक से लोग सहमे

**अनंत ज्ञान, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आती ग्राम पंचायत चांबी में हिंसक जानवर तेंदुए का आतंक पिछले कई वर्षों से व्याप्त है। तेंदुआ कई कुत्तों को अपना शिकार बना चुका है, जबकि संबंधित विभाग से यहां पिंजरा इत्यादि लगाने की मांग कई बार की जा चुकी है। इससे हर बार निराशा ही हाथ लगी है। खासकर पंचायत के गांव भराड़ी, मझरोट, जंगमबाग, कांगर आदि में तेंदुए की चहलकदमी कुछ ज्यादा ही आतंकित कर रही है। लोगों ने वन विभाग तथा हिमाचल प्रदेश सरकार से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही उक्त पंचायत में तेंदुए की दहशत से मुक्ति दिलाने के दृष्टिगत पिंजरा आदि का इंतजाम करने के लिए कारगर कदम उठाए।

### कुम्मी में बनाई जाए वर्षाशालिका

**भीम बसेड़ू, महादेव।** बल्ह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मंडी को जाते मार्ग कुम्मी में वर्षा शालिका बनाए जाने की मांग लंबित पड़ी है। भीड़भाड़ वाले इस अति व्यस्त मार्ग पर यात्री गण आदि खुले में खड़े होकर बस का इंतजार करते हैं ऐसी स्थिति में लोगों को वर्षा एवं कड़ी धूप में भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। बुद्धिजीवी लोग ऐसी अव्यवस्था को लेकर संबंधित विभाग तथा सरकार के प्रति रोष व गुस्से से भरे हैं, क्योंकि इस सार्वजनिक समस्या को समय रहते हल नहीं किया जा रहा है। लोगों ने पीडब्ल्यूडी और उपायुक्त मंडी से सानुरोध प्रार्थना की है कि शीघ्र ही मेन रोड कुम्मी में बेहतर ढंग की वर्षा शालिका निर्मित की जाए। (अनंत ज्ञान)

### बंदरों-सुअरों के आतंक से पीड़ित हैं ग्रामीण

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** करनोहल कौहन गांव और पाडछू की जनता बंदरों और जंगली सूअरों से दुखी ही नहीं है बल्कि भविष्य के लिए भयभीत भी हैं। ग्रामीणों में रमेश, कश्मीर सिंह, राजकुमार, ओमप्रकाश, हंसराज आदि का कहना है कि बंदरों की संख्या इतनी अधिक बढ़ गई है कि लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। आज से पांच सात पहले यहां रात्रि के समय ट्रकों में भरकर यहां बंदर छोड़े गए थे। इन बंदरों ने लोगों के घरों के समीप ही पेड़ों पर अपना आशियाना बना लिया है। अब इनकी संख्या इतनी अधिक बढ़ गई है कि इनको यहां से भगाना भी कठिन हो गया है। साथ ही इन्होंने लोगों का जीना भी मुश्किल कर दिया है। दूसरी ओर रात्रि के समय जंगली सुअर आकर फसलों को बुरी तरह नष्ट कर देते हैं। लोग प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द उन्हें जंगलों में छोड़ने का प्रबंध करे। उधर, वन विभाग डीएफओ जोगिंद्रनगर का कहना है कि बंदरों को वन विभाग से परमिट लेकर मारा भी जा सकता है और बंदर को मारने के लिए पैसे भी दिए जाते हैं। इसी प्रकार सुअरों को भी शूट किया जा सकता है। मंकी कैप्चर टीमें भी धर्मपुर भेजी गई हैं। टीम इंचार्ज उत्तम सिंह के बार बार आश्वासन के बावजूद कोई भी टीम गांव में नहीं पहुंची। लोगों ने सरकार से गुहार लगाई है कि इस समस्या का समाधान जल्द किया जाए।

### गैस निरीक्षण कर रहे व्यक्तियों से रहें सावधान

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) को लेकर एलपीजी गैस एजेंसी जोगिंद्रनगर के नाम पर गैस निरीक्षण कर रहे भ्रामक व्यक्तियों से उपभोक्ताओं को सावधान रहने की सलाह दी गई है। उपभोक्ताओं को आगाह किया है कि इस संदर्भ में प्रशासन की ओर से कोई निर्देश जारी नहीं हुए हैं तथा भ्रामक व्यक्ति उपभोक्ताओं को एलपीजी गैस एजेंसी जोगिंद्रनगर के नाम पर भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। एलपीजी गैस एजेंसी जोगिंद्रनगर के प्रभारी पवन कुमार ने लोगों से आह्वान किया है कि किसी भी भ्रामक व्यक्ति से अपने एलपीजी गैस का निरीक्षण न कराएं। उन्होंने बताया कि आजकल कुछ भ्रामक व्यक्ति लोगों के घरों में एलपीजी गैस एजेंसी जोगिंद्रनगर के नाम से गैर-कानूनी तरीके से रसोई गैस का निरीक्षण कर रहें हैं तथा महंगे दामों में गैस की पाइप व रेगुलेटर बदल रहें हैं। उन्होंने इस संबंध में सर्वसाधारण को सूचित किया कि वर्तमान में प्रशासन द्वारा इस प्रकार के कोई भी प्रपत्र व निर्देश एलपीजी गैस एजेंसी जोगिंद्रनगर को नहीं दिए गए हैं। साथ ही उन्होंने जोगिंद्रनगर के सभी पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों व समस्त लोगों से ऐसे भ्रामक व्यक्तियों से सावधान रहने का आह्वान किया है।

### लेंटर से नाखून काटते हुए गिरा मजदूर, मौत

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जोगिंद्रनगर थाना में धारा 194 के तहत मामला दर्ज हुआ है। जानकारी के अनुसार 30 वर्षीय सुरेंद्र पुत्र रामकरे गांव तम्मा डा. मुर्दएबा तहसील खजनी जिला गोरखपुर उत्तर प्रदेश गांव पस्सल में मार्बल का काम करता था। सुरेंद्र कुमार अपने क्वार्टर के लेंटर से नाखून काटते हुए अचानक सिर के बल नीचे गिर गया, जिसे उपचार के लिए सिविल अस्पताल बैजनाथ ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि पुलिस जांच कर रही है।

# माता मुरारी देवी मंदिर को 42 साल बाद मिलेगी पक्की सड़क

## केंद्र सरकार के पर्यावरण वन और जलवायु मंत्रालय से प्रिंसिपल एफसीए अप्रूवल हुई प्राप्त

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध शक्तिपीठ एवं पर्यटन स्थल माता मुरारी देवी मंदिर जाने वाले लाखों श्रद्धालुओं को एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। मंदिर मुरारीधार के लिए लेदा होकर जाने वाले फॉरेस्ट सड़क मार्ग को 42 वर्षों के बाद पक्का करने की एफसीए अप्रूवल मिल गई है।

केंद्र सरकार के पर्यावरण वन और जलवायु मंत्रालय से प्राप्त अप्रूवल के आधार पर अब प्रदेश लोक निर्माण विभाग चहड़ीघाट से मुरारी माता मंदिर के लिए 5 किलोमीटर कच्चे फॉरेस्ट सड़क मार्ग को पक्का किया जाएगा। इससे जहां मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी, वहीं वन विभाग को भी क्षेत्र में आग लगने की घटनाओं को रोकने में सहायता प्राप्त होगी। अप्रूवल के अनुसार वन विभाग जिला मंडी के सुकेत फॉरेस्ट डिवीजन की 3.0827 हेक्टेयर वन भूमि को लोक निर्माण विभाग हिमाचल प्रदेश को स्थानांतरित किया जाएगा। डीएफओ सुकेत फॉरेस्ट डिवीजन आईएफएस राकेश कटोच ने कहा कि चहड़ीघाट से माता मुरारी देवी मंदिर तक फॉरेस्ट सड़क मार्ग का निर्माण वर्ष 1982 में वन संरक्षण के लिए किया गया था। इसके उपरांत सड़क मार्ग पर स्थित सुप्रसिद्ध माता मुरारी देवी मंदिर में लाखों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पीडब्ल्यूडी को नियमानुसार स्थानांतरित किए जाने के प्रयास किए गए। उन्होंने कहा कि अब इस सड़क मार्ग को लोक निर्माण विभाग को स्थानांतरित करने की प्रिंसिपल अप्रूवल मिल गई है। इसमें निहित शर्तों को पूरा करने के बाद सड़क मार्ग को पक्का करने के लिए कार्य शुरू किया जा सकेगा। (अनंत ज्ञान)



चढ़ीधार से मुरारी देवी के लिए जाने वाली कच्ची सड़क व मुरारी देवी की प्राचीन प्रतिमा।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

### क्या कहते हैं मंदिर समिति के महासचिव



**मंदिर** समिति के महासचिव ख्याली राम ठाकुर ने कहा कि चहड़ीधार से माता मुरारी मंदिर तक का सड़क मार्ग कच्चा होने के कारण श्रद्धालुओं को समस्या का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब इस सड़क मार्ग को पक्का करने की परमिशन मिल गई है।

### श्रद्धालुओं को मिलेगी राहत

**माता** मुरारी देवी मंदिर के पुजारी जगदीश कुमार शर्मा ने कहा कि मुरारी माता के लिए सड़क मार्ग पक्का होना सभी श्रद्धालुओं के लिए खुशी की बात है। मुरारी देवी के लिए लेदा होकर आने वाले सड़क मार्ग की चहड़ीधार से मंदिर तक हालात बहुत दयनीय थे। माता मुरारी देवी मंदिर मुरारीधार में परिवार सहित दर्शन करने निहरी से पहुंचे श्रद्धालु ओमप्रकाश ने कहा कि मंदिर आने के लिए शुरुआत में सड़क मार्ग ठीक मिला, लेकिन उसके उपरांत इसकी हालत बहुत खराब है। वहीं हमीरपुर से श्रद्धालु सपना ठाकुर ने कहा कि बरसात के मौसम में सड़क की हालत बहुत ज्यादा खराब होने के कारण मंदिर पहुंचना बहुत मुश्किल होता था। लेकिन अब सड़क मार्ग पक्का होने से श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी।

# सिविल अस्पताल धर्मपुर में एक्स-रे मशीन दो माह से खराब

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**



सिविल अस्पताल धर्मपुर।

सिविल अस्पताल धर्मपुर इन दोनों विकट परिस्थितियों से जूझ रहा है, जिसकी वजह से स्थानीय लोगों व मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस अस्पताल में कहने को तो यह 100 बेडेड अस्पताल है, मगर इसमें मरीज नहीं है। मरीज न होने का कारण अस्पताल में मूलभूत सुविधाओं का ना होना है।

कहने को तो यहां पर 9 डॉक्टर तैनात हैं जिनमें दो विशेषज्ञ डॉक्टर हैं। मगर डॉक्टर भी करें तो क्या। डॉक्टरों के पास ऑपरेशन थिएटर, अल्ट्रासाउंड मशीन, एक्स-रे मशीन और न ही ऑक्सीजन सुविधा है। अस्पताल में सफाई कर्मी न होने से अस्पताल के परिसर व शौचालयों में गंदगी ही गंदगी नजर आती है।

गत चार-पांच वर्षों में बने इस अस्पताल के भवन की तीसरी मंजिल में बने शौचालय की पाइपलाइन टूटी है, जिसकी वजह से तीन मंजिलों की दीवार पर पानी रिसाव हो रहा है और सीढ़ियों पर भी सीलन बनी हुई है। बाहर सेफ्टी टैंक सीवरेज का बना है जिसमें ढक्कन न होने से बदबू आ रही है। इस भवन को बने हुए अभी 5 वर्ष हुए मगर इसमें जो टाइल्स लगी है वह भी जगह-जगह टूटी है। इस अस्पताल में जहां एक और कर्मचारियों का एक दिन का वेतन लाखों रुपए जा रहा है, वहीं इस अस्पताल में केवल एक महिला मरीज शुगर का दाखिल है। एक सफाई कर्मी है अपनी 8 घंटे ड्यूटी देकर चला जाता है। इस अस्पताल का जो पुराना भवन है उसकी दशा तो और भी ज्यादा बदतर है।

### क्या कहते हैं बीएमओ

इस बारे जब बीएमओ धर्मपुर, संधोल धर्मपाल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सरकार को कर्मचारियों की कमी के बारे में सूचित कर दिया गया है और जो एक्स-रे मशीन खराब है, उन कंपनियों को भी यह बात बताई गई है कुछ समय में कंपनी के पुर्जे आ जाएंगे सिविल अस्पताल के भवन की खस्ताहाल के बारे में भी बताया कि अभी तक बिल्डिंग का कार्य पूरा नहीं हुआ है और लोक निर्माण विभाग ने अभी तक सिविल अस्पताल के भवन को विभाग को नहीं सौंपा है।

## गाली-गलौज करने का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** बल्ह थाना में गाली गलौज का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार बनारसी लाल पुत्र वगु राम गांव रठोल डाकघर वाल्ट तहसील बल्ह जिला मंडी ने शिकायत दर्ज करवाई है कि रठोल में हिमा देवी के घर से बनारसी लाल मेरे घर तक ग्राम पंचायत बाल्ट द्वारा 2008 में सड़क निर्माण किया गया था। 3 अक्तूबर 2024 को इस सड़क को इंद्रदेव पुत्र चुहडू राम गांव रठोल को बिना कारण से बंद करने से लोगों का आना जाना बाधित हो गया है। इस सड़क के निर्माण में सभी जमीन मालिकों ने अपने-2 शपथ पत्र पंचायत में दिए है तथा सभी जमीन मालिकों ने इस सड़क निर्माण में सहमति दी थी। जब इस रास्ते को खोलने के लिए बनारसी लाल को मौका पर बुलाया तो इंद्र देव ने इसका रास्ता रोका और गाली गलौज करने लगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि पुलिस जांच कर रही है।

## एसडीएम ने भोजपुर बाजार का किया औचक निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



भोजपुर बाजार का औचक निरीक्षण करते हुए एसडीएम।

एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी ने अपने दल-बल सहित बुधवार को उपमंडल के भोजपुर बाजार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान व्यापारियों और सड़क पर सामान लगाने तथा सब्जी की अवैध रेहड़ियां लगाकर कानून की अवहेलना करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया।

इस दौरान एसडीएम के साथ नगर परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष हितेश शर्मा और विभिन्न कर्मचारी मौजूद रहे। इस निरीक्षण के दौरान अमर नेगी ने सड़क पर अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों को सामान दुकान के अंदर रखने के आदेश दिए। वहीं, उन्होंने नियमों की पालना नहीं करने पर भविष्य में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाने की हिदायत दी। गौरतलब है कि भोजपुर उपमंडल का सबसे बड़ा बाजार है और यहां सुबह से लेकर देर शाम तक लोगों का तांता लगा रहता है। व्यापारियों द्वारा अपनी दुकान का सामान सड़क पर लगाकर ट्रैफिक में व्यवधान डाला जाता है। प्रशासन द्वारा बार-बार व्यापारियों से सामान दुकान के अंदर ही लगाने की हिदायत दी गई थी। लेकिन इसके बावजूद भी नियमों के विपरीत सड़क पर सामान लगाकर अतिक्रमण किया जाता है।

वहीं, बाजार में सब्जियों की रेहड़ियों को अवैध तरीके से सड़क पर अवरोध पैदा कर विभिन्न स्थानों पर सब्जी बेचने के लिए लगाया जाता है। इन सब शिकायतों को लेकर एसडीएम अमर नेगी ने भोजपुर बाजार का औचक निरीक्षण कर कड़ी हिदायत दी गई है। जानकारी देते हुए एसडीएम अमर नेगी ने बताया कि उपमंडल के मुख्य बाजार भोजपुर में औचक निरीक्षण कर व्यापारियों को नियमों के तहत कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।



## मोहर सिंह बने जलरक्षक संगठन के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** बालीचौकी जल शक्ति उपमंडल जलरक्षक संगठन के अध्यक्ष मोहर सिंह उर्फ महेंद्र ठाकुर को चुना गया। प्रदेश जलरक्षक महासचिव डोलम चंद की अध्यक्षता में बालीचौकी में लगभग 150 जलरक्षक ने भाग लिया, जिसमें सर्वसम्मति से मोहर सिंह को अध्यक्ष बनाया गया। साथ में तनु को उपाध्यक्ष, प्रवीण को सचिव और रवि ठाकुर को कोषाध्यक्ष चुना गया। नरेश को मीडिया प्रभारी व पदम को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। जलरक्षक संघ ने मांग की है कि प्रदेश सरकार जल रक्षक की पॉलिसी को 12 वर्ष से घटाकर 8 वर्ष की जाए और उनके कार्य को देखते हुए वेतन बढ़ाया जाए। जल रक्षक संघ मांग करता है कि आने वाले बजट सत्र में उनकी मांग को पूरा किया जाए।

## मंडी में शिवरात्रि महोत्सव की तैयारियां जोरों पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी मंडी डॉ. मदन कुमार ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव 27 फरवरी से 4 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। इस महोत्सव के सफल आयोजन के लिए विभिन्न स्तर पर तैयारियों आरंभ की दी गई हैं।

उन्होंने बताया कि मेले के दौरान पड्डल मैदान में विभिन्न तरह की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पड्डल मैदान में महोत्सव के दौरान विभागीय प्रदर्शनियां स्थापित की जाएंगी। इसके लिए एल्यूमीनियम हैंगर स्थापित होंगे, जिसके लिए 29 जनवरी सुबह 11.30 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की गई हैं, जो कि उसी दिन दोपहर बाद 2.15 बजे उनके कार्यालय में खोली जाएंगी। मेले के दौरान व्यापारिक गतिविधियों के लिए एल्यूमीनियम हैंगर/डोम पड्डल में स्थापित किए जा रहे हैं। इसकी निविदाएं 30 जनवरी सुबह 11.30 बजे तक जमा की जा सकती हैं, जो कि दोपहर 12.15 बजे खोली जाएंगी। रेहड़ी-फड़ी इत्यादि स्थापित करने के लिए निविदाएं 29 जनवरी दोपहर 1.30 बजे तक जमा की जा सकती हैं जो कि 2.15 बजे खोली जाएंगी। मेले में तंबोला स्थापित करने के लिए निविदाएं 31 जनवरी सुबह 11.30 बजे जमा की जा सकती हैं जो कि दोपहर 12.15 बजे खोली जाएंगी। झूला, हिंडोला तथा गंडोला इत्यादि स्थापित किए जा रहे हैं, इसके लिए 31 जनवरी 2.30 बजे तक निविदाएं जमा करवाई जा सकती हैं जो कि 3.15 बजे खोली जाएंगी। उन्होंने सभी इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि से निविदाएं सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित उपायुक्त कार्यालय के अधीक्षक वर्ग-1 के कमरा नंबर 215 में पंजीकृत पत्र या निजी तौर पर जमा कराना सुनिश्चित करें।

## साइबर क्राइम सेफ्टी और सिक्योरिटी पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



वर्कशॉप में मौजूद प्रतिभागी।

रविंद्रनाथ टैगोर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सरकाघाट में पांच दिवसीय प्रारंभिक शिक्षकों की कैपेसिटी बिल्डिंग और टेक्नोलॉजी एन्हांसमेंट वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। इसके तीसरे दिन के विशेषज्ञ संजीव गौतम डीएसपी सरकाघाट ने साइबर सेफ्टी और सिक्योरिटी के विषय में 60 के करीब अध्यापकों को साइबर क्राइम सेफ्टी और सिक्योरिटी से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की और अपने निजी अनुभवों को साझा किया कि कैसे हम मोबाइल और इंटरनेट के आधुनिक युग में साइबर अपराधों से अपने बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि अध्यापक ही वह दीपक है, जो अज्ञानता रूपी अंधेरे को अपने ज्ञान के प्रकाश से दूर कर सकता है और समाज को जागृत कर सकता है। प्रधानाचार्य सुरेश पठानिया व कार्यशाला में आए सभी अध्यापकों ने उनके द्वारा दी गई जानकारी पर उनका आभार और धन्यवाद प्रकट किया।

## भाखड़ा नहर में मिला युवती का शव

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

सोमवार को जोगिंद्रनगर से चंडीगढ़ के लिए निकली युवती का शव पटियाला में भाखड़ा नहर से बरामद हुआ है। उपमंडल जोगिंद्रनगर की ग्राम पंचायत मसौली के सेरु गांव की 21 वर्ष युवती का संदिग्ध परिस्थितियों में भाखड़ा नहर में शव मिला है। मृतक युवती की पहचान पुत्री हंस राज निवासी ग्राम पंचायत मसौली गांव सेरु के तौर पर हुई है।

सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर घटना के संबंध में मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। युवती की मौत कैसे हुई अभी इस बात का खुलासा नहीं हो पाया है। मृतका बीते करीब तीन सालों से चंडीगढ़ में नौकरी करती थी इन दिनों वह अपने घर आई थी और बीते सोमवार को ही अपने घर से कार लेकर चंडीगढ़ रवाना हुई थी, लेकिन बीच रास्ते में ही वह गायब हो गई। मंगलवार को उसका शव नग्न अवस्था में नहर से बरामद हुआ। बेटी की मौत के सूचना मिलने पर उसका पिता बीते रोज ही शव लेने रवाना हो गया। पोस्टमार्टम के बाद आज देर रात तक युवती का शव उसके घर पहुंचने की उम्मीद है।

## युवा पीढ़ी को नशे से बचाना है सबसे बड़ी चुनौती

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



मंडी साक्षरता एवं जनविकास समिति एवं जिला मंडी बाल सरंक्षण कार्यालय के सहयोग से भारत नशा मुक्ति अभियान के तहत धर्मपुर विकास खंड चोलथरा ग्राम पंचायत में नशा मुक्ति जागरूकता शिविर आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता खंड अध्यक्ष एवं अंतरराष्ट्रीय एथेलीक्स कोच भूपिंद्र भूप्पी ने की। जिला बाल सरंक्षण अधिकारी एनआर ठाकुर, साक्षरता समिति की सचिव सुनीता बिष्ट कोषाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, ऋत्विक ठाकुर बतौर स्त्रोत व्यक्ति भाग लिया।

एनआर ठाकुर ने कहा कि व्यक्ति और समाज को नशा मुक्ति अभियान में सहयोग करने की जररूरत है, तभी हम अपने भविष्य को सुरक्षित कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि सिंथेटिक नशे की स्थिति चिंताजनक होती जा रही है, इसलिए इसके लिए जनभागीदारी से अभियान चलाया जाना जरूर है। इसलिए इसमें महिला मंडलों, युवक मंडलों, पंचयतों व पूर्व सैनिकों की भागीदारी सुनिश्चित करना जरूरी है।

सुनीता बिष्ट ने कहा कि नशे के कारण आज हर रोज युवाओं की मौतें हो रही हैं। समिति ने इसलिए इस अभियान का मुख्य नारा युवा बचाओ भविष्य बचाओ दिया है।

भूपेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार व प्रशासन को इसकी रोकथाम के लिए जनता को शामिल करते हुए कमेटियां गठित करनी होंगी। अंतरराष्ट्रीय एथलीट कोच भूपिंद्र भूप्पी ने कहा कि हमें बच्चों और युवाओं को खेलों की ओर आकर्षित करना चाहिए। इस अवसर पर विजय कुमार, प्रधान मेहर चंद, राजीव आर्य, कश्मीर सिंह, विशु भूषण आदि ने अपने विचार पेश किए।

## बल्ह थाने में मारपीट का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** बल्ह थाना में मारपीट का मामला दर्ज हुआ है। जानकारी के अनुसार लतेश कुमार पुत्र प्रेम नाथ निवासी नेरचौक ने शिकायत दर्ज करवाई है कि गत रोज 6.15 बजे नेरचौक राणा मार्केट में एक लड़का व दो लड़किया आपस में बातचीत कर रहे थे, जिस पर मैंने उस लड़के को कहा कि शाम हो गई है घर चले जाओ, तो वह लड़का मुझे अपने पापा के नाम पर धमकाने लगा। थोड़ी देर बाद एक व्यक्ति आया और मुझसे कहा कि तुने मेरी लड़कियों को छेड़ा है। इसके बाद उसने मुझसे मारपीट की, जिस कारण मुझे बाई आंख, कान व शरीर में चोटे लगी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# पवन ठाकुर ने गर्ल्स स्पोर्ट्स हॉस्टल को दी 70 हजार रुपए की सहायता

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

### स्कूलों में बांटे एक करोड़ 20 लाख



गर्ल्स स्पोर्ट्स होस्टल में कांग्रेस महासचिव सामूहिक चित्र में।

पूर्व प्रदेश कांग्रेस महासचिव और सरकाघाट से कांग्रेस प्रत्याशी रहे पवन ठाकुर ने राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरकाघाट के गर्ल्स स्पोर्ट्स हॉस्टल को 70 हजार रुपए की निजी मदद दी। उन्होंने छात्राओं के लिए 20 गद्दे, चादरें, रजाइयां, तलाइयां, तकिए और 2 गीजर उपलब्ध कराए।

उन्होंने स्पोर्ट्स होस्टल के लिए टीन की छत लगाने और नया आधुनिक होस्टल बनाने का आश्वासन भी दिया पवन ठाकुर ने बताया कि उन्होंने अब तक सरकाघाट क्षेत्र के सरकारी स्कूलों के विभिन्न विकास कार्यों के लिए 1.20 करोड़ रुपए की राशि दिलवाई है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू का आभार व्यक्त करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में योगदान जारी रखने का वादा किया। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेश पठानिया, एसएमसी प्रधान कमलेश कुमार, प्रवक्ता विजय कुमार, पूर्व एनडीएसआई रणजीत सिंह, शहरी कांग्रेस अध्यक्ष अश्वनी गुलेरिया, नगर परिषद के चेयरमैन कश्मीर सिंह, उपाध्यक्ष बृजलाल, स्पोर्ट्स हॉस्टल के कोच राकेश कुमार और विनोद कुमार फौजी आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

**कार्रवाई** भयारटा के पास विभिन्न प्रजातियों के पेड़ों की लकड़ी को किया जा रहा डंप

# 30 टन फ्यूल वुड वन विभाग ने कब्जे में लिया

**आदर्श, नेरचौक**

उपमंडल बल्ह के अंतर्गत आने वाले रौ-भयारटा में डंप की हुई फ्यूल वुड की लगभग 30 टन लकड़ी को वन विभाग की टीम ने कब्जे में लिया है।

जानकारी के अनुसार बुधवार को लोगों ने देखा कि रौ-भयारटा के पास फ्यूल वुड की विभिन्न प्रजातियों के पेड़ों की लकड़ी को डंप किया जा रहा है, जिस बात की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी गई सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची जिसमें वन खंड अधिकारी हेमराज और वनरक्षक राजेश कुमार शामिल थे। जिन्होंने मौके पर पहुंचकर लकड़ी की पैमाइश कर वहां मौजूद कुछ लोगों के हवाले कर दिया और पूरी वेरिफिकेशन के मुताबिक आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। वनरक्षक राजेश कुमार ने बताया कि उन्होंने शनि मंदिर रौ के पास खिड़क, मरीनू, पॉपुलर पाजा, चयूहली, आम, तूत आदि के पेड़ों की लकड़ी को कब्जे में लिया है जिसकी पैमाइश करने पर लकड़ी लगभग 30 टन पाई गई है, जिसे उन्होंने स्थानीय निवासियों के सपुर्द कर दिया है आगामी मामले की वेरिफिकेशन नियमानुसार जारी है। (अनंत ज्ञान)



कब्जे में ली गई लकड़ी।

> रौ भयारटा के पास फ्यूल बुड की विभिन्न प्रजातियों के कटे हुए पेड़ों की डंप की हुई 30 टन लकड़ी को विभाग द्वारा कब्जे में लिया गया है। मामले की पूरी तहकीकात कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
> **-हेमराज, वन खंड अधिकारी।**

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रा ने युवक पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**अनंत ज्ञान, ऊना।** स्थानीय महिला थाना के तहत जिले की नाबालिग स्कूली छात्रा ने अंब के युवक पर दुष्कर्म के आरोप लगाए हैं। युवती ने युवक पर धर्म परिवर्तन करने के साथ उसके साथ शादी के लिए तंग करने के आरोप भी जड़े हैं। छात्रा की शिकायत पर महिला थाना में आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। बता दें कि पुलिस को दी शिकायत में छात्रा ने बताया है कि अंब उपमंडल का एक युवक उसे पिछले डेढ़ वर्ष से जानता है। आरोप है कि युवक पहले बार-बार फोन कर उसे मिलने के लिए बुलाता था। छात्रा ने आरोप लगाया कि बीते दिनों रात्रि के समय आरोपी युवक ने मार पिटाई करते हुए उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। इस मारपीट और दुष्कर्म को लेकर ही उसने महिला थाना में शिकायत दी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऊना सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि पुलिस ने नाबालिग की शिकायत पर युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### एड्स से बचाव का एक ही उपाय जागरूकता



**अनंत ज्ञान, ऊना।** संयुक्ता चौधरी हिमोत्कर्ष महिला प्रशिक्षण संस्थान ऊना में रेड रिबन क्लब के सौजन्य से एड्स संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को हिमोत्कर्ष परिषद के जिलाध्यक्ष कर्णपाल सिंह मनकोटिया ने संबोधित किया। उन्होंने छात्रों को एड्स के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि इन गतिविधियों का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना और समाज में सही जानकारी का प्रचार करना है। उन्होंने कहा कि एड्स हाथ मिलाने, साथ खाने व एक दूसरे का कपड़ा पहनने से नहीं फैलता। उन्होंने बताया कि एड्स एक लाइलाज बीमारी है। इससे बचाव का एकमात्र उपाय जागरूकता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन और स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एक सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर हिमोत्कर्ष महिला मंच की सचिव पूजा कपिला, रमा कंवर, प्रशिक्षण संस्थान की स्टाफ सदस्य रंजू वाला, मीना ठाकुर, निशा कुमारी व संस्थान की 30 के करीब छात्राएं उपस्थित थीं।

### तनाव कम करने के लिए छात्रों की परीक्षा पर चर्चा




**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पिरथीपुर में एनएसएस प्रभारी सतीश सिंह मिन्हास के नेतृत्व में स्वयंसेवियों द्वारा परीक्षा पर चर्चा तथा मेराथन का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में तनाव कम करना था। इस अवसर पर कार्यकारी प्रधानाचार्य पूनम शर्मा ने बच्चों को कहा कि व्यायाम आपके शरीर को तनाव से राहत प्रदान कर सकता है, साथ ही तनाव के प्रभावों, जैसे कि भागने या लड़ने की प्रतिक्रिया का अनुकरण करता है और आपके शरीर और उसके सिस्टम को उन प्रभावों के माध्यम से एक साथ काम करने का अभ्यास करने में मदद करता है। यह आपके शरीर में सकारात्मक प्रभाव भी पैदा कर सकता है, जिसमें आपके हृदय, पाचन और प्रतिरक्षा प्रणाली शामिल हैं। उन्होंने कहा कि तेज गति वाले खेल, लंबी सैर या दौड़ या पूल में कई चक्कर लगाने के बाद आप अक्सर पाएंगे कि आप दिन भर की परेशानियों को भूल गए हैं और केवल अपने शरीर की गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इस मौके पर अजय कुमार, हर्बिन्द्र सिंह, अमित कुमार, सुलोचना राणा, अभिनव पराशर, रेनू कुमारी, लेख राज, अंजना कुमारी, श्वेता शर्मा, सुशील पठानिया, भारती शर्मा, मनजीत कौर आदि उपस्थित रहे।

### किसान भूमि की ई-केवाईसी करवाने में जुटे



**विनोद शर्मा, लठियाणी।** हिमाचल प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार भूमि की केवाईसी करवाने के लिए लोग राजस्व विभाग के पास जा रहे हैं। ग्रामीण राजस्व अधिकारी गांव -गांव में जाकर भी केवाईसी की सुविधाएं लोगों को उपलब्ध करवा रहे हैं। इसी क्रम में तनोह ग्रामीण राजस्व अधिकारी ऊषा देवी एवं विकास कुमार कैहलवीं में किसानों की केवाईसी की गई। कई किसानों ने अपने गांव में ही इस प्रकार की सुविधा के लिए बहुत ही उत्साहित हुए। इस अवसर पर तनोह पंचायत के उपप्रधान नरेंद्र कुमार मूल्ला, बलिराम, हरि सिंह, देशराज, राकेश कुमार, विजय कुमार, विनोद कुमार, किशोरी लाल, बलवंत सिंह के अलावा कई गांव वासियों ने अपनी भूमि की केवाईसी करवाई। ग्रामीण राजस्व विभाग अधिकारी ऊषा देवी एवं विकास कुमार लोगों को केवाईसी के बारे में जानकारी भी दे रहे हैं और उसके महत्व के बारे में भी विचार साझा किया जा रहे हैं।

### 'वो दिन योजना' को लेकर किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, अंब।** बाल विकास परियोजना अंब वृत्त खरोह के तहत पंचायत धर्मशाला महंता के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वो दिन योजना का जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें डॉक्टर बिंदु दत्ता द्वारा विद्यालय में सातवीं से लेकर बारहवीं कक्षा तक के बच्चों को पौष्टिक आहार, एनीमिया प्रबंधन, डायरिया, रोकथाम और माहवारी में स्वच्छता के बारे में जानकारी दी गई। इस जागरूकता शिविर में विशिष्ट माध्यमिक विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य कंचन शर्मा व सहयोगी अध्यापक उपस्थित थे। इस शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग से बाल विकास परियोजना अधिकारी विजय कुमार, सांख्यिकीय सहायक संदीप चौहान, सुपरवाइजर सोमा देवी, सुपरवाइजर पवन कुमार, सुपरवाइजर कमल जीत, पोषण अभियान ब्लॉक को-आर्डिनेटर मातुल कुमार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व हेल्पर सहित स्थानीय महिलाएं उपस्थित थीं।

### ठेकेदारों के बिलों का नहीं हो रहा भुगतानः वशिष्ट



**अनंत ज्ञान, ऊना।** जलशक्ति विभाग व लोक निर्माण विभाग के ठेकेदारों के करोड़ों रुपए के बिल सरकार के पास फंसे हुए हैं। सरकार द्वारा पिछले कई महीनों से ठेकेदारों के बिलों का भुगतान नहीं किया जा रहा है, ऐसे में ठेकेदार वर्ग को अपने परिवारों का पालन पोषण करना मुश्किल हो गया है। कांग्रेस सरकार से कर्मचारी, पेंशनर्स व आम जनता परेशान हो चुकी है। यह बात भाजपा के पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ के संयोजक राजीव वशिष्ट ने कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार जनता से झूठ बोलकर सत्ता में आई, लेकिन सत्ता पर काबिज होने के बाद एक भी वादा पूरा नहीं किया गया। आज कर्मचारी व पेंशनर्स अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे हैं। 2016 से 2022 तक सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को न तो उनका रिवाइज्ड पे स्केल का एरियर दिया गया है, न ग्रेच्युटी कम्यूटेशन, लीव इन कैशमेंट कुछ नहीं मिला है। एक-एक कर्मचारी का 6 से 20 लाख रुपए तक एरियर सरकार के पास फंसा हुआ है, उस पैसे का ब्याज भी सरकार ले रही है। कर्मचारी सरकार से बुरी तरह से परेशान हो चुके हैं। आज प्रदेश की महिलाएं 1500 रुपए का इंतजार कर रही हैं। वशिष्ट ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के समय प्रदेश व ऊना जिले में अथाह विकास हुआ। ऊना विधानसभा क्षेत्र में ही भाजपा नेता सतपाल सत्ती के नेतृत्व में दो हजार करोड़ से अधिक विकास कार्यों पर खर्च किए गए, लेकिन कांग्रेस सरकार बनने के बाद ऊना में एक ईंट तक नहीं लग पाई।

# ग्रामीण ने किया सोलर पावर प्रोजेक्ट अघलौर के रास्ते को बंद

## अधिकारियों-कर्मचारियों को करना पड़ा परेशानी का सामना, हो रहा करोड़ों का नुकसान

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के 10 मेगावाट सोलर पावर प्रोजेक्ट अघलौर का रास्ता बंद करने पर आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि विजय कुमार जो कि स्थानीय निवासी है, ने जब से अघलौर में सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट स्टार्ट हुआ है। तब से ही रास्ते को लेकर मुश्किलें खड़ी कर दी हैं।

उन्होंने बुधवार सुबह 8 बजे ही जो रास्ता मेन रोड से प्रोजेक्ट की तरफ आता है, उसे पूर्ण रूप से बंद कर दिया। विभाग इसकी निशानदेही चार बार ले चुका है, परंतु सही जमीन का पता लगाने की अभी तक यथास्थिति बनी हुई है। बुधवार सुबह जब विभाग के कर्मचारी तथा हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के ऑफिसर प्रोजेक्ट में आ रहे थे, तब देखा कि विजय कुमार ने रास्ता बंद कर दिया है। उनका कहना है कि यह जमीन जो रास्ते में आ रही है, वह मेरी है। बता दें कि विजय कुमार जो स्थानीय निवासी है, उसने कई बार प्रोजेक्ट को न लगने की कोशिश की तथा दूसरी तरफ रमेश चंद्र शास्त्री जो कि वार्ड पंच अगलौर के हैं, उनकी जमीन लगती है।

जब भी रास्ता बनाने की बात आती है, तो एक तरफ विजय कुमार तथा दूसरी तरफ रमेश चंद शास्त्री जमीन पर अपना हक जमाते हैं, जबकि कागजों में राजस्व विभाग द्वारा 25 मीटर रोड के साथ तथा 7 मीटर प्रोजेक्ट के साथ सरकारी जमीन लगती है, जो कि रास्ता दिखाया गया।

गांववासी अघलौर तथा अन्य बुजुर्ग लोग कहते हैं कि यह रोड बहुत पुराना है तथा बोर्ड से संबंधित है। अभी यह बात बताना जरूरी है कि शीघ्र ही 10 मेगावाट सोलर पावर प्लांट हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड को समर्पित किया जाएगा और इसका शीघ्र ही मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा राज्य को समर्पित करने वाले हैं तो विभाग तथा ठेकेदार इस असमंजस में हैं कि रास्ता बनाया जाए तो कहां।

कंपनी का कहना है कि इस रास्ते की वजह से तीन-चार महीने काम बाधित हुआ है और कम से कम करोड़ों का नुकसान हुआ है। कंपनी के प्रशासक देवराज सांखला ने कहा है कि जब से प्रोजेक्ट शुरू हुआ है, छोटी-मोटी परेशानियां आई हैं परंतु रास्ता बंद करना कोई अच्छी बात नहीं है। अगर हमें निशानदेही सही रूप में दी जाए तो हम आगे काम कर सकते हैं, अन्यथा रोड बनाना तथा इसका कार्य करना बहुत मुश्किल हो जाएगा।



ग्रामीण ने 10 मेगावाट सोलर पावर प्रोजेक्ट अघलौर का रास्ता बंद कर दिया।

# कुटलैहड़ के दूरदराज क्षेत्रों में बस सेवा बंद होने से रोष



ग्रामीणों के साथ वीरेंद्र कंवर रोष जताते हुए।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ के कुछ दूरदराज के क्षेत्रों में बस सेवाएं बंद होने पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने सरकार को चेताया है कि यदि ये सेवाएं 15 दिनों में बहाल न हुईं तो वे ग्रामीणों के साथ सड़कों पर प्रदर्शन करेंगे।

वीरेंद्र कंवर ने कहा है कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री के गृह जिले में आम जनता के साथ इस प्रकार का संवेदनहीन कृत्य जिससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों को परेशानी हो, बेहद शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि नई सड़कों के साथ-साथ पुरानी सड़कों पर भी बस सेवा को बंद कर दिया गया है जिससे ग्रामीणों के रोजमर्रा के कार्यों पर इसका विपरीत प्रभाव हो रहा है। उन्होंने कहा है कि कुटलैहड़ के दूर-दराज के क्षेत्रों की पुरानी सड़कों- हंडोला से जगातखाना, बंगाणा से चपलाह व नई सड़कों लिदकोट से सलांगड़ी वाया चुगाठ-सहनाल, सैली से हंडोला वाया कमून पर बस सेवा बंद कर दी गई है।

कंवर ने कहा कि उपमुख्यमंत्री को कम से कम अपने गृह क्षेत्र के लोगों की परेशानियों पर तो ध्यान देना ही चाहिए और ये रूट जल्द बहाल करने चाहिएं, जिससे ग्रामीणों को असुविधा का सामना न करना पड़े।

वीरेंद्र कंवर ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि 15 दिनों के भीतर इन सड़कों पर बस सेवा सुचारु रूप से बहाल नहीं की गईं तो ग्रामीण सड़कों पर उतरेंगे और धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेदार सरकार व परिवहन मंत्री होंगे।

## बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने को लेकर किया मंथन



रोड सेफ्टी क्लब के साथ बैठक करते एसडीएम।

**विवेक शर्मा, अंब**

उपमंडल में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए एसडीएम अंब सचिन शर्मा ने बुधवार को रोड सेफ्टी क्लब के साथ एक बैठक की।

बैठक में अंब थाना के एएसआई शेषपाल, तहसीलदार प्रेमलाल धीमान, बीडीओ ओमपाल, बीएमओ राजीव गर्ग, प्रिंसिपल महाराणा प्रताप कॉलेज अंब दर्शन कुमार, सेक्रेटरी नगर पंचायत हर्ष गुप्ता, जेई पीडब्ल्यूडी सुखदेव सिंह, आईटीआई नैहरियां के प्रिंसिपल प्रवेश शर्मा व अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हुए। एसडीम सचिन शर्मा ने बताया कि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए हर महीने अलग-अलग कैटेगरी के तहत किए जाने वाले चालानों की समीक्षा की जाएगी। लोगों को रोड सेफ्टी के प्रति जागरूक करने के लिए रैलियां निकाली जाएंगी, स्कूली बच्चों द्वारा पंचायत में आयोजित होने वाले ग्राम सभाओं में नुक्कड़ नाटिका के जरिए जागरूक किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि क्षेत्र में एक्सीडेंट प्रोन एरियाज को आईडेंटिफाई करके उनमें सुधार लाने का प्रयास किया जाएगा। इसके अलावा सरकारी जगह पर गो सदन चलाने वाले स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ बैठक कर सड़कों पर घूम रहे बेसहारा को वर्ष के संरक्षण के लिए भी विस्तार से चर्चा करेंगे और रूपरेखा बनाएंगे।

## हरोली में बेटियों का महत्व बताया



**अनंत ज्ञान, हरोली ।** महिला एवं बाल विकास विभाग के सौजन्य से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हरोली में खंड स्तरीय 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' और 'वो दिन योजना' पर एकदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम हरोली विशाला शर्मा ने की। इस दौरान समाज में बेटियों के महत्व और उनके स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। एसडीएम हरोली विशाला शर्मा ने कहा कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान का उद्देश्य समाज में बालिका लिंग अनुपात को संतुलित करना, लड़कियों को शिक्षा के अवसर प्रदान करना और उन्हें समान अधिकार देना है। उन्होंने बताया कि एक समृद्ध और सशक्त समाज की नींव बेटी को बचाने और उसे शिक्षित करने से बनती है। वर्तमान में बेटियां हर क्षेत्र में लड़कों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं, इसलिए उनकी उच्च शिक्षा पर जोर दिया जाना चाहिए, ताकि वे परिवार, प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकें। कार्यक्रम में डॉ. शिखा शर्मा, चिकित्सा अधिकारी ने किशोरियों के लिए सुपोषण, माहवारी स्वच्छता और मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों और मिथकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर डीपीओ ऊना नरेंद्र कुमार, स्कूल प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार, परियोजना की सुपरवाइजर नीलम सैणी, ब्लॉक कार्डिनेटर पोषण ज्योति शर्मा सहित स्कूली स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### नशा मुक्ति केंद्र में स्वरोजगार पर दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, हरोली।** गुंजन संस्था द्वारा संचालित नशा मुक्ति केंद्र घालूवाल में पंजाब नेशनल बैंक तथा नाबार्ड द्वारा एक शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें उपचाराधीन मरीजों तथा स्टाफ सदस्यों को बैंक तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। व्यापार तथा स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बनने के लिए कंप्यूटर ट्रेनिंग कोर्स मोबाइल रिपेयर अन्य कोर्स करने के लिए प्रेरित किया। ट्रेनिंग के बाद बैंक से लोन लेने के लिए प्रेरित किया। पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारी डीपी धीमान तथा आकाश भारद्वाज ने मरीजों को ठीक होकर अपना रोजगार अपनाकर जीविका चलाने के लिए प्रेरित किया। नाबार्ड की सदस्य सुनीता देवी ने खेतीबाड़ी के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी । इस अवसर पर काउंसलर परवीन कुमारी स्टाफ नर्स अमन, कमल किशोर, इंद्रजीत सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

### मैहतपुर में जय श्रीराम का जयघोष



**अनंत ज्ञान, मैहतपुर।** अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर सनातनियों द्वारा मंदिरों में पूजा-अर्चना, सत्संग, कीर्तन व भंडारे प्रसाद का आयोजन कर जय सिया राम का जयघोष किया गया। इसमें राम भक्तों ने बड़ी श्रद्धा के साथ मूर्ति स्थापना की और प्रथम वर्षगांठ को हर्षोल्लास से मनाया। मैहतपुर में शिवसेना के प्रांतीय अध्यक्ष एडवोकेट एसडी वशिष्ट की अध्यक्षता में श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर कमेटी मैहतपुर तथा महिला मंडल के संयुक्त तत्वाधान में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। इसमें लड्डू प्रसाद बांटकर राम भक्तों ने एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर महिला मंडल की प्रधान मंजू राय, दर्शना देवी, चांद ठाकुर, सुषमा, मीरा, संतोष छाबड़ा, राजेश कुमारी, संगीता, शालू ,कोमल, राजन, राजीव कुमार मेनन, कमल, राजीव, अरुण, सुधीर चंद्र, समेत राम भक्तों ने एक दूसरे को बधाई देते हुए राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा दिवस को बड़ी धूमधाम से मनाया।

## संविधान की गरिमा बनाए रखने की अपील

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के बंगाणा कार्यालय में संविधान गौरव दिवस के मौके पर एक बड़ी सभा में कुटलैहड़ के भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व विधायक और सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र कुमार भुट्टो ने मुख्यातिथि शिरकत की और भाजपा कार्यकर्ताओं को रिचार्ज किया।

इस दौरान भुट्टो ने कहा कि कांग्रेस ने देश में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान और अस्तित्व को खत्म करने का प्रयास किया। भुट्टो ने संविधान दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए जनता से संविधान की गरिमा को बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि संविधान हमारी आत्मा है। यह हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार देता है, लेकिन अगर हमने इसे बचाने के लिए आवाज नहीं उठाई, तो इसका दुरुपयोग होता रहेगा। उन्होंने डॉ. अंबेडकर के विचारों पर चलते हुए सामाजिक समरसता और समानता को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज देश को जरूरत है कि डॉ. अंबेडकर के दिखाए गए रास्ते पर चलकर देश को एकता और प्रगति के पथ पर ले जाया जाए।

जिला पार्षद सदस्य कृष्ण पाल शर्मा ने जनता से अपील करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि हम अपने अधिकारों के लिए एकजुट हों। कुटलैहड़ के संविधान गौरव दिवस पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़ ने कहा कि यह दिवस हमें अपने अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाता है।

संविधान गौरव अभियान के जिला संयोजक एवं जिला परिषद सदस्य कृष्ण पाल शर्मा, समाजसेवी सुदेश बोहरा, कै. प्रीतम सिंह, सूरम सिंह, अजय पराशर, सतीश धीमान, प्रोमिला देवी सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



भाजपा के बंगाणा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल लोग।

## हिमकैप्स नर्सिंग कॉलेज का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** अटल आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय नेरचौक मंडी द्वारा पोस्ट बेसिक बीएससी द्वितीय वर्ष का परिणाम घोषित किया गया। इसमें हिमकैप्स नर्सिंग कॉलेज ऊना की सभी छात्राओं ने अच्छे अंक प्राप्त करके पोस्ट बेसिक बीएससी द्वितीय वर्ष की परीक्षा को उत्तीर्ण किया है।

श्रुति चौधरी ने 614 अंक हासिल करके संस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। ईशा कुमारी ने 610 अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान तथा शेफाली ठाकुर ने 584 अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान हासिल किया है। संस्थान के चेयरमैन विक्रमजीत सिंह, संस्थान की प्रिंसिपल कीर्तिथाई सेल्वी और सभी शिक्षाओं द्वारा छात्राओं की इस सफलता पर उनको और उनके अभिभावकों को बधाई दी।

### टीबी मुक्त अभियान के तहत ली शपथ



**अनंत ज्ञान, गगरेट।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तक स्वास्थ्य खंड गगरेट में चल रहे सौ दिवसीय अभियान के तहत बुधवार को सिविल अस्पताल गगरेट में खंड स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पंकज शर्मा ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को शपथ दिलाई। तीस मार्च तक चलने वाले इस अभियान में आशा वर्कर घर-घर जाकर हाई रिस्क वाले लोगों की जांच करेंगे। यही नहीं बल्कि एक्स-रे वैन भी हर गांव में जाकर हाई रिस्क लिस्ट में रखे गए लोगों के एक्स-रे करेगी, ताकि स्वास्थ्य खंड गगरेट को टीबी मुक्त खंड बनाया जा सके। मौजूदा समय में स्वास्थ्य खंड गगरेट में टीवी से पीड़ित 35 मरीज हैं तो स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों से 71 मरीज टीवी से लड़ाई लड़कर इससे मुक्ति पा चुके हैं।

**तैयारी** उपायुक्त जतिन लाल ने किसानों से मिश्रित खेती अपनाने का किया आह्वान

# कृषि में विविधता से किसानों की बढ़ेगी आय

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपायुक्त जतिन लाल ने किसानों से मिश्रित खेती अपनाने और कृषि में उन्नत तकनीकों तथा नई पद्धतियों का प्रयोग करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि कृषि में विविधता अपनाकर किसान अपनी आय को बढ़ा सकते हैं। वे बुधवार को अनुसंधान उपकेंद्र अकरोट के अनुसंधान फार्म में आयोजित एकदिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए बोल रहे थे।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम चौधरी सरवन कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के ऊना जिले के अंब उपमंडल में स्थित अनुसंधान उपकेंद्र अकरोट और ऊना जिले के कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था। उपायुक्त ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम किसानों को उन्नत तकनीकों और नई पद्धतियों से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे उनकी आय में बढ़ोतरी हो। उन्होंने बताया कि अनुसंधान केंद्र अकरोट को आलू की किस्मों पर किए जा रहे शोध के लिए कृषि विभाग ऊना द्वारा ट्रांसफर ऑफ टैक्नोलॉजी योजना के तहत एक लाख रुपए की राशि प्रदान की गई है।

इस दौरान उपायुक्त ने अनुसंधान फार्म का दौरा किया और वहां उत्पादित गेहूं, सरसों, चना, मटर, गोभी, ब्रोकली तथा आलू जैसे फसलों की गुणवत्ता और शोध कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने अनुसंधान उपकेंद्र अकरोट व कृषि विभाग जिला ऊना द्वारा किसानों के उत्थान के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में कृषि उपनिदेशक ऊना डॉ. कुलभूषण धीमान, जिला कृषि अधिकारी डॉ. दविंदर कौर, अनुभाग अधिकारी रामकिशन, प्रक्षेत्र सहायक विशाल चंगोत्रा, केवल, रवि, अजय, अजमेर अली, विषयवाद विशेषज्ञ अंब रमेश लाल, विषयवाद विशेषज्ञ बंगाणा सतपाल धीमान, कृषि विकास अधिकारी बंगाणा पवन कुमार, कृषि विकास अधिकारी अंब सोमराज शर्मा सहित जिले के विभिन्न विकास खंडों से विषयवाद विशेषज्ञ, कृषि विकास अधिकारी, कृषि प्रसार अधिकारी और किसानों ने भाग लिया।




फसल की जानकारी लेते उपायुक्त जतिन लाल।

### उन्नत कृषि तकनीकों की दी जानकारी

प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को नई कृषि सस्य क्रियाओं, फसलों की बुवाई, देखभाल और कटाई में अपनाई जाने वाली विधियों और प्रक्रियाओं, नवीनतम फसल किस्मों और उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई। इससे किसानों को फसल लागत को कम करने और मुनाफा बढ़ाने में सहायता मिलेगी। किसानों ने अनुसंधान फार्म का भ्रमण किया, जहां उन्हें गेहूं, सरसों, चना, मटर, गोभी, ब्रोकली और आलू पर हो रहे शोध कार्यों की जानकारी दी गई।

### विशेषज्ञों ने साझा की महत्वपूर्ण जानकारियां

कार्यक्रम में अनुसंधान उपकेंद्र अक्रोट के प्रभारी वैज्ञानिक डॉ. प्रवीण शर्मा ने किसानों को उच्च गुणवत्ता वाली रोपण सामग्री के महत्व के बारे में जागरूक किया। वहीं, डॉ. सौरव शर्मा ने विभिन्न फसलों की नवीनतम तकनीकों, सस्य क्रियाओं और जलवायु अनुकूल खेती की जानकारी प्रदान की।

## अमोदिनी योजना के तहत पात्र विधवाओं के मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमोत्कर्ष अमोदिनी महिला सशक्तिकरण प्रकल्प के अंतर्गत पात्र विधवाओं को फ्री राशन योजना में वर्ष 2025-26 के लिए मेहनतकश विधवाओं के चयन के लिए आवेदन आमंत्रित किए है। यह जानकारी हिमोत्कर्ष परिषद के जिलाध्यक्ष कर्णपाल सिंह मनकोटिया ने दी।

उन्होंने कहा कि पात्र महिलाएं 15 फरवरी तक अपने आवेदन पत्र रोटरी गली ऊना स्थित हिमोत्कर्ष कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक जमा करवा सकती हैं, जिसके लिए 45 वर्ष आयु तक की विधवा महिलाएं पात्र होंगी। आवेदनकर्ता को प्रदेश सरकार से विधवा पेंशन या कोई अन्य पेंशन नही मिल रही हो, वहीं उनकी पारिवारिक आय भी 50 हजार रुपए वार्षिक से कम हो। इसके लिए आवेदन पत्र परिषद के कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, आवेदनकर्ता की दो पासपोर्ट साइज फोटो व आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा बैंक खाते की प्रति जमा करवानी होगी। चयनित महिलाओं को वर्ष 2025-26 के तहत अप्रैल, 2025 से मार्च, 2026 तक हर माह 750 रुपए राशि का राशन उपलब्ध करवाया जाएगा। हिमोत्कर्ष परिषद के जिलाध्यक्ष कर्णपाल सिंह मनकोटिया ने बताया कि 2013-14 वर्ष से शुरू इस प्रकल्प के तहत परिषद ने अभी तक 700 के करीब विधवाओं को करीब 50 लाख रुपए से अधिक राशि का राशन व अन्य मदद उपलब्ध करवाई है।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517
सूचना
**हम, कुशल कुमार** (50 वर्ष) पुत्र श्री राम सिंह व श्रीमति कृष्णा (45 वर्ष) पत्नी श्री कुशल कुमार निवासी गांव कटौहड़, खुर्द, तहसील अम्ब, जिला ऊना (हि.प्र.) घोषणा करते हैं कि हमारी बड़ी लड़की प्रियंका जोकि हमारे कहने-सुनने से बाहर है और उसने अपनी मर्जी से शादी कर ली है। अत: आज से हम अपनी बड़ी लड़की प्रियंका को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। भविष्य में उससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

## न्यूज़ ब्रीफ

### जीप को टोल प्लाजा टैक्स से मुक्त किया जाए

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** कुल्लू फलोत्पादक मंडल कटराई के महामंत्री राजीव ने कहा है कि डोहलूनाला टोल प्लाजा को बाढ़ के पश्चात पुनः शुरू करने पर फलोत्पादक मंडल इसका पुरजोर से विरोध करता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बाढ़ के पश्चात बहुत से क्षेत्रों में सड़कें टूटी-फूटी अवस्था में हैं। बाढ़ के बाद जहां-जहां सड़कों की खस्ताहालत थी, वहां पर राष्ट्रीय उच्चमार्ग प्राधिकरण द्वारा सड़कों को मात्र मिट्टी व पत्थरों से भर कर पूरा कर दिया है। क्षेत्र में जब भी बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न होगी, तो फिर से यह सड़क जगह-जगह पूर्ववस्था में आ जाएगी। कुल्लू फलोत्पादक मंडल के महामंत्री ने बताया कि पूरे देशभर में एनएचएआई द्वारा ट्रैक्टर को कृषि योग्य वाहन के तौर पर फीस फ्री रखा गया है, जबकि हिमाचल में बागवानी व कृषि से जुड़े किसानों को अपनी उपज को जीपों के माध्यम से सब्जी मंडियों तक पहुंचाना पड़ता है। इसलिए केंद्र सरकार से आग्रह है कि पहाड़ी क्षेत्रों में जीप को भी ट्रैक्टर की तरह टोल फ्री किया जाए, ताकि पहाड़ी क्षेत्रों के किसानों व बागवानों को राहत मिले। राजीव ने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में जीप को कृषि योग्य वाहन घोषित कर इसे टोल प्लाजा की फीस से दूर रखा जाए। उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि प्रदेश में किसानों व बागवानों की बेहतरी जीपों को कृषि अधिक योग्य वाहन की केटेगरी में लाएं साथ ही टोल प्लाजा से सीजन के समय जीपों को फ्री एंट्री की सुविधा प्रदान करें। (अनंत ज्ञान)

### शोघी-सुजैहनी क्षेत्र में पानी की किल्लत



**अनंत ज्ञान, बंजार।** ग्राम पंचायत न्यूल के अंतर्गत शोघी-सुजैहनी क्षेत्र इन दिनों पानी की किल्लत की गंभीर समस्या का सामना कर रहा है। क्षेत्र में दो माह से पानी की नियमित आपूर्ति नहीं हो पाई है व क्षेत्र की उठाऊ जल योजना भी ठप पड़ी हुई है। पानी की समस्या को लेकर शोघी-सुजैहनी क्षेत्र के प्रतिनिधिमंडल पूर्व प्रधान चैतन्य ठाकुर, सेस राम व टीकम राम की अध्यक्षता में स्थानीय विधायक सुरेंद्र शौरी से बजौरा में मिला विधायक ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर जल योजना को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। क्षेत्र के लिए उठाऊ जल योजना के पंप ठप पड़े हैं, इन दोनों पंपों को तुरंत ठीक करने के विभाग को निर्देश दिए गए हैं। साथ ही क्षेत्र के लिए प्रभावी व नई जल योजना तैयार करने संभावनाओं को भी तलाशा जा रहा है।

### लिंग जांच न करेंगे, न करने देंगे की ली शपथ

**अनंत ज्ञान, बंजार।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पुजाली में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के लिए केंद्र सरकार के द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों ने शपथ ली। प्रधानाचार्य एसएस ठाकुर ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के बारे में अपने सुझाव रखे। उन्होंने बताया कि मानव जाति को बचाए रखने के लिए हमें जागरूक होने और जागरूक करने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी अध्यापकों तथा बच्चों ने अपना पूरा सहयोग दिया और शपथ ली की आने वाले समय में कभी भी लिंग जांच न करेंगे और न करने देंगे।

### यातायात नियमों में हुए परिवर्तनों बारे बताया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** नेहरू युवा केंद्र द्वारा एकदिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सड़क सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य पर लोगों को जागरूक किया गया। वर्तमान में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए यह आयोजन सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने, यातायात नियमों के पालन और पैदल यात्रियों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से किया गया। इस जागरूकता शिविर में टीम सहभागिता के स्वयंसेवकों ने भी राज सिंघानिया (उपाध्यक्ष, सहभागिता) के नेतृत्व में सक्रिय भाग लिया। मुरलीधर (प्रधान हेड कांस्टेबल) ने स्वयंसेवकों को यातायात नियमों में हुए परिवर्तनों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोग इन परिवर्तनों से अनजान रहते हैं, जिस कारण कई बार घातक दुर्घटनाएं होती हैं।

### मंगलौर व बजौरा में मनाया संविधान गौरव दिवस

**अनंत ज्ञान, बंजार।** भाजपा द्वारा पूरे देश में संविधान गौरव अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत हर मंडल में संविधान गौरव दिवस मनाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से भाजपा द्वारा भारतीय संविधान के मूल्यों को साधने व संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को सम्मान देने का प्रयास किया गया है। इसी अभियान के तहत बंजार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बंजार, मंगलौर व बजौरा मंडलों में संविधान गौरव दिवस का आयोजन किया गया। बजौरा मंडल में स्थानीय विधायक सुरेंद्र शौरी, मंगलौर मंडल में पूर्व प्रधान व भाजपा अध्यक्ष अमित सूद व बंजार भाजपा मंडल में धनेश्वरी ठाकुर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। विधायक ने कहा कि संविधान गौरव अभियान पूरे देश में 11 से 25 जनवरी तक मनाया जा रहा है।

### दिव्यांग बच्चों के अधिकारों के बारे में बताया



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** डीआर भारद्वाज डिप्टी चीफ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुल्लू ने आश्रा बाल विकास केंद्र का दौरा किया। उन्होंने अभिभावकों के लिए एक सत्र भी लिया, जिसमें उन्होंने दिव्यांग बच्चों के अधिकारों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए सरकार बहुत सी योजनाएं चला रही है, जिनमें से एक चाइल्ड फ्रेंडली स्कीम है, जिसके तहत यदि किसी बच्चे को जो कि विशेष आवश्यकता वाला है कोई शारीरिक या फिर मानसिक किसी भी रूप से शोषित करता है, तो वह टोल फ्री नंबर-15100 पर शिकायत दर्ज कर सकता है, जिसमें बच्चे की आर्थिक रूप से भी सहायता की जाती है। उन्होंने संस्था की सराहना करते हुए कहा कि संस्था बच्चों की अधिकारों की सुरक्षा के लिए बहुत अच्छा कार्य कर रही है।

### बालिका अधिकारों की जानकारी दी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जिला कार्यक्रम अधिकारी लाहौल-स्पीति द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के 10 पूरे होने के उपलक्ष्य पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत तांदी में किया गया, कार्यशाला की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रोशन लाल ने की। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय डोगरा ने बालिका व महिलाओं संबंधी योजनाओं की जानकारी देते हुए योजना के लाभार्थियों से योजना के लाभ की भी जानकारी ली। जिला बाल संरक्षण इकाई लाहौल-स्पीति द्वारा बालिकाओं के अधिकारों व संरक्षण अधिनियम, योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में संरक्षण अधिकारी संस्थागत जोगिंद्र कुमार ने किशोर न्याय एवं संरक्षण अधिनियम 2015-16, आदि विषयों पर लोगों को जागरूक किया। इसके अलावा क्षेत्रीय अस्पताल से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रोशन ने बताया कि लोगों को जागरूक किया गया। आयुष विभाग द्वारा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, महिला हेल्प लाइन 1091 व गुड़िया हेल्प लाइन की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई।

### पशुओं के गले में लगाए जा रहे रेडियम के पट्टे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** गो रक्षा दल कुल्लू द्वारा गो रक्षा और जो भी पशु सड़क पर घूम रहे हैं, उनको रेडियम की पट्टी लगाई। दल के सदस्य अभिनव ने बताया कि यह गो रक्षा दल की ओर से अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत जिया से पतलीकूहल तक जो पशु रोड में घूम रहे हैं, उनके गले में रेडियम की पट्टी लगाई जा रही है। इससे वाहन चालकों को रात में घूम रहे पशु दूर से ही दिख जाएंगे और गाड़ी को आराम से चलाएं, ताकि जो पशु सड़क में घूम रहे हैं, वह सुरक्षित रहें। गो रक्षा दल कुल्लू ने सभी आम जनमानस और गाड़ी चालकों से आग्रह किया कि वह अपनी गाड़ियों को धीरे चलाएं।

# मनु रंगशाला में महिलाओं ने रैंप पर बिखेरे जलवे

**अनंत ज्ञान, मनाली**

राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल के तीसरे दिन मनु रंगशाला में महिलाओं ने फैशन शो के दौरान रैंप पर खूब जलवे बिखेरे। लगभग एक घंटे तक चली इस प्रतियोगिता में 6 महिला मंडलों ने अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाए।

फैशन शो के माध्यम से महिलाओं ने पारंपरिक पट्टू, धाठु, गले में चांदी का चंद्रहार, गोखड़ू, बाजूबंद व पाजेब पहनकर अपनी प्राचीन संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। तीसरे दिन मनुरंगशाला में महिला मंडलों की फैशन शो प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही। शाम छह बजे मंच पर उत्तरी महिलाओं ने महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। वहीं, पुरातन संस्कृति की भी झलक दिखाई। महिला मंडल के सदस्यों ने फैशन शो के माध्यम से बता दिया कि कुछ भी करने के लिए उम्र आड़े नहीं आती है। इस प्रतियोगिता में जगतसुख की दो और चचोगा की एक महिला मंडल ने भाग लिया। फैशन शो में महिलाओं ने जहां प्राचीन संस्कृति की झलक दिखाई। वहीं, महिला सशक्तिकरण का भी संदेश दिया। उम्रदराज महिलाओं का रैंप वाक देखकर मनु रंगशाला तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उधर, एसडीएम रमन शर्मा ने कहा कि खाकी महिला मंडलों का फैशन शो कार्निवाल का प्रमुख आकर्षण है।



राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल के तीसरे दिन मनु रंगशाला मनाली में स्थानीय महिलाएं कुल्लवी वेशभूषा में रैंप पर जलवे बिखेरती हुईं। महिलाओं के इस फैशन शो व गेस्ट आइटम में खूब झूम रहे हैं दर्शक।

## वॉयस ऑफ कार्निवाल के लिए 21 अगले राउंड में

**अनंत ज्ञान, मनाली।** विंटर कार्निवल मनाली में वॉयस ऑफ कार्निवाल के लिए 21 प्रतिभागियों का चयन अगले राउंड के लिए हुआ। 35 प्रतिभागियों में से चयनित 21 प्रतिभागियों ने मनुरंगशाला में शानदार प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इन कलाकारों ने मालरोड मनाली के साथ मनुरंगशाला में जहां अपनी प्रतिभा को दिखाया। वहीं, तालियां भी बटोरी। प्रतिभागी शैलेश बौद्ध, राखी गौतम, अंकुश नेगी, राहुल, दीपांशी, कार्तिक, शालू धीमान, हरीश ठाकुर, सागर, तनीषा शेट्टी, विवेक मौर्य, तरुण, देवांश शर्मा, मनीष, अनिल कुमार, पंकज कुमार, अजय धीमान और पल्लवी अगले राउंड के लिए चयनित हुए। चंडीगढ़, शिमला, मंडी सहित कुल्लू व मनाली में हुए ऑडिशन के दौरान के बाद अब वॉयस ऑफ कार्निवाल के विजेता के लिए प्रतियोगिता रोमांचक दौर में पहुंच गई है।



## देवता के नकली रथ पर जताई आपत्ति

**अनंत ज्ञान मनाली।** विंटर कार्निवल मनाली के मनु रंगशाला में चल रहे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान देवता का एक नकली रथ बनाने पर कारदार संघ ने आपत्ति जताई। जिला देवी-देवता कारदार संघ के पूर्व अध्यक्ष जयचंद ठाकुर, सचिव रमन शर्मा,देवी-देवता गुर संघ के अध्यक्ष बेली राम और महासचिव ठाकुर दास ने कहा कि कारदार संघ मनाली खंड ने इस तरह के किसी भी प्रकार की प्रस्तुति का पहले भी विरोध किया था, जिसमें देवता के रथ का इस्तेमाल हो रहा था। उन्होंने कहा कि इस तरह से रथ का इस्तेमाल करना देवी-देवता का अपमान है और देव समाज इसकी घोर निंदा करता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम को लेकर भविष्य में ध्यान रखा जाना चाहिए। कारदार संघ इसकी निंदा करता है।



कार्निवाल क्वीन प्रतियोगिता की प्रतिभागी और साथ में ग्रूमर दिव्यांगना मेहता।

## मनु रंगशाला में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम



**अनंत ज्ञान, मनाली।** राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवल के तीसरे दिन मनुरंगशाला में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। हिमाचल के अलावा हरियाणा, जम्मू, कोलकाता, गुजरात और असम से आए प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतिया दी। इस दौरान मनाली का मनुकला केंद्र दर्शकों से खचाखच भरा रहा। कार्यक्रम की शुरुआत लोकनृत्य प्रतियोगिता से हुई, जिसमें केएस कुल्लू, ब्लैक स्पाइडर नाभा पंजाब, म्यूजिक वर्ड डांस स्टूडियो के कलाकारों ने भाग लिया। बॉलीवुड डांस में पीडीएस जम्मू, सूर्य सांस्कृतिक दल बनोगी, ऐकागरा कुल्लू ने भाग लिया। इसी तरह पुरानी फिल्मों के गीतों पर ड्रीम फलाई सुंदरनगर, पीडीएस जम्मू, म्यूजिक वर्ड स्टूडियो लुधियाना, कला सांस्कृतिक मंच नगर ने अपनी प्रस्तुति दी।

## 'मनाली आप हमारी जान बन गई' गीत से गूंजी मनु रंगशाला



**मनाली।** राष्ट्र स्तरीय शरदोत्सव मनाली की दूसरी सांस्कृतिक संध्या स्टार कलाकार कुमार साहिल के नाम रही। वहीं, लोकगायक धीरज शर्मा ने भी बेहतरीन प्रस्तुति से दर्शकों को खूब नचाया। दोनों ही कलाकारों ने सांस्कृतिक संध्या में मनु रंगशाला के मंच पर पर अपनी बेहतरीन प्रस्तुति से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कुमार साहिल ने मनाली आप हमारी जान बन गई गाना गाकर मनाली वासियों को खुश कर दिया। उन्होंने ये दिल है मुश्किल, कैसे हुआ, बचना ए हसीनों, आदि गाने गाकर दर्शकों को नचाया। इससे पहले रोजी शर्मा ने बांके पट्टू आलिये, पहला पहला प्यार मेरा, अमा जुले जैसे गाने गाकर दर्शकों को नचाया। मशहूर लोक गायिका नीरू चांदनी ने भी खूब समा बांधा। उन्होंने पिपली खाई लगी सीसी, अमा जुले जैसे गाने गाए।

## अग्नि पाताल महिला मंडल ने जीती रस्साकशी प्रतियोगिता

**एम बोकटापा, मनाली**

मनाली में राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवल की खूब धूम मची हुई है। मनु रंगशाला जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों से गूंज उठी है। वहीं, मालरोड पर भी विभिन्न गतिविधियां आयोजित हो रही हैं।

इसके अलावा खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को कार्निवाल के तीसरे दिन महिला मंडलों के बीच रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जो सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रही। रस्साकशी प्रतियोगिता में महिलाओं ने खूब दमखम दिखाया। महिलाओं में रस्साकशी प्रतियोगिता को लेकर उत्साह देखने को मिला। पहले दिन रस्साकशी प्रतियोगिता में कई रोचक मुकाबले हुए। लगभग सात महिला मंडलों ने इसमें दमखम दिखाया। इस कड़े मुकाबले में अग्नि पाताल महिला मंडल ने उशलीधार महिला मंडल को हराकर प्रतियोगिता अपने नाम की। प्रतियोगिता में अग्नि पाताल महिला मंडल पनगां, उशलीधार महिला मंडल, झारना महिला मंडल उपरला सेउबाग, नारी शक्ति महिला मंडल गलांग, सुकन्या महिला मंडल गाहर, देवभूमि महिला मंडल सरसेई, शक्ति महिला मंडल भनारा ने भाग लिया। इस दौरान अग्निपाताल महिला मंडल पनगां और उशलीधार महिला मंडल जिंदौड़ के बीच कांटे की टक्कर हुई। तीन सेट के मुकाबल में दोनों ने एक-एक सेट जीता। अंतिम सेट में पनगां की टीम ने बाजी मारी। इस अवसर पर विंटर कार्निवाल आयोजन समिति के उपाध्यक्ष एवं एसडीएम रमण कुमार शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि कार्निवाल में खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है।

बुधवार को महिला मंडलों की रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता की विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



## सड़क सुरक्षा जीवन की रक्षा का संदेश दिया

**अनंत ज्ञान, बंजार।** बंजार उपमंडल शिक्षा खंड के तहत तीर्थन घाटी के गुशैणी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने गुशैणी बाजार में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत एक विशाल रैली कर लोगों को सड़क सुरक्षा जीवन की रक्षा का संदेश देकर जागरूक किया। इस रैली में 450 स्टूडेंट्स ने भाग लिया, जिसमें स्थानीय स्कूल के अध्यापक, अध्यापिकाओं, लेक्चरर अनू ठाकुर, तैजेंद्र शर्मा, बबीता राही, सुरेश राणा, मुनीष बाजीर, उपेंद्र शर्मा, केसरी लाल, प्रवीन कुमार, प्रकाश, विजय कुमार, नीरज कुमार व स्कूल प्रधानाचार्य व प्रबंधन कमेटी की अध्यक्ष शिबा गौतम ने भी भाग लिया। स्कूल प्रधानाचार्य कर्म लाल शर्मा व स्कूल प्रबंधन कमेटी की अध्यक्ष शिबा गौतम ने कहा कि गाड़ी चलाती बार नशे से दूर रहें, सीट बैल्ट पहने, हमेशा गाड़ी धीरे चलाएं। इन का कहना है स्कूल के बच्चों के माध्यम से यह संदेश हर घर को पहुंचाया जा रहा है तथा लोगों की जिंदगी को बचाया जाना हमारी प्राथमिकता है।

## कसोल कूड़ा संयंत्र में लिया जाए साडा प्रभावित पंचायतों का कूड़ा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू की मणिकर्ण घाटी के कसोल में जो कूड़ा संयंत्र लगाया जा रहा है। उस कूड़ा संयंत्र में सिर्फ साडा प्रभावित पंचायत का ही कूड़ा लिया जाना चाहिए, ताकि पूरे इलाके में स्वच्छता बनी रह सके।

इसी मुद्दे को लेकर पंचायत कसोल के ग्रामीणों ने ढालपुर में डीसी कुल्लू के साथ मुलाकात की और उन्हें इस पर एक ज्ञापन भी सौंपा। ग्रामीणों ने डीसी को अवगत करवाया कि कसोल एक विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है और कूड़ा संयंत्र के मामले में भी यहां पर काफी सावधानी बरतनी होगी। वहीं, ग्रामीण अरविंद ने बताया कि एक और तो प्रशासन जंगलों को बचाने की मुहिम चला रहा है, लेकिन जहां पर कूड़ा संयंत्र लगाया जा रहा है। वह पेड़ों से हरी-भरी जगह है और कूड़ा संयंत्र लगने से इसका पर्यावरण पर भी बुरा प्रभाव पड़ेगा इसलिए इस कूड़ा संयंत्र के बारे में प्रशासन के द्वारा एक बार फिर से विचार किया जाना चाहिए, ताकि कसोल घाटी की सुंदरता बनी रह सके।

## छात्रों को वितरित किए ट्रैक सूट

**अनंत ज्ञान, बंजार।** फॉरेस्ट एज संस्था के प्रबंध निदेशक अजय सिंह के सौजन्य से राजकीय प्राथमिक विद्यालय पुजाली के स्टूडेंट्स को गर्म ट्रैक सूट प्रदान किए।

इस पुनीत कार्य के लिए विद्यालय प्रबंधन ने उनका धन्यवाद किया। इस अवसर पर खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी बंजार चंदे राम, अधीक्षक ग्रेड-2 गौतम राम, प्राथमिक शिक्षक संघ बंजार के कैशियर तारा चंद, महासचिव तिलक राज ठाकुर, केंद्र मुख्य शिक्षक बालकृष्ण, केंद्र मुख्य शिक्षक बिहारी लाल परमार, विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्षा प्रियंका ठाकुर, खिला देवी एवं जावित्रा देवी उपस्थित रही। उपरोक्त संस्था विगत कुछ सालों से निरंतर समाज कल्याण की दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रही है। इसी कड़ी में 20 जनवरी को इन्होंने हालही में आगजनी से प्रभावित तांडी गांव के बुरी तरह से प्रभावित चिन्हित पांच परिवारों सर्व लुदर मनी, दूनी चंद, रविंद्र, चिंतन सिंह, और लोट राम को तीस-तीस हजार रुपए की राशि वितरित की।

## कुल्लू को अग्रणी जिला बनाने के लिए तत्परता के साथ कार्य करें सभी विभाग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



जिला सुशासन सूचकांक (गुड गवर्नेंस) को लेकर डीसी तोरुल रवीश की अध्यक्षता में प्रगति समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। डीसी ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सुशासन और विकास से संबंधित सभी मानकों में कुल्लू को अग्रणी जिला बनाने के लिए तत्परता के साथ कार्य करें।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 से संबंधित डीजीजीआई के आंकड़ों पर व्यापक चर्चा की। जिला सुशासन सूचकांक में 8 मूल विषय जैसे-आवश्यक बुनियादी ढांचा, मानव विकास, सामाजिक संरक्षण, महिला एवं बाल विकास, कानून व्यवस्था, पर्यावरण, पारदर्शिता एवं जवाबदेही और आर्थिक प्रदर्शन आदि शामिल किए गए। इनके अंतर्गत 19 मुख्य केंद्र बिंदुओं एवं 111 संकेतकों के आधार पर सभी जिलों के प्रदर्शन का आकलन किया जाता है, जिन इंडिकेटर्स के आधार पर राज्यस्तर पर जिले की रैंकिंग निर्धारित की जाती है। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन इंडिकेटर्स में सुधार की गुंजाइश है, उनमें अतिरिक्त प्रयास कर प्रतिशतता को बढ़ाया जाए।

बैठक में चेतन धीमान ने जिला सुशासन सूचकांक के विभिन्न संकेतकों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला उपायुक्त अश्वनी कुमार, जिला कल्याण अधिकारी जीएल शर्मा, जिला सूचना अधिकारी ब्रिजेंद्र डोगरा सहित स्वास्थ्य विभाग, जल शक्ति, लोक निर्माण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, ग्रामीण विकास, शिक्षा, बिजली, पुलिस सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

**चिंता** निरमंड खंड की 8 पंचायतों के 7000 से ज्यादा किसानों, बागवानों की खेतीबाड़ी पर मंडराया संकट

# मरम्मत कार्य की बाट जोह रही कुर्पन खड्ड सिंचाई नहर

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

एक तरफ सरकार और जलशक्ति विभाग टैंकरों, स्कूटी या सरकारी जीपों में पेयजल सप्लाई के नाम पर करोड़ों रुपए बहा रही है। वहीं, दूसरी ओर बादल फटने के बाद ध्वस्त हुई निरमंड की सिंचाई योजना कुर्पन नहर पिछले 6 माह से मरम्मत की बाट जोह रही है। फलस्वरूप इस सिंचाई नहर से लाभान्वित होने वाले निरमंड खंड की 8 पंचायतों के 7000 से ज्यादा किसानों, बागवानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें हैं और उनकी खेतीबाड़ी पर संकट गहरा गया है। उन्हें अपने जीवन यापन के साथ-साथ, बैंक के ऋण चुकाने की चिंता भी सताने लगी है।

जलशक्ति विभाग के पास बजट का प्रावधान न होने के कारण अभी तक कार्य शुरू नहीं हुआ है। फलस्वरूप इस सिंचाई नहर से लाभान्वित होने वाले और नहर की देखभाल करने वाले कुर्पन कूहल कृषक विकास संघ निरमंड ने भी चिंता जताई है और सरकार से पूछा है कि आखिर यह कार्य पूरा कब होना है? उन्होंने सरकार से बजट का प्रावधान जल्द करने और नहर को सुचारू करने की गुहार लगाई है। (अनंत ज्ञान)



> **इस** सिंचाई नहर की मरम्मत का एस्टीमेट बनाकर सरकार को भेजा है, जैसे ही बजट आएगा, इसकी मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।
>
> **किशोर कुमार, अधिशाषी अभियंता, जलशक्ति मंडल, आनी।**

> **ऐसा** कोई एक काम नहीं, बल्कि कई ऐसे काम मेरे आउटर सिराज क्षेत्र के सरकार की अनदेखी के कारण लटके पड़े हैं, जिनके लिए मैं सरकार से बार-बार आग्रह कर रहा हूं। जल्द ही जनहित के सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा करवाने को लेकर मुख्यमंत्री सुक्खू से शिमला में मुलाकात करूंगा।
>
> **लोकेंद्र कुमार, विधायक, आनी विधानसभा क्षेत्र।**

### 31 जुलाई 2024 को बादल फटने से हुई तबाही में ध्वस्त हुई नहर

कुर्पन कूहल कृषक विकास संघ, निरमंड के प्रधान प्रदीप स्नेही, उपप्रधान प्रेम सिंह राठौर, तकनीकी सलाहकार अशोक शर्मा, सचिव दीपेक्ष शर्मा, सलाहकार भलकू राम, कोषाध्यक्ष दीपक शर्मा, ताबे राम, संजीव कुमार, अमर सिंह, राकेश कुमार आदि किसानों का कहना है कि गत वर्ष 31 जुलाई को श्रीखंड की चोटियों में बादल फटने के कारण आई बाढ़ से कुर्पन नहर का 300 मीटर हिस्सा ध्वस्त हो गया कई जगह से सिंचाई कूहल टूट गई है, जिसके कारण इस सिंचाई कूहल में पानी की सप्लाई ठप पड़ी है।

### जल्द संघ मांगों को लेकर जाएगा शिमला

**संघ** के प्रधान प्रदीप स्नेही, उपप्रधान प्रेम सिंह राठौर ने बताया कि 17 किलोमीटर लंबी इस सिंचाई नहर से निरमंड खंड की कोट, बड़ीधार, तवार, भालसी, शिशवी, डीम और बाहवा आदि पंचायतों के अलावा नगर पंचायत निरमंड की करीब 7 हजार किसान आबादी प्रभावित हो चुकी है। इस सिंचाई नहर और वर्षा पर आधारित खेती के कारण फसलें नहीं उगाई जा रही है। सेब की नर्सरी लगाई है, वो खत्म होने की कगार पर है। वहीं, कुर्पन कूहल कृषक विकास संघ निरमंड किसानों का कहना है प्रदेश सरकार ने क्षतिग्रस्त सड़कों की तुरंत मरम्मत करवाई, वैली ब्रिज रिकॉर्ड समय में बनाए, लेकिन किसी ने भी किसानों के जीवन यापन को लेकर कुर्पन नहर की मरम्मत की नहीं सोची। संघ का कहना है कि वे जल्द अपनी मांगों को लेकर शिमला जाएंगे और जलशक्ति मंत्री से गुहार लगाएंगे और अगर जरूरत पड़ी, तो धरना-प्रदर्शन भी करेंगे।

## आमजन की उम्मीदों पर खरा उतर रही प्रदेश सरकार : जोशी

**अनंत ज्ञान, मनाली।** इंटक प्रदेश प्रवक्ता डीआर जोशी ने कहा कि कांग्रेस सत्ता सुख के लिए नहीं, बल्कि व्यवस्था परिवर्तन के लिए आई है। उन्होंने मुख्यमंत्री के मनाली दौरे को सफल बताया। डीआर जोशी ने कहा कि सीएम ने जिला कुल्लू को 206.08 करोड़ रुपए की सौगात दी है, जो जिले के लोगों के लिए बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि मनाली में 59.21 करोड़ की 8 विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण एवं 147.59 करोड़ रुपए की 13 परियोजनाओं के शिलान्यास किए। मुख्यमंत्री ने मनाली के विकास को प्राथमिकता दी है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। जोशी ने कहा कि मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ भी विकास को प्राथमिकता दे रहे हैं। गौड़ के नेतृत्व में मनाली विधानसभा चहुमुखी विकास की ओर अग्रसर है।



## न्यूज ब्रीफ

### महिला हिंसा के मामले पर निष्पक्ष जांच की मांग

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भारतीय जनवादी महिला समिति ने निजी शिक्षण संस्थान में महिला हिंसा के मामले पर चिंता जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। समिति ने दोषी संस्थान के प्रबंधक और मालिक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अपील की है। समिति ने मांग की कि जिले के सभी शिक्षण संस्थानों में विशाखापत्तनम जजमेंट के तहत यौन हिंसा के खिलाफ लिंग संवेदनशील कमेटियों का गठन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, इन कमेटियों की निगरानी जिला प्रशासन द्वारा की जानी चाहिए। महिला समिति ने बढ़ती महिला हिंसा पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसके लिए प्रदेश और देश की सरकार को जिम्मेदार ठहराया है।

### करियर अकादमी नाहन के निदेशक निलंबित

**अनंत ज्ञान, नाहन।** करियर अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नाहन की प्रबंधन समिति ने एक आपातकालीन बैठक आयोजित की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि स्कूल के निदेशक मनोज राठी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। उनके स्थान पर मधुलिका राठी, पत्नी स्वर्गीय ललित राठी को स्कूल की निदेशक नियुक्त किया है। प्रबंधन समिति ने यह निर्णय छात्रों, शिक्षकों, और स्टाफ के हितों को ध्यान में रखते हुए लिया है। समिति ने स्पष्ट किया कि यह कदम स्कूल के सुचारू संचालन और प्रबंधन में सुधार के उद्देश्य से उठाया गया है। प्रबंधन ने उम्मीद जताई कि मधुलिका राठी के नेतृत्व में स्कूल बेहतर प्रबंधन और पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ेगा।

### बीएससी नर्सिंग परीक्षा में काव्या ने किया टॉप



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अर्की उपमंडल की पंचायत धुंदन के मयाना गांव की बेटी काव्या ने अटल मेडिकल एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग दूसरे वर्ष परीक्षा अक्तूबर 2024 में 800 में से 645 अंक प्राप्त कर सबसे अधिक अंक हासिल किए हैं। काव्या, जो वर्तमान में चंडीगढ़ के बालाजी नर्सिंग अकादमी से कोचिंग ले रही हैं। काव्या के पिता अनिल कुमार गौतम, जो सरस्वती विद्यालय दाड़लाघाट में शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं उन्होंने कहा कि अपनी बेटी की सफलता पर गर्व महसूस कर रहे हैं। काव्या ने अपनी 12वीं तक की शिक्षा राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन से पूरी की थी।

### सैन्य सेवा के बाद के जीवन पर दी जानकारी



**अनंत ज्ञान, सोलन।** 1-एचपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी सोलन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल संजय शांडिल और उनकी पत्नी पूनम शांडिल ने नई दिल्ली के प्रतिष्ठित मानेकशॉ सेंटर में आयोजित 140वीं सेवानिवृत्त अधिकारी संगोष्ठी में भाग लिया। इस संगोष्ठी ने सेवानिवृत्त अधिकारियों और उनके परिवारों को सैन्य सेवा के बाद के जीवन में आने वाली चुनौतियों और अवसरों के बारे में जानकारी दी।

### जल संरक्षण के महत्व पर डाला प्रकाश



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अंबुजा फाउंडेशन के सहयोग से शारदा पब्लिक स्कूल कश्लोग में जल संरक्षण के महत्व पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, इसके बाद बच्चों ने जल संरक्षण के महत्व पर अपनी प्रस्तुति दी। बच्चों ने अपनी प्रस्तुति के द्वारा दर्शाया कि पानी का बचाव किस तरीके से किया जा सकता है। उन्होंने जल संरक्षण के महत्व और इसके लिए किए जाने वाले प्रयासों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर अंबुजा फाउंडेशन द्वारा बच्चों को पुरस्कार भी दिए गए। यह पुरस्कार बच्चों की प्रस्तुति और जल संरक्षण के प्रति उनकी जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए दिए गए।

### 6 लाख सैनेटरी पैड्स बांटने का विश्व रिकॉर्ड



**अनंत ज्ञान, सोलन।** रोटरी रॉयल सोलन ने महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए सैनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर, एएसएचआई (एसोसिएशन फॉर सोशल हेल्थ इन इंडिया) में महिलाओं को सैनेटरी पैड वितरित किए। इस कार्यक्रम में रोटरी असिस्टेंट गवर्नर अनिल चौहान ने कहा कि यह महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कदम पर चलते हुए रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3080 ने 24 घंटे में 6 लाख सैनेटरी पैड्स बांटने का विश्व रिकॉर्ड बनाया। रोटरी रॉयल सोलन के प्रधान डॉ. कमल अटवाल ने कहा कि महिलाओं को सैनेटरी पैड के उपयोग के बारे में जागरूक करना भी जरूरी है। मासिक धर्म में स्वयं को स्वच्छ रखकर गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। सभी महिलाओं का इसका प्रयोग करना चाहिए। गंदा कपड़ा आदि के प्रयोग से संक्रमण होने का डर बना रहता है। महिलाओं को उन्होंने निशुल्क सेनेटरी पैड वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान, चेयरमैन रमन शर्मा ने बताया कि क्लब आने वाले समय में शहर के अलग-अलग स्कूलों और कॉलेजों में 20000 सैनेटरी पैड वितरित करेगा।

### आरोपी को जल्द न्याय के कटघरे में लाया जाए

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हालही में नाहन के एक प्रतिष्ठित कोचिंग इंस्टीट्यूट के मालिक के खिलाफ महिला कर्मचारी ने यौन उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगाते हुए महिला थाने में मामला दर्ज करवाया है। पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि उसे काम के बहाने कार में ले जाया गया, जहां आरोपी ने उसके साथ अश्लील हरकतें की और जबरन शराब पिलाने की कोशिश की। इस घटना ने समाज के सभी वर्गों को झकझोर कर रख दिया है। विद्यार्थी परिषद ने इस घटना की कड़ी निंदा की है और महिला की सुरक्षा के प्रति समाज और प्रशासन की जवाबदेही पर सवाल उठाए हैं। एबीवीपी के प्रदेश सह मंत्री मनीष बिरसांटा ने कहा, 'यह घटना समाज के लिए शर्मनाक है। कोचिंग संस्थान जैसी जगह, जहां युवाओं को शिक्षा और मार्गदर्शन मिलता है, वहां इस तरह की घटना का होना गंभीर चिंता का विषय है। यह स्पष्ट करता है कि आज भी कई संस्थानों में महिलाओं के प्रति सुरक्षित माहौल सुनिश्चित नहीं किया जा सका है। विद्यार्थी परिषद इस घटना की निष्पक्ष और त्वरित जांच की मांग करता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस घटना को हल्के में नहीं लिया जा सकता। अभाविप ने संबंधित प्रशासन से यह सुनिश्चित करने की अपील की है कि आरोपी को जल्द से जल्द न्याय के कटघरे में लाया जाए।

---

#### नगर निगम सोलन में तीन माह से लंबित है हाउस, शहर के विकास कार्यों पर लगी है ब्रेक

# जनरल हाउस में उठेगा ठेकेदारों का मुद्दा

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन के मीटिंग हॉल का उद्घाटन होते ही नगर निगम ने तीन महीनों से लंबित जनरल हाउस की तैयारियां शुरू कर दी हैं। एक दो दिनों में आय-व्यय को लेकर मीटिंग होगी। इसके बाद जनरल हाउस की तारीख तय की जाएगी। बता दें कि करीब 60 लाख की लागत से बने मीटिंग हॉल का उद्घाटन लंबित होने से जनरल हाउस नहीं हो पा रहा था।

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पिछले दिनों मीटिंग हॉल का उद्घाटन किया, अब जनवरी महीने के अंत तक जनरल हाउस होने की उम्मीद है। इस बार ठेकेदारों की लंबित पेमेंट और इस वर्ग की तरफ से रोके गए विकास कार्यों का मुद्दा हाउस में गर्माने वाला है। ठेकेदारों के विरोध के कारण शहर के वार्डों में कार्य लटके हुए हैं। निगम के चुनाव में अब मात्र एक ही वर्ष बचा होने के चलते पार्षद लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने वाले हैं। (अनंत ज्ञान)





नगर निगम सोलन का कार्यालय।

#### हंगामे के आसार

नए मीटिंग हॉल में प्रस्तावित जनरल हाउस में पार्षद इस बार जोश के साथ अपनी बात रखेंगे। इसमें वार्ड क्षेत्रों में लंबित विकास कार्य, पार्कों का सौंदर्यीकरण, अतिक्रमण, आवारा कुत्तों और बंदरों की समस्या जैसे मुद्दे प्रमुखता से उठेंगे। ऐसे में हाउस काफी रोचक होगा। इस बार सलोगड़ा डंपिंग साइट और प्रॉपर्टी टैक्स की खामियों को लेकर हंगामे के आसार हैं। यदि पार्षदों की सहमति बनी, तो शहर में निगम की तरफ से आवंटित दुकानों की सब लेटिंग और किराया बढ़ाने को लेकर निर्णय लिया जाएगा। इसी तरह शहर के पुराना बस स्टैंड में पार्किंग निर्माण के लिए सेना से जमीन अदला-बदली पर भी प्रस्ताव लाया जाएगा। इसके अलावा शहर में लंबित विकास कार्य के लिए बजट का प्रावधान किया जाएगा।



जनरल हाउस का एजेंडा तय किया जा रहा है। इसी महीने के अंत तक हाउस आयोजित करने का प्रयास है। नया मीटिंग हॉल बनने से अब हर महीने हाउस करने में आसानी होगी। हाउस में मुख्यतः शहर के विकास कार्यों और अन्य समस्याओं पर चर्चा होगी। **उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

#### हर महीने हाउस करवाने का नियम

**जनरल** हाउस में देरी से शहर में लगातार विकास कार्य लंबित हो रहे हैं। पिछला जनरल हाउस अक्तूबर 2024 में आयोजित किया गया था, तब हर महीने हाउस करने पर सहमति बनी थी। नियम के तहत नवंबर तक हाउस हो जाना चाहिए था। पर किसी ने इसको लेकर गंभीरता नहीं दिखाई। पिछले करीब डेढ़ साल से नगर निगम में कोई भी ऐसा कार्य नहीं हुआ, जो सही तरीके से सिरे चढ़ा हो। यही कारण है कि 47 महीने के कार्यकाल में मात्र 13 जनरल हाउस ही हो पाए है। एमसी एक्ट के मुताबिक नगर निगम में हर महीने जनरल हाउस होना चाहिए। हाउस के आयोजन से शहर के वार्ड क्षेत्रों में लंबित विकास कार्यों को गति मिलेगी। साथ ही बजट के अभाव में लंबित कार्यों के लिए भी बजट का प्रावधान होगा। अभी तक इसकी अधिसूचना जारी नहीं हुई है।

### पांवटा नगर परिषद में धांधली के आरोप

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** पांवटा साहिब नगर परिषद पर धांधली के आरोप लगे हैं। यहां समाजसेवी नाथूराम चौहान ने नप अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष समेत अधिकारियों की मिली भगत के चलते लाखों रुपए गबन करने को लेकर आरोप लगाए हैं। नाथूराम चौहान ने कहा कि नगर परिषद पांवटा साहिब के तहत बद्रीपुर से लेकर वाई प्वॉइंट तक पोल हटाने समेत अन्य कार्य किया गया था। इस कार्य में लाखों रुपए की धांधली हुई, जिसको लेकर विजिलेंस ने भी जांच की है। पुलिस में मामला भी दर्ज हुआ है। बावजूद इसके नप अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष अपने पद पर आज भी बने हुए हैं। एक सप्ताह के भीतर नप अध्यक्ष व उपाध्यक्ष अपने पद से नहीं हटते, तो वह नगर परिषद के बाहर धरना-प्रदर्शन करेंगे। पार्षद रोहताश नागिया ने बताया कि उन्होंने मामले से संबंधित एक शिकायत विजिलेंस को सौंपी थी, जिस पर कार्रवाई करते हुए विजिलेंस ने मामला भी दर्ज किया और जांच की गई, जिसमें धांधली के साक्ष्य सामने आए हैं। उधर, नगर परिषद की अध्यक्ष निर्मल कौर ने बताया कि उन पर लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद हैं। किसी भी कार्य में कोई धांधली नहीं की गई है।

---

#### भटौलीकलां के पूर्व प्रधान ने प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के खिलाफ खोला मोर्चा

## अंडरग्राउंड पाइप डाल नाले में छोड़ा गंदा पानी

**रजनीश ठाकुर, बद्दी**

दून हलके के सबसे बड़ी औद्योगिक पंचायत भटौलीकलां ने प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

वहीं, पंचायत ने साफ किया है कि अगर प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के अधिकारी बेनकाब किए गए उद्योगों पर कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाते, तो पंचायत अधिकारियों के खिलाफ भी कोर्ट में खड़ी होगी। पंचायत भटौलीकलां में कई उद्योग खुलेआम प्रदूषण फैला रहे हैं, जिसके चलते पूरी पंचायत नरक बन रही है और लोग बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। इतना ही नहीं क्षेत्र की जीवनदायिनी बॉल्द नदी का अस्तित्व तक इन गंदा पानी छोड़ने वाले उद्योगों ने खत्म कर दिया है, जिसके चलते पंचायत के पूर्व प्रधान एवं युवा नेता कमल ज्ञानी ने इन प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पूर्व प्रधान कमल ज्ञानी ने मौके पर प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की टीम बुलाकर एक्वा



#### मामले की जांच कर कार्रवाई लाई जाएगी अमल में

**उधर,** इस मामले में प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के सदस्य सचिव अनिल जोशी का कहना है कि मीडिया के माध्यम से मामला संज्ञान में आया है और मामले की जांच कर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

वीटा लेबोरेटरी को बेनकाब किया। यह लेबोरेटरी फार्मा उद्योग के अंदर से एक अंडरग्राउंड पाइप डालकर साथ लगते नाले में गंदा पानी छोड़ रही थी।

उद्योग ने बड़ी चालाकी से पाइप को ढक रखा था, ताकि किसी को पता न चले। इसके बाद पूर्व प्रधान कमल ज्ञानी खुद नाले में उतर गए और उद्योग की उस पाइप को पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अधिकारियों के सामने बेनकाब कर दिया, जिससे मौके पर भी भारी मात्रा में गंदा व केमिकल युक्त गर्म पानी निकल रहा था। पूर्व प्रधान ने पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अधिकारियों से लेबोरेटरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि अगर कोई सख्त कार्रवाई अमल में नहीं लाई, तो पंचायत के माध्यम से पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के खिलाफ भी हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया जाएगा। उधर, जब पॉल्यूशन के इस मामले को लेकर लेबोरेटरी फार्मा उद्योग के मौके पर मौजूद प्रबंधक से पूछा गया, तो वह जवाब देने से बचते दिखे। और मौके से चलते बने।

वहीं, पूर्व प्रधान कमल ज्ञानी ने बताया कि लेबोरेटरी के धुएं और गंदे पानी ने लोगों का जीना दूभर कर रखा है। पंचायत की जमीन और हवा में जहर घोल रहा है और लोग गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

#### मामला ध्यान में नहीं

**उधर,** जब इस मामले में कंपनी प्रबंधन से बात की गई, तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया और कहा कि मामला उनके ध्यान में नहीं है। वहीं, उद्योग यह मानने को भी तैयार नहीं हो रहा था कि उन्होंने कोई ऐसी पाइप जमीन में दबा रखी है।

## भाजपा ने किया अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का समर्थन

**अनंत ज्ञान, सोलन**



प्रशासन द्वारा शहर के बाजारों से अतिक्रमण हटाए जाने की मुहिम का भाजपा ने समर्थन किया। भाजपा शहरी मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता सहित धर्मेंद्र ठाकुर और संजय मलिक ने इस संदर्भ में डीसी मनमोहन शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि प्रशासन की अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से आम जनता व ज्यादातर दुकानदार खुश हैं, लेकिन कुछ गिने-चुने लोगों की वजह से सबको परेशानी का सामना करना पड़ता है। शैलेंद्र ने कहा कि नगर निगम सोलन के कुछ कर्मियों की विफलता की वजह से नो वेंडिंग जोन में भी रेहड़ी-फड़ी वाले कैसे आ जाते हैं, जबकि निगम ने शहर के रेहड़ी-फड़ी वालों के लिए एक अलग मार्केट बनाकर उन्हें वहां दुकानें अलॉट की हैं। यही नहीं निगम द्वारा ओल्ड सीएम रेजिडेंस से रेस्ट हाउस तक के एरिया को नो वेंडिंग जोन घोषित किया गया है। यह हैरानी का विषय है कि इसके बावजूद इस एरिया में दर्जनों रेहड़ी-फड़ी वाले कहां से आ जाते हैं और सड़कों के किनारे बैठ जाते हैं, जिससे पैदल चलने वालों को असुविधा होती है। उन्होंने कहा कि अधिकतर व्यापारी वर्ग अतिक्रमण हटाने की मुहिम से प्रशासन के साथ हैं कुछ गिने-चुने लोग अतिक्रमण कर व्यापारी वर्ग को बदनाम करने की कोशिश करते हैं। मंडल ने प्रशासन से केवल अतिक्रमणकारियों पर ही कार्रवाई का समर्थन किया, लेकिन इससे स्थानीय दुकानदार परेशान हुआ है, बल्कि बाजारों में भी अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है।

---

## नाहन में आवारा कुत्तों का आतंक स्कूटी सवार युवक पर किया हमला

**अनंत ज्ञान, नाहन**

नाहन शहर में आवारा कुत्तों का आतंक दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। मोहल्ला अमरपुर के पास एक युवक पर हमला कर कुत्ते ने व्यक्ति को घायल कर दिया।

घटना के अनुसार, मोहल्ले में रीठे के पेड़ के समीप वसीम नामक युवक को स्कूटी पर घर जाते समय आवारा कुत्ते ने पीछा कर टांग पर काट लिया। वसीम ने बताया कि वह बीती रात स्कूटी पर काम से घर लौट रहे थे। अचानक एक कुत्ता उनका पीछा करने लगा और मौका



मिलते ही उसने टांग पर काट लिया। वसीम ने कहा कि आवारा कुत्तों की समस्या के चलते लोगों को, विशेषकर छोटे बच्चों को सुबह स्कूल जाते समय काफी परेशानी होती है। उन्होंने प्रशासन से इस दिशा में उचित कदम उठाने की मांग की है।

### सरकारी स्कूल की दो छात्राएं लापता

**अनंत ज्ञान, नाहन।** ददाहू में एक सरकारी स्कूल की दो छात्राओं के लापता होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने रेणुका जी थाने में मामला दर्ज किया है और छात्राओं की तलाश के लिए पुलिस टीम को रवाना किया गया है। ददाहू के सरकारी स्कूल की मुख्याध्यापिका ने बताया कि छात्राओं के अभिभावकों ने फोन कर पूछा कि क्या दोनों छात्राएं सोमवार को स्कूल आई थीं। हाजिरी रजिस्टर जांचने के बाद यह स्पष्ट हुआ कि छात्राएं सोमवार को भी अनुपस्थित थीं। यह दोनों छात्राएं ददाहू में किराये पर रह रही थीं। डीएसपी संगड़ाह, मुकेश ने बताया कि छात्राओं की तलाश के लिए पुलिस टीम को तैनात किया गया है। पुलिस क्षेत्र में व्यापक जांच कर रही है, लेकिन फिलहाल दोनों छात्राओं का कोई सुराग नहीं मिला है।

## 'राजगढ़ टूरिस्ट इन' का बढ़ाया जाएगा स्टाफ

#### एचपीटीडीसी के एमडी राजीव ने सभी होटलों के विजिट करने का लक्ष्य किया पूरा

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के एमडी राजीव कुमार ने राजगढ़ स्थित निगम के टूरिस्ट इन का निरीक्षण किया।

इसी के साथ ही उन्होंने निगम के सभी गेस्ट हाउस को विजिट करने का टारगेट भी पूरा कर लिया। फिलहाल यह होटल एक ही कर्मचारी से चल रहा है। राजगढ़ टूरिस्ट इनमें आमतौर पर ट्रैकर ही रूकते हैं। स्टाफ की कमी से यहां पर भोजन की व्यवस्था नहीं हो पाती है। निगम एमडी ने इसका संज्ञान लिया।



राजगढ़ टूरिस्ट इन में पहुंचे पर्यटन विकास निगम के एमडी राजीव कुमार।

साथ ही यहां स्टाफ की संख्या बढ़ाकर भोजन बनाने की सुविधा शुरू किए जाने की बात कही। एमडी ने यहां कार्यरत कर्मचारी की भी सराहना की। एमडी राजीव ने कहा कि उन्होंने कार्यभार संभारते ही निगम के सभी होटलों का विजिट करने का निर्णय लिया था, जो राजगढ़ आकर पूरा हुआ, अब तक निरीक्षण में निगम के होटल रेस्तरां में पाई गईं कमियों को दुरुस्त करने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

---

## 800 बालिकाओं को 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, नाहन**

'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' के 10 वर्ष पूर्ण होने पर पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाहन में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सिरमौर एलआर वर्मा की अध्यक्षता में एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में लगभग 800 बालिकाओं को 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत शपथ दिलाई गई। एडीएम ने बालिकाओं को 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सभी बालिकाएं जागरूक होकर इस योजना के माध्यम से आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनें। उन्होंने उपस्थित अध्यापकों से आह्वान किया कि बालिकाओं को उनके अधिकार एवं महिलाओं के लिए बने कानून संबंधी जानकारी प्रदान करते रहे। जिला कार्यकम अधिकारी सुनील



शर्मा ने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' के अंतर्गत जिले में चल रही गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' के 10 वर्ष पूर्ण होने पर विभाग द्वारा 22 से 8 मार्च तक विभिन्न गतिविधियां करवाई जाएंगी, जिसमें लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने पोषण अभियान द्वारा एक हजार दिनों के बारे में चर्चा करते हुए बच्चों के विकास में इसकी महत्ता के बारे में बताया।

### कबड्डी प्रतियोगिता 7 व 8 फरवरी को

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** 71वीं राज्य स्तरीय वरिष्ठ पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता, जो कि सिरमौर के पांवटा साहिब में 7 और 8 फरवरी को होना सुनिश्चित हुई है। सिरमौर की कबड्डी की सीनियर पुरुष टीम के लिए ट्रायल का आयोजन आज किया जाएगा, जिसमें सिरमौर के सभी खिलाड़ी जो सिरमौर की सीनियर पुरुष वर्ग कबड्डी टीम में खेलने के इच्छुक हैं, वह भाग ले सकते हैं। ट्रायल के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 2 से 3 तक पंचायत घर शिलाई के पास शुरू की जाएगी। 3 से 4 के मध्य सिरमौर कबड्डी टीम के चयन के लिए ट्रायल लिए जाएंगे।

## विधायक संजय को गांव की समस्याओं से करवाया अवगत

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

#### रौडी पंचायत के बागा में पीने के पानी की समस्या गंभीर

रौडी पंचायत के गांव बागा के महिला मंडल ने पूर्व मुख्य संसदीय सचिव एवं विधायक संजय अवस्थी से मुलाकात की और गांव की समस्याओं से उन्हें अवगत करवाया।

महिला मंडल की प्रधान अनिता वर्मा ने बताया कि गांव में पीने के पानी की समस्या बहुत गंभीर है इसलिए एक अतिरिक्त बोरवेल लगाने के लिए जगह चिन्हित की गई है। महिला मंडल ने विधायक से आग्रह किया कि विभाग को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए आदेश पारित किए जाएं। इसके अलावा महिला मंडल ने गांव में सामुदायिक भवन निर्माण करवाने, सड़क के हालातों में सुधार करने और पीने के पानी की पुरानी स्कीम को जल शक्ति उपमंडल द्वारा बंद न करने का आग्रह किया। महिला मंडल ने विधायक से आशा व्यक्त की कि वे गांव की समस्याओं का समाधान करने में मदद करेंगे। महिला मंडल में अनिता वर्मा, रीता, विद्या, शीला, वीना, प्रेमलता, अनिता, नीना, मधु, पार्वती आदि मौजूद रहीं।

---

**कार्रवाई** निरीक्षण में सामने आया था करीब 400 वर्ग मीटर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण, स्वयं हटाने के लिए 15 दिन का दिया था समय

## सोलन में अब निजी स्कूल के अतिक्रमण पर चला प्रशासन का पीला पंजा

**अनंत ज्ञान, सोलन**

नेशनल हाईवे-5 के सोलन बायपास स्थित एक निजी स्कूल की तरफ से सरकारी जमीन कब्जाने पर प्रशासन ने पीला पंजा चलाकर कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

यहां पिछले दिनों निशानदेही के बाद करीब 400 वर्ग मीटर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण पाया गया। स्कूल प्रबंधन को इसे हटाने का समय दिया गया था, पर ऐसा नहीं हुआ। इस पर बुधवार को एसडीएम सोलन के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने जेसीबी मशीन लगाकर हटा दिया। कार्रवाई के दौरान एसडीएम के साथ मौके पर एनएचएआई, नगर निगम,



लोक निर्माण, राजस्व विभाग के अधिकारी और पुलिस बल तैनात रहा। इससे पहले प्रशासन ने मालरोड और मुख्य बाजार से भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की थी। गुरुकुल स्कूल प्रबंधन को अतिक्रमण को स्वयं हटाने के लिए 15 दिन का समय दिया गया था, लेकिन स्कूल प्रबंधन ने इस समय अवधि में अतिक्रमण को नहीं हटाया, अब प्रशासनिक टीम मशीन लेकर मौके पर पहुंची और अतिक्रमण को हटा दिया। लोगों का कहना है कि एनएच-5 के साथ सटे इन दोनों निजी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावक बहुत चिंतित हैं। अतिक्रमण के कारण बच्चों का स्कूल तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। स्कूल टाइम में सुबह व शाम सैकडों की संख्या में गाड़ियां खड़ी होने के कारण एनएच की एक लेन पर जाम लग जाता है। इससे हमेशा हादसा होने की आशंका बनी रहती है। यहां पर पहले गुरुकुल स्कूल है। इसके साथ ही डीएवी स्कूल है। एनएच से डीएवी स्कूल की ओर जाने वाली सड़क अतिक्रमण के कारण बहुत संकरी हो गई है। इसके अलावा दोनों ओर वाहन खड़े रहते हैं। डीसी सोलन ने इस शिकायत का कड़ा संज्ञान लिया और एसडीएम सोलन को अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया। राजस्व विभाग की इस जांच में खुलासा हुआ कि एक निजी स्कूल ने 400 वर्ग मीटर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किया है। इसमें स्कूल का ग्राउंड व भवन का भी कुछ हिस्सा है। इस कारण यह सड़क संकरी हो गई है। दोनों स्कूलों के बच्चों की संख्या करीब 35000 है। पैदल स्कूल आने वाले बच्चों की सुरक्षा खतरे में बनी रहती है। स्कूल जाने के लिए उन्हें फोरलेन की एक लेन को पार करना पड़ता है। दोनों ओर से वाहनों की अधिक आवाजाही के कारण हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।

#### एनएच पर बच्चों को पिक और ड्रॉप न करें

**एसडीएम** सोलन डॉ. पूनम बंसल ने कहा कि निजी स्कूलों ने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किया था, उन्हें स्वयं अतिक्रमण हटाने का भी समय दिया गया, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस पर प्रशासन ने अतिक्रमण को हटा दिया है। स्कूल प्रबंधन को हिदायत दी गई है कि वह नेशनल हाईवे पर बच्चों को पिक और ड्रॉप न करें। इसके साथ ही नाले के साथ बने ढारों पर भी कार्रवाई की जाएगी।




## न्यूज ब्रीफ

### फ्लैगशिप मिशन परियोजनाओं पर समीक्षा बैठक



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय की संसदीय स्थायी समिति, जिसमें अध्यक्ष मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी के नेतृत्व में लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य शामिल थे, ने चंडीगढ़ में आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय की विभिन्न कार्यक्रमों और प्रमुख योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी, यूटी चंडीगढ़ के मुख्य सचिव राजीव वर्मा, आईएएस, एमसी कमिश्नर अमित कुमार और चंडीगढ़ के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान आवास एवं शहरी मामलों, शहरी नियोजन, स्मार्ट सिटी, एमसी चंडीगढ़, पीएमएवाई (यू), परिवहन सहित विभिन्न योजनाओं और प्रमुख कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति ने चंडीगढ़ के विभिन्न विभागों द्वारा की गई प्रगति पर ध्यान दिया। प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम चंडीगढ़ द्वारा अमृत, प्रधानमंत्री स्वनिधि, डीएवाई-एनयूएलएम, स्वच्छ भारत मिशन और स्मार्ट सिटी मिशन सहित विभिन्न योजनाओं पर की गई प्रगति पर भी ध्यान दिया।

### रतूड़ी ने उत्तराखंड फ्रेमवर्क तैयार करने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में अन्य देशों एवं राज्यों के मॉडल को अपनाने के बजाय उत्तराखंड की विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उत्तराखंड केन्द्रित आपदा प्रबंधन मॉडल तैयार करने की हिदायत देते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आपदा प्रबंधन विभाग को आपदाओं से निपटने एवं बचाव हेतु उत्तराखंड फ्रेमवर्क तैयार करने के दौरान एनजीओं, सिविल सोसाइटी, सामाजिक संस्थाओं एवं निजी विशेषज्ञों के सुझाव भी इसमें शामिल करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सरकारी अधिकारियों को अपनी सीमित सीमाओं में सीमित न रहते हुए, व्यापक दृष्टिकोण से कार्य करने की नसीहत दी। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी सचिवालय में आज आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर सेन्डई (जापान) फ्रेमवर्क का राज्य में क्रियान्वयन की समीक्षा कर रही थी।

### बोकारो में मुठभेड़, जवानों ने किए दो माओवादी ढेर



**बोकारो।** झारखंड के बोकारो जिले में बुधवार की सुबह सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो माओवादी मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है, जिनमें एके-47 और इंसास राइफल जैसे आधुनिक हथियार भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अभी भी तलाशी अभियान जारी है।

### यमन में पलटी नाव, 20 प्रवासियों की मौत



**अदन।** अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने बताया कि दक्षिणी यमन तट के पास एक नाव के पलटने से 20 इथियोपियाई प्रवासियों की मौत हो गई। नाव में 35 इथियोपियाई प्रवासी, एक यमन कप्तान और उसका सहायक सवार थे और नाव से जिबूती के हम्मारता क्षेत्र से रवाना हुए। तैज प्रांत के दुबाब जिले के अल-हज्जाजाह के पास तेज हवाओं के बीच नाव पलट गई। आईओएम के मिशन प्रमुख अब्दुसत्तोर एसोव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को अनियमित प्रवास के मूल कारणों को दूर करने व प्रवासियों की सुरक्षा और सम्मान को प्राथमिकता देने के अपने संकल्प को मजबूत करना चाहिए।

### राजौरी का बुधाल गांव कंटेनमेंट जोन घोषित



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के बधाल गांव में तीन परिवारों के 17 लोगों की मौत और एक व्यक्ति की हालत गंभीर होने के बाद गांव को निषिद्ध क्षेत्र घोषित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि उसी गांव के एक और व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत सभी सार्वजनिक और निजी आयोजनों पर रोक लगा दी गई है। बीएनएसएस की धारा 163 जिलाधिकारी को अत्यावश्यक परिस्थितियों में लिखित आदेश जारी करने की शक्ति देती है। इन आदेशों का उपयोग उपद्रव या खतरों को रोकने या उनका समाधान करने के लिए किया जा सकता है।

# चंडीगढ़ में 1.41 लाख वाहनों पर 10.80 लाख चालान पेंडिंग

## एक बाइक के शहर में सबसे ज्यादा कटे 411 चालान

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ में 1.41 लाख वाहनों पर 10.80 लाख चालान पेंडिंग हैं। कई ऐसी गाड़ियां हैं, जिन पर 200-300 चालान हैं। ऐसे 43,216 चालकों को आरएलए नोटिस जारी कर रहा है। चंडीगढ़ में ट्रैफिक नियमों की अनदेखी अब भारी पड़ेगी।

एक ही बाइक पर 411 चालानों का रिकॉर्ड बन गया है। ये बाइक भी सेक्टर-26 के पुलिस लाइन की है। इतने ज्यादा चालान होने पर सेक्टर-17 स्थित आरएलए ने बाइक नंबर की सभी तरह की सर्विस बंद कर दी है। आरएलए ने रिकॉर्ड खंगाले तो पता चला है कि 1.41 लाख वाहनों पर 10.80 लाख चालान पेंडिंग हैं। कई ऐसी गाड़ियां हैं, जिनपर 200-300 चालान हैं। ऐसे 43,216 चालकों को नोटिस जारी कर डीएल और आरसी सस्पेंड करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।



### चालान को गंभीरता से नहीं ले रहे चालक

**शहर** में ट्रैफिक नियमों को तोड़ने वाले लोगों का कैमरों से लगातार चालान कट रहे हैं, लेकिन लोग उसे गंभीरता से नहीं ले रहे और चालान के पैसे जमा नहीं करा रहे। इसलिए ही प्रशासन ने नया आदेश जारी किया है कि यदि किसी वाहन मालिक के नाम पर 5 या उससे अधिक चालान बकाया हैं, तो उनका ड्राइविंग लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा और वाहन का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र (आरसी) निलंबित कर दिया जाएगा। इसके बाद अब रजिस्ट्रिंग एंड लाइसेंसिंग अथॉरिटी (आरएलए) ने ऐसे 1.41 लाख वाहनों की सूची बनाई है, जिन पर 10.80 लाख चालान दर्ज हैं और इन्होंने जमा नहीं कराए हैं। इसमें सबसे ज्यादा एक बाइक पर ही 411 चालान हैं।

ये पूरे शहर में एक गाड़ी पर सबसे ज्यादा चालान हैं। हैरानी की बात यह भी है कि यह बाइक सेक्टर-26 के पुलिस लाइन में पते पर रजिस्टर्ड हैं। आरएलए ने जब रिकॉर्ड खंगाला तो चालान नहीं जमा करने वालों की संख्या काफी ज्यादा निकली। ऐसे में अब तक 43,216 नोटिस प्रिंट किया जा चुके हैं और उन्हें लिफाफे में डालकर भेजा जा रहा है। नोटिस इतने ज्यादा हैं कि आरएलए ने सीटीयू की सहायता मांगी है। (अनंत ज्ञान)

### बप्पी लाहिड़ी को लाइव सिंगिंग परफॉर्मेंस में दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** संगीतमाला कल्चरल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा प्रसिद्ध संगीतकार और गायक बप्पी लाहिड़ी को श्रद्धांजलि देने के लिए एक भव्य लाइव संगीत कार्यक्रम का आयोजन टैगोर थियेटर में किया गया। सोसाइटी के चेयरमैन अरूप ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में शौकीन गायकों ने बप्पी दा के सदाबहार गीतों की प्रस्तुति दी और श्रोताओं को संगीतमय शाम का आनंद दिलाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि के तौर पर धारा कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के प्रेसिडेंट सुशील धारा ने शिरकत की। इस दौरान उनके साथ बीडी शर्मा व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जिसके बाद स्कूल की छात्रा आराध्या ने गणेश वंदना पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मंच का संचालन कंचन भल्ला ने बखूबी किया। कार्यक्रम के दौरान शौकीन गायकों ने बप्पी लाहिड़ी द्वारा गाए गए लगभग 30 गानों की प्रस्तुति दी। अरूप ठाकुर और शारदा ओझा ने 'दिल में हो तुम' गाने पर अपनी प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। आर्यन और अखिल ने 'आई एम ए डिस्को डांसर' गीत पर जोशीला परफॉर्मेंस दिया

## स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के निर्विरोध चेयरमैन बने सतिंदर




**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल के आज हुए चुनाव के बाद सतिंदर पाल सिंह सिद्धू (सारंगपुर) को निर्विरोध चेयरमैन चुन लिया गया है जबकि सुखविंदर सिंह काला कजहेड़ी को वाइस चेयरमैन चुना गया है।

सेक्टर-22 स्थित द चंडीगढ़ को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के कार्यालय में चेयरमैन और वाइस चेयरमैन का चुनाव हुआ। सतिंदर पाल सिंह सिद्धू के चेयरमैन और सुखविंदर सिंह काला कजहेडी के वाइस चेयरमैन चुने जाने के बाद दोनों ने अपने पद संभाल लिए हैं।

चंडीगढ़ को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के नवनिर्वाचित चेयरमैन सतिंदर पाल सिंह सिद्धू ने निदेशक मंडल के सभी सदस्यों का धन्यवाद किया, जिन्होंने उनका समर्थन किया और उन्हें चंडीगढ़ सहकारी बैंक लिमिटेड का चेयरमैन बनाया।

उन्होंने कहा कि वह चंडीगढ़ सहकारी बैंक को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इसके साथ ही उन्होंने चंडीगढ़ के गांवों के लोगों को यह भी आश्वासन दिया कि चंडीगढ़ सहकारी बैंक से संबंधित सभी मुद्दों का समाधान किया जाएगा। अब किसी को भी बैंक से जुड़े मामलों की चिंता नहीं करनी पड़ेगी।

## 150 से ज्यादा लोगों ने किया रक्तदान



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

प्रभु श्री राम के अयोध्या मंदिर के उद्घाटन के एक वर्ष संपूर्ण होने की खुशी में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिव मानस मंदिर इंडस्ट्रियल एरिया फेज 2 में चंडीगढ़ फर्नीचर एसोसिएशन और पीजीआई के आपसी सहयोग से आयोजित इस रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। रक्तदान शिविर की मुख्य विशेषता चंडीगढ़ रामलीला क्लब सेक्टर 22 के प्रमुख पात्रों श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमान और रावण के किरदार निभा रहे कलाकारों ने भी रक्तदान कर एक अनूठी मिसाल पेश की।

रक्तदान शिविर में 150 से अधिक रक्तदान यूनिट एकत्रित हुए। इस अवसर पर भाजपा चंडीगढ़ इकाई के प्रधान जतिंदर मल्होत्रा, पूर्व प्रधान वरिष्ठ नेता संजय टंडन सहित अन्य भाजपा नेता भी उपस्थित रहे।

### मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को हल करने के लिए स्टार्ट-अप 'एनसो' की शुरुआत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं भारतीय आबादी के लगभग 15 प्रतिशत को प्रभावित करती हैं, फिर भी इस पर बात तक करने पर लोग काफी संकोच महसूस करतें हैं। यह ही नहीं अगर किसी को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी कोई समस्या है तो बदनामी के डर से वो किसी विशेषज्ञ से सलाह तक नहीं करता है।

साइकोलॉजिस्ट शबाना आजम और थियेटर पर्सनालिटी और आर्ट-बेस्ड मेंटल हेल्थ एक्सपर्ट निशा लूथरा द्वारा स्थापित एक ग्राउंड-ब्रेकिंग स्टार्ट-अप एनसो मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं को इनसे जुड़े बदनामी के दाग को समाप्त करना चाहती है।

## राष्ट्रीय खेलें : दून व हल्द्वानी के स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए विशेष व्यवस्था

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

38वें राष्ट्रीय खेल के दौरान खिलाड़ियों और मेहमानों को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए 141 टीमों का गठन किया गया है। 28 जनवरी से लेकर 14 फरवरी तक यह टीमें अलर्ट मोड में रहेंगी। इस दौरान जरूरत पड़ने पर एंबुलेंस से लेकर हेली एंबुलेंस तक की सुविधा तुरंत उपलब्ध कराई जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग ने बड़े स्तर पर राषट्रीय खेलों की तैयारियां की हैं। स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार के अनुसार-राज्य स्तर पर राज्य नोडल अधिकारी, उप नोडल अधिकारी व सह नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं। जनपद स्तर पर जिला नोडल अधिकारी मुख्य चिकित्साधिकारी और सह नोडल अधिकारी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी बनाए गए हैं। एंबुलेंस हेतु जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि महाराणा प्रताप स्टेडियम, रायपुर, देहरादून के धनवन्तरी ब्लॉक में 10 बैडेड अस्पताल खिलाड़ियों हेतु संचालित किया जाएगा।

इसी तरह, आईजीआईसीएस स्टेडियम, गोला पार हल्द्वानी में दो बैडेट अस्पताल संचालित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों के लिए पर्याप्त मात्रा में औषधियां, उपकरण क्रिय किए जा रहे हैं।

### डॉ. टम्टा कुमाऊं और डॉ. नेगी गढ़वाल के नोडल ऑफिसर

स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार के अनुसार डॉ. तरुण टम्टा, प्रमुख अधीक्षक, जिला चिकित्सालय, नैनीताल को कुमाऊं मंडल का नोडल ऑफिसर नामित किया गया है। डॉ. टम्टा ने स्पोर्ट्स मेडिसिन में शिक्षा प्राप्त की है। निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, गढ़वाल मंडल पोढ़ी गढ़वाल के स्तर पर डॉ केएस नेगी को गढ़वाल मंडल का नोडल अधिकारी नामित किया गया है। नोडल अफसरों को स्थलीय निरीक्षण करने के लिए कहा गया है।

# देश-विदेश

## मध्यम वर्ग 'कर आतंकवाद' का शिकार : केजरीवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**आम** आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को देश के मध्यम वर्ग के लिए सात सूत्री घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि उन्हें लगातार सरकारों की ओर से नजरअंदाज किया गया है और वे 'कर आतंकवाद' के शिकार हैं।

उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग भारतीय अर्थव्यवस्था की असली महाशक्ति है, लेकिन लंबे समय से इसे नजरअंदाज किया गया है और केवल कर संग्रह के लिए इसका शोषण किया गया है। केजरीवाल ने मध्यम वर्ग की चिंताओं को दूर करने के उद्देश्य से सात सूत्री चार्टर की घोषणा की। उनकी मांगों में शिक्षा बजट को मौजूदा दो प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत करना और निजी स्कूलों की फीस की सीमा तय करना शामिल है। उन्होंने सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के वास्ते उच्च शिक्षा के लिए सब्सिडी और छात्रवृत्ति का भी प्रस्ताव रखा। आप प्रमुख ने स्वास्थ्य सेवा खर्च में वृद्धि की आवश्यकता पर बल दिया और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर कर हटाने के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवा खर्च को जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) का 10 प्रतिशत तक बढ़ाने का सुझाव दिया।

### सुरक्षाबलों ने 8 बारूदी सुरंगों को किया नष्ट

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने आठ बारूदी सुरंग बरामद की हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुतवेंडी से पीड़िया गांव जाने वाले मार्ग पर सुरक्षाबलों ने आठ बारूदी सुरंग बरामद कीं। उन्होंने बताया कि गंगालूर थाना क्षेत्र में जिला रिजर्व गार्ड, बम निरोधक दस्ता और सीआरपीएफ के संयुक्त दल को गश्त के लिए रवाना किया गया था। गश्त के दौरान सुरक्षाबलों ने मुतवेंडी से पीड़िया गांव जाने वाले मार्ग पर अलग अलग स्थानों से पांच—पांच किलोग्राम की आठ बारूदी सुरंगें बरामद की। सुरक्षाबलों ने बमों को नष्ट कर दिया है।

## सेंसेक्स 566 अंक चढ़कर 76,404 पर बंद, निफ्टी में 130 अंक की तेजी

**एजेंसी, मुंबई**




**शेयर** बाजार में बुधवार को बढ़त देखने को मिली है। सेंसेक्स 566 अंक की तेजी के साथ 76,404 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 130 अंक की तेजी रही। यह 23,155 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 में तेजी और 9 में गिरावट देखने को मिली। आईटी, एफएमसीजी और बैंकिंग शेयर्स में ज्यादा बढ़त रही। वहीं, मेटल और एनर्जी स्टॉक्स पर दबाव देखने को मिला। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 1.58 फीसदी और कोरिया के कोस्पी में 1.15 फीसदी की तेजी रही। वहीं, चीन के शंघाई कंपोजिट इंडेक्स में 0.89 फीसदी की गिरावट देखने को मिली।

### सोना 80 हजार के पार

**सोना** अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 689 रुपए बढ़कर 80,142 रुपए हो गया है। इससे पहले मंगलवार को इसके दाम 79,453 रुपए प्रति दस ग्राम थे। वहीं, चांदी की कीमत में भी तेजी रही। यह 634 रुपए बढ़कर 91,167 रुपए प्रति किलो हो गई है।

## तुर्की में आग से मरने वालों की संख्या 76 पहुंची, नौ लोगों को हिरासत में लिया

**एजेंसी, अंकारा**

**तुर्की** के उत्तर पश्चिमी बोलू प्रांत में स्थित कार्तलकाया स्की रिजॉर्ट होटल में लगी भीषण आग की वजह मृतकों की संख्या बढ़कर 76 हो गई। इस हादसे के सिलसिले में नौ लोगों को हिरासत में लिया है।

आंतरिक मंत्री अली येरलिकाया ने इसकी जानकारी दी। देश में बुधवार को राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई है। येरलिकाया ने पुष्टि की कि खोज और बचाव अभियान पूरे किए जा चुके हैं। हिरासत में लिए गए लोगों में होटल मालिक भी शामिल है। मंत्री ने बताया, दुर्भाग्य से, मरने वालों की संख्या बढ़कर 76 हो गई। हमारी टीमों ने खोज और बचाव कार्य पूरा कर लिया। मामले की जांच जारी है। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने बुधवार को राष्ट्रीय शोक की घोषणा की।

### मणिपुर के 4 जिलों से हथियार और गोला-बारूद किया बरामद

**इंफाल।** मणिपुर के थौबल, कांगपोकपी, चूरचंदपुर और टेंग्नुपाल से असम राइफल्स और पुलिस ने हथियारों का जखीरा और गोला-बारूद बरामद किया है। मणिपुर पुलिस ने बताया कि चूरचंदपुर जिले के मोंगजांग गांव और कांगपोकपी जिले के फेयेंग हिल में उग्रवादियों के मूवमेंट का इनपुट मिला। छापेमारी के दौरान कारबाइन मशीन गन, सिंगल बोर बैरल राइफल, एके-47, पिस्तौल, ग्रेनेड, गोला-बारूद जब्त किए गए।

## ताहिर हुसैन की जमानत पर जजों की राय बंटी, फैसले के लिए सीजेआई नई बेंच बनाएंगे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने बुधवार को आम आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद और दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन की याचिका पर विभाजित फैसला सुनाया। हुसैन ने इस याचिका में विधानसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत की मांग की थी।

न्यायमूर्ति पंकज मिथल ने हुसैन की याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह कोई मामला नहीं बनता, जबकि न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने कहा कि उन्हें अंतरिम जमानत पर रिहा किया जा सकता है। इस मुद्दे पर फैसला करने के वास्ते नयी पीठ के गठन के लिए मामला प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना के समक्ष रखा जाएगा। सीजेआई मामले पर फैसले के लिए नई बेंच बनाएंगे। फिलहाल मामले की अगली सुनवाई की बारे में नहीं बताया गया है।

## पुतिन यूक्रेन मुद्दे पर बातचीत नहीं करते, तो रूस पर प्रतिबंध संभव: ट्रंप

**एजेंसी, वाशिंगटन**

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन से कभी भी मिलने को तैयार हैं। उन्होंने आगाह किया कि अगर रूस, यूक्रेन के मुद्दे पर बातचीत के लिए आगे नहीं आता है तो रूस पर प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं।

ट्रंप ने कहा कि संघर्ष कभी शुरू ही नहीं होना चाहिए था। मुझे लगता है आपके पास एक सक्षम राष्ट्रपति नहीं था, अगर होता तो युद्ध नहीं होता। अगर मैं राष्ट्रपति होता तो यूक्रेन में युद्ध कभी नहीं होता। उन्होंने कहा कि रूस कभी यूक्रेन में नहीं जाता। पुतिन और मेरे बीच बहुत अच्छी और मजबूत समझ थी। ऐसा कभी नहीं होता। उन्होंने जो बाइडेन का अनादर किया। उन्होंने लोगों का भी अनादर किया। वह स्मार्ट हैं। वहीं, ट्रंप ने कहा कि उन्हें 'एच-1बी' विदेशी अप्रवासी कामगारों के वीजा पर इसका समर्थन करने वाले और इसका विरोध करने वाले दोनों पक्षों की दलीलें अच्छी लगीं। उन्होंने कहा कि उन्हें देश में आने वाले ''बेहद कुशल लोग पसंद हैं और उन्होंने इस कार्यक्रम का उपयोग किया है।

### 1 फरवरी से चीन पर 10 फीसदी टैरिफ लगाने पर विचार



**ट्रंप** ने कहा कि उनकी सरकार 1 फरवरी से चीन पर 10 फीसदी टैरिफ लगाने के बारे में विचार कर रही है। चीन पर टैरिफ लगाने का फैसला इस फैक्ट पर आधारित होगा कि वह मेक्सिको और कनाडा को फेंटानिल भेज रहा है या नहीं। फेंटानिल एक तरह का नशीला पदार्थ है, जो हेरोइन से 50 गुना अधिक शक्तिशाली और नशा पैदा करने वाला पदार्थ है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में ओरेकल के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी लैरी एलिसन, सॉफ्टबैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मासायोशी सोन और ओपन एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि हम चीन पर 10 फीसदी टैरिफ लगाने पर विचार कर रहे हैं।

### जन्मजात नागरिकता के फैसले पर मामला दायर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के 22 प्रांतों के अटॉर्नी जनरल (शीर्ष विधि अधिकारी) ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस शासकीय आदेश के खिलाफ मुकदमा दायर किया, जिसके तहत देश में जन्म लेने पर किसी भी व्यक्ति को स्वत: नागरिकता मिल जाने के सौ साल पुराने आव्रजन नियम को खत्म करने के लिए कदम उठाया गया है। इस नियम के तहत यदि किसी व्यक्ति का जन्म अमेरिका में हुआ है तो जन्म के आधार पर उसे अमेरिकी नागरिकता मिल जाती थी, भले ही उनके माता-पिता किसी और देश के हों। भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने अमेरिका में पैदा हुए किसी भी व्यक्ति के लिए स्वत: नागरिकता के नियम में परिवर्तन संबंधी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शासकीय आदेश का विरोध किया है।

## 'आप-दा' से मुक्ति से दिल्ली को 'विकसित राजधानी' बनाने का संकल्प सिद्ध होगा : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) को एक बार फिर राष्ट्रीय राजधानी के लोगों के लिए 'आप-दा' करार दिया और कहा कि जब इससे मुक्ति मिलेगी तभी दिल्ली को 'विकसित भारत' की 'विकसित राजधानी' बनाने का संकल्प सिद्ध हो पाएगा। 'नमो ऐप' के जरिए 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत भाजपा के कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए मोदी ने यह दावा भी किया कि 'आप-दा' वाले आगामी विधानसभा चुनाव में इतने डरे हुए हैं कि उन्हें हर दिन एक नयी घोषणा करनी पड़ रही है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली वाले आप वालों की आप-दा और उनके झूठ एवं फरेब से अब ऊब चुके हैं। पहले कांग्रेस ने और फिर आप वालों की आप-दा ने दिल्ली के लोगों से बहुत विश्वासघात किया है। यह 'आप-दा' वाले अब हर दिन एक नई घोषणा कर रहे हैं। इसका मतलब है कि उनको रोज पराजय की नई-नई खबरें मिल रही हैं। ये इतने डरे हुए हैं कि इन्हें रोज सुबह एक नई घोषणा करनी पड़ रही है। लेकिन अब दिल्ली की जनता इनका खेल समझ गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन दिनों वे अपने चुनावी सभाओं में दावा करते फिरते हैं कि 'फिर आएंगे' लेकिन अब जनता उन्हें बोलती है कि वे 'फिर खाएंगे'। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 'आप-दा' वालों की पोल खोलने और केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाने का आह्वान किया।

## राजस्थान की पॉपुलर सोशल मीडिया एक्ट्रेस का अपहरण



**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया सेंसेशन जाह्नवी मोदी को लेकर एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। सोशल मीडिया स्टार का अपहरण हो गया है। 'मुकेश की कॉमेडी' एक्ट्रेस जान्हवी मोदी का मंगलवार शाम को राजस्थान के बीकानेर जिले के एक कस्बे से अपहरण कर लिया था। घटना शाम के 7 बजे के आसपास हुई। जाह्नवी अपनी मां पुष्पा मोदी के साथ बाजार में घूम रही थीं, तभी दो नकाबपोश आए और जाह्नवी की मां को धक्का देकर सोशल मीडिया स्टार को अपनी ओर खींच लिया। बदमाशों ने एक्ट्रेस को उनकी मां के सामने ही किडनैप कर लिया। घटना मंगलवार शाम 7 बजे राजस्थान के बीकानेर जिले के श्री डूंगरगढ़ के बाजार में हुई। जाह्नवी की मां पुष्पा मोदी ने नजदीकी पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट की और कहा कि उनकी बेटी को शाम 7 बजे दो नकाबपोश लोगों ने अपहरण कर लिया है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### टाटा स्टील शतरंज में भारत के आर प्रज्ञाननंदा को एकल बढ़त

**विज्क आन जी (नीदरलैंड)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने हमवतन लियोन ल्यूक मेंडोंका को हराकर टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर के बाद एकल बढ़त हासिल कर ली।



प्रज्ञाननंदा ने रुय लोपेज के साथ सहज शुरुआत की लेकिन मिडिल गेम में उन्होंने मेंडोंका की गलतियों का फायदा उठाया और 46 चाल में जीत हासिल की। प्रज्ञाननंदा की यह लगातार तीसरी जीत है। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने अभी तक भारतीय खिलाड़ियों को ही हराया है। उनका अगला मुकाबला विश्व चैंपियन डी गुकेश से होगा जिन्होंने चौथे दौर की अपनी बाजी एलेक्सी सरना के खिलाफ ड्रॉ खेली।

### एसए20 के प्लेऑफ में जगह बनाने के करीब पहुंचा एमआई केपटाउन

**डरबन।** किंग्समीड में डरबन सुपर जाइंट्स के खिलाफ मैच बारिश की भेंट चढ़ने के बाद एमआई केपटाउन ने एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के प्लेऑफ में पहली बार जगह पक्की करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया। एमआई केपटाउन को इस मैच से दो अंक मिले, जिससे वह अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज पार्ल रॉयल्स की बराबरी पर पहुंच गया है। रॉयल्स हालांकि अधिक मैच जीतने के कारण पहले स्थान पर बना हुआ है। इस बीच, मंगलवार को रद्द हुए मैच के बाद डरबन सुपर जाइंट्स की टीम आठ अंकों के साथ तालिका में सबसे निचले स्थान पर बनी हुई है। उसे प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए अब हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। एमआई केपटाउन ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद जब 11 ओवर में तीन विकेट पर 69 रन बनाए थे तभी बारिश आ गई और इसके बाद आगे खेल नहीं हो पाया।

### टीम गोनासिका को हराकर यूपी रूद्राज तालिका में शीर्ष पर पहुंचा

**राउरकेला।** केन रसेल और तांगे कोसीन्स के तीन मिनट के अंदर किए गए गोल से यूपी रूद्राज हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) पुरुष मैच में टीम गोनासिका को 2-0 से हराकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। मैच के शुरुआती दोनों क्वार्टर के गोलरहित रहने के बाद यूपी रूद्राज ने तीसरे क्वार्टर में 2-0 की बढ़त बनायी जो आखिर तक कायम रही। बेल्जियम के कोसीन्स ने मैच के 37वें मिनट में पेनल्टी कार्नर को गोल में बदला जबकि न्यूजीलैंड के रसेल ने इसके तीन मिनट के बाद एक और पेनल्टी कार्नर को गोल पोस्ट में डाल कर इस बढ़त को दोगुना कर दिया। इस जीत के बाद यूपी रूद्राज के आठ मैचों में पांच जीत से 15 अंक हो गए है और बेहतर गोल अंतर से टीम तालिका में शीर्ष स्थान पर है।

### रोहित को क्या करना है यह किसी को बताने की जरूरत नहीं : रहाणे

**मुंबई।** मुंबई के कप्तान अजिंक्या रहाणे ने कहा कि रोहित शर्मा को यह बताने की जरूरत नहीं है कि उन्हें क्या करना है और ' जब वह लय हासिल कर लेंगे तो उन्हें बड़ी पारी खेलने में कोई परेशानी नहीं आयेगी'। भारतीय टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान रोहित लगभग एक दशक के अंतराल के बाद रणजी ट्रॉफी में वापसी करेंगे। रहाणे ने कहा, '' देखिए, रोहित, रोहित है। हम सभी यह जानते हैं। आपको भी पता है कि रोहित का व्यक्तित्व क्या है। मैं उन दोनों (रोहित और जायसवाल) को मुंबई के ड्रेसिंग रूम में वापस पाकर बहुत खुश हूं।''

### एशियाई खेलों और ओलंपिक में खो-खो को शामिल करने की वकालत

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने पारंपरिक भारतीय खेलों को दुनिया भर में ले जाने की सरकार की इच्छा व्यक्त की और कहा कि खो-खो को एशियाई खेलों और 2036 ओलंपिक में शामिल करने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता होगी। भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है और उसने अपनी महत्वाकांक्षी योजना की दिशा में पहला ठोस कदम उठाते हुए अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के भविष्य मेजबान आयोग को अपनी इच्छा व्यक्त करते हुए एक 'आशय पत्र' प्रस्तुत किया है।

### भारत चैंपियंस ट्रॉफी में आईसीसी की पोशाक संबंधी दिशा-निर्देशों का करेगा पालन

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम आगामी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए आईसीसी द्वारा 'पोशाक संबंधी सभी दिशानिर्देशों' का पालन करेगी। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने उन अटकलों को खारिज किया कि बोर्ड ने टीम की आधिकारिक जर्सी पर मेजबान पाकिस्तान का नाम लिखने पर आपत्ति जताई थी। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से पाकिस्तान में आयोजित की जाएगी। भारत ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए पाकिस्तान जाने से इन्कार कर दिया था और वह अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा। सैकिया ने 'पीटीआई' से कहा, '' चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान बीसीसीआई पोशाक से जुड़े आईसीसी के हर नियम का पालन करेगा।''

# इगा स्वियातेक ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में, कीज से होगा मुकाबला

**अमेरिका के 22 साल के बेन शेलटन पुरुष एकल के सेमीफाइनल में पहुंचे**

**एजेंसी, मेलबोर्न**

इगा स्वियातेक ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में बुधवार को यहां आठवीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो के खिलाफ 6-1, 6-2 की एकतरफा जीत दर्ज करते हुए साल के शुरुआती ग्रैंड स्लैम में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा।

दूसरी वरीयता प्राप्त स्वियातेक ने टूर्नामेंट में अब तक एक भी सेट नहीं गंवाया है। मेलबोर्न पार्क में अपना पहला खिताब जीतने के लिए जोर लगा रही पोलैंड की इस खिलाड़ी ने टूर्नामेंट में अब तक सिर्फ 14 गेम गंवाए है। इससे पहले 15 से कम गेम गंवाकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन सेमीफाइनल में जगह बनाने का कारनामा 2013 में मारिया शारापोवा ने किया था।

अब तक पांच बार ग्रैंड स्लैम जीत चुकी इस 23 साल की खिलाड़ी ने कहा, ''मैं टूर्नामेंट में अपने अब तक के प्रदर्शन से काफी खुश हूं। सेमीफाइनल में पहुंचना शानदार है। मैं और आगे बढ़ने की कोशिश करूंगी।''

पोलैंड की स्वियातेक के सामने सेमीफाइनल में अमेरिका की 29 साल मैडिसन कीज की चुनौती होगी। विश्व रैंकिंग में 19वें स्थान पर काबिज कीज ने क्वार्टर फाइनल में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर मौजूदा सत्र में लगातार 10वीं जीत दर्ज की। अमेरिका के 22 साल के बेन शेलटन ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल मैच मेंलोरेंजो सोनेगो को हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। वामहस्त खिलाड़ी शेलटन ने इटली के गैर-वरीय खिलाड़ी के खिलाफ 6-4, 7-5, 4-6, 7-6 से जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में उनके सामने शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर और आठवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डि मिनौर के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल मुकाबले की विजेता की चुनौती होगी। इस 21वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 144 मील प्रति घंटे (232 किलोमीटर प्रतिघंटे) की रफ्तार से सर्विस कर पहला सेट अपने नाम करने के साथ मौजूदा सत्र के सबसे तेज सर्विस की बराबरी की। शेलटन ने इस जीत के बाद कहा, '' राहत महसूस कर रहा हूं। मैं सोनेगो की तारीफ करना चाहूंगा, उसने भी कमाल का खेल दिखाया। इससे पहले नोवाक जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई।


इगा स्वियातेक


मैडिसन कीज

## जोस बटलर की फिफ्टी से इंग्लैंड का चुनौतीपूर्ण स्कोर

**एजेंसी, कोलकाता**



कप्तान जोस बटलर की फिफ्टी से इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के पहले ट्वेंटी-20 मुकाबले में 20 ओवर में 132 रन बनाए। बटलर ने 44 गेंद पर 68 रनों की पारी खेली।

भारत की तरफ से वरुण चक्रवर्ती ने तीन जबकि अर्शदीप सिंह, हार्दिक पांड्या और अक्षर पटेल ने 2-2 खिलाड़ियों को आउट किया। इससे पहले अर्शदीप सिंह ने पहले ही ओवर में फिल सॉल्ट (0) को भी पवेलियन भेजा था जबकि बेन डकेट (4) को रिंकू सिंह के हाथों कैच कराया।

वरुण चक्रवर्ती ने हैरी ब्रूक और लियाम लिविंगस्टन को बोल्ड किया। ब्रूक ने 17 रन बनाए, जबकि लिविंगस्टन खाता भी नहीं खोल सके। भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज के पहले मैच में टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। चोट के बाद वापसी करने वाले मोहम्मद शमी को अभी इंतजार करना होगा, उन्हें अंतिम एकादश में शामिल नहीं किया गया।

## बैडमिंटन : क्रैस्टो-कपिला की जोड़ी दूसरे दौर में

**एजेंसी, जकार्ता**



तनीषा क्रैस्टो और ध्रुव कपिला की भारतीय जोड़ी ने इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने मिश्रित युगल अभियान की शानदार शुरुआत की और बुधवार को यहां सीधे गेम में जीत दर्ज करके दूसरे दौर में जगह बनाई।

क्रैस्टो और कपिला ने पहले दौर के मैच में अदनान मौलाना और इंदा काहया सारी जमील की इंडोनेशियाई जोड़ी को 21-18, 21-14 से हराया और अब उनका अगला मुकाबला मलेशिया के पैंग रॉन हू और सु यिन चेंग से होगा।

क्रैस्टो ने मंगलवार को अनुभवी अश्विनी पोनप्पा के साथ महिला युगल के दूसरे दौर में भी प्रवेश किया। इस जोड़ी ने थाईलैंड की ओर्निचा जोंगसथापोर्नपार्न और सुकिता सुवाचाई को 21-6, 21-14 से हराया और अब उनका सामना मलेशिया की पेई की गो और मेई जिंग तेओह से होगा।

हालांकि रोहन कपूर और रूथविका शिवानी गद्दे की अन्य भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी पहले दौर में इंग्लैंड के ग्रेगरी मायर्स और जेनी मायर्स से 9-21, 13-21 से हारकर बाहर हो गई। भारत के लिए दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रही। ओडिशा मास्टर्स 2023 के उपविजेता आयुष शेट्टी और किरण जॉर्ज दोनों अपने पुरुष एकल के शुरुआती दौर के मैच हार गए।

शेट्टी ने 19-21, 19-21 से हारने से पहले चीन के विश्व में नंबर एक खिलाड़ी शी यू क्यूई के सामने कड़ी चुनौती पेश की, जबकि किरण जॉर्ज कोरिया के जियोन ह्योक-जिन से 12-21, 10-21 से हार गए। महिला एकल में भी भारत के लिए यह अच्छी शुरुआत नहीं रही। रक्षिता श्री संतोष रामराज शुरुआती दौर में जापान की टोमोका मियाज़ाकी से 17-21, 19-21 से जबकि तान्या हेमंत थाईलैंड की रतचानोक इंतानोन से 14-21, 11-21 से हार गईं।

## रिहैब के दौरान डर का एहसास था, लेकिन मैं उस दौर से आगे निकल चुका हूं : शमी

**एजेंसी, कोलकाता**



भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने खुलासा किया है कि चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद जब उन्होंने रिहैबिलिटेशन शुरू किया तो वह डर की भावना से घिर गए थे, लेकिन राष्ट्रीय टीम में वापसी करने की दृढ़ इच्छाशक्ति से वह उस चरण से उबरने में कामयाब रहे।

शमी को नवंबर 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय विश्व कप फाइनल हारने के बाद टखने की चोट के कारण राष्ट्रीय टीम से बाहर होना पड़ा था। उन्हें इसकी सर्जरी करानी पड़ी। इसके बाद जब वह राष्ट्रीय टीम में वापसी करने के करीब थे तभी उनके बाएं घुटने में सूजन आ गई थी।

इस तेज गेंदबाज को अब चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। वह इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली पांच मैच की टी-20 सीरीज के लिए भी टीम में शामिल हैं। शमी ने बीसीसीआई द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, ''मैंने पूरे एक साल तक इंतजार किया और (पूरी फिटनेस हासिल करने के लिए) बहुत मेहनत की। रिहैबिलिटेशन के दौरान दौड़ते समय भी चोटिल होने का डर था।''

उन्होंने कहा, ''किसी भी खिलाड़ी के लिए जब वह टीम में वापसी करने के करीब हो तब चोटिल होना बहुत मुश्किल पैदा करता है। चोटिल होने पर फिर आपको रिहैबिलिटेशन के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी जाना पड़ता है और फिर वापसी करनी होती है।'' शमी ने हालांकि कहा कि चोट लगने के बाद कोई भी खिलाड़ी अधिक मजबूत बन जाता है।

## गेंदबाजों की आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार जसप्रीत बुमराह

**एजेंसी, दुबई**



भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह बुधवार को जारी ताजा आईसीसी रैंकिंग में नंबर एक टेस्ट गेंदबाज बने हुए हैं जबकि रवींद्र जडेजा ने भी हरफनमौला खिलाड़ियों के वर्ग में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5वें और अंतिम बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट से पहले जनवरी में 907 अंक के साथ अब तक की सर्वोच्च आईसीसी रैंकिंग रेटिंग दर्ज करके इतिहास रचने वाले भारतीय गेंदबाज बुमराह 908 अंक के साथ अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस (841) और दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा (837) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

पाकिस्तान के नोमान अली (761) मुल्तान में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में छह विकेट लेने के बाद शीर्ष-10 में पहुंच गए।

टेस्ट प्रारूप में शीर्ष-10 ऑलराउंडरों की सूची में कोई बदलाव नहीं हुआ, जिसमें जडेजा (400 रेटिंग अंक) शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। उनके बाद दक्षिण अफ्रीका के मार्को यानसेन (294) और बांग्लादेश के मेहदी हसन (263) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

## रणजी ट्रॉफी में लंबे समय बाद दिखेगी सितारों की परेड

**एजेंसी, मुंबई**




रणजी ट्रॉफी का दूसरा चरण जब गुरुवार से शुरू होगा तो उसमें लंबे समय बाद रोहित शर्मा और ऋषभ पंत जैसे स्टार खिलाड़ी खेलते हुए नजर आएंगे। बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया के निराशाजनक दौरे के बाद सख्त रवैया अपनाते हुए किसी भी खिलाड़ी के फिट होने की स्थिति में घरेलू क्रिकेट में खेलना अनिवार्य कर दिया है।

यही वजह है कि शीर्ष खिलाड़ियों ने रणजी ट्रॉफी में खेलने के लिए खुद को उपलब्ध रखा है। इनमें भारतीय कप्तान रोहित भी शामिल हैं जो लगभग एक दशक के बाद मौजूदा चैंपियन मुंबई की तरफ से रणजी ट्रॉफी में खेलेंगे।

पहली बार इस सत्र में रणजी ट्रॉफी को दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है। इस बीच सीमित ओवरों की दो सबसे बड़ी प्रतियोगिताओं सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी एक दिवसीय टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। रणजी ट्रॉफी के पहले चरण में सभी टीमों ने पांच-पांच मैच खेले थे।

दूसरे चरण में प्रत्येक टीम दो-दो मैच खेलेगी। इन मैच में केवल टीम ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के लिए भी काफी कुछ दांव पर लगा होगा जिन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज और फिर ऑस्ट्रेलिया में खराब प्रदर्शन के बाद स्पष्ट कह दिया गया कि वे घरेलू क्रिकेट को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं।

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली गर्दन में खिंचाव के कारण दिल्ली की तरफ से रणजी ट्रॉफी के अगले दौर में नहीं खेल पाएंगे लेकिन उन्होंने 30 जनवरी से शुरू होने वाले ग्रुप चरण के अंतिम दौर के मैच के लिए खुद को उपलब्ध रखा है।

रोहित हालांकि अजिंक्या रहाणे की कप्तानी में मुंबई की तरफ से खेलने के लिए तैयार हैं। मुंबई को अगले मैच में जम्मू-कश्मीर की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा जो अभी एलीट ग्रुप-ए में दूसरे स्थान पर है।

राजकोट में दिल्ली का सामना दो बार के विजेता सौराष्ट्र से होगा जिसमें ऋषभ पंत का सामना राष्ट्रीय टीम के अपने साथियों रविंद्र जडेजा और चेतेश्वर पुजारा से होगा।

पंजाब में गरुपसी में पांच मैच में अभी तक केवल एक जीत हासिल की है और वह 5वें स्थान पर है लेकिन जब उसकी टीम बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में कर्नाटक का सामना करेगी तो सभी की निगाहें भारतीय वनडे टीम के उप कप्तान शुभमन गिल पर टिकी रहेंगी।

पंजाब को इस मैच में अभिषेक शर्मा और अर्शदीप सिंह की कमी खलेगी जो इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए राष्ट्रीय टीम में शामिल हैं।

## लिली को 2-1 से हराकर चैंपियंस लीग के अंतिम-16 में पहुंचा लिवरपूल

**एजेंसी, लिवरपूल**



लिवरपूल ने अपने घरेलू मैदान पर लिली को 2-1 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के अंतिम-16 में अपनी जगह पक्की की, जबकि बार्सिलोना ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एक रोमांचक मैच में बेनफिका को 5-4 से हराया।

हार्वे इलियट ने विजयी गोल करके लिवरपूल को सात मैचों में 7वीं जीत दिलाई। इससे पहले मोहम्मद सलाह ने लिवरपूल की तरफ से 34वें मिनट में पहला गोल किया था, लेकिन लिली कनाडा के स्ट्राइकर जोनाथन डेविड के 62वें मिनट में किए गए गोल के दम पर बराबरी करने में सफल रहा था। लिली को अंतिम आधे घंटे का खेल 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। लिवरपूल को अंतिम-16 में जगह बनाने के लिए इस मैच में केवल एक अंक हासिल करने की जरूरत थी, लेकिन उसकी टीम ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए शानदार तरीके से अगले चरण में प्रवेश किया। बर्सिलोना ने 2-4 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके जीत हासिल की। उसकी तरफ से रफिन्हा ने इंजरी टाइम में विजयी गोल किया। इससे बार्सिलोना के सात मैच में 18 अंक हो गए हैं और वह लिवरपूल के बाद दूसरे स्थान पर है। लिवरपूल के 21 अंक हैं।

बेनफिका के वेंजेलिस पावलिडिस ने चैंपियंस लीग में तीसरी सबसे तेज हैट्रिक बनाई। उन्होंने दो गोल बार्सिलोना के गोलकीपर वोज्शिएक स्जेसनी की गलतियों का फायदा उठाकर किए।

रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने बार्सिलोना के लिए पेनल्टी पर दो गोल किए। वह नौ गोल के साथ चैंपियंस लीग के शीर्ष स्कोरर बने हुए हैं। रफिन्हा ने भी दो गोल किए।

स्पेन के एक अन्य क्लब एटलेटिको मैड्रिड ने जूलियन अल्वारेज के 90वें मिनट में किए गए विजयी गोल के दम पर बायर लीवरकुसेन को 2-1 से हराया। एटलेटिको मैड्रिड इस जीत से तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।

एक अन्य मैच में मोनाको ने एस्टन विला को 1-0 से हराया। इससे विला की अंतिम 16 में सीधे प्रवेश करने की उम्मीदों को झटका लगा है। अन्य मैचों में बोलोग्ना ने बोरूसिया डॉर्टमुंड को 2-1 से, अटलांटा ने ग्राज़ को 5-0 से और पीएसवी आइंडहोवन ने रेड स्टार को 3-2 से हराया। स्टटगार्ट ने स्लोवान ब्रातिस्लावा पर 3-1 से आसान जीत दर्ज की। क्लब ब्रुगे और युवेंटस का मैच 0-0 से ड्रा रहा।

